बिलासपुर, सोमवार, 13 अप्रैल 2026
कृष्ण पक्ष-एकादशी,
विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 01
पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, बिलासपुर,
भोपाल, जबलपुर व रांची
से एक साथ प्रकाशित

इंसान चाहता है कि उसे उड़ने के लिए पर मिले, पक्षियों की चाहत है कि उनको रहने को घर मिले...

दुर्ग/नवप्रदेश। इंसान अपनी ख्वाहिशों के आसमान में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख ढूंढता है। सपनों को छूने की बेचैनी उसे आगे बढ़ाती रहती है। वहीं पक्षी, जो सच में उड़ सकते हैं, वह सिर्फ एक छोटे से सुरक्षित घर की तलाश में भटकते हैं। इच्छाओं का यह फर्क हमें सिखाता है कि असली खुशी उड़ान में नहीं, बल्कि सुकून भरे घर और संतुलित जीवन में छिपी होती है। यह तस्वीर दुर्ग के टगड़ा बांध की है, जिसे पक्षियों ने अपना आश्रय स्थल बनाया है। सुबह की पावन बेला और टगड़ा बांध के मनोरम दृश्य को ये प्रवासी पक्षियां और भी लुभावना बना रहे हैं। दरअसल, यह 'लेसर व्हिस्लिंग डक' का एक बड़ा झुंड है, जो उथले जल स्रोतों के आसपास पाया जाता है। हल्के भूरे रंग के पंखों वाले इन पक्षियों के सिर का ऊपरी हिस्सा गहरे भूरे रंग का तथा पेट का निचला हिस्सा भूरा-लाल होता है। इनकी पीठ के पंखों के किनारे भूरे-लाल रंग के होते हैं। दिखने में बेहद प्यारे लगने वाले ये पक्षी हमारी बहुरंगी (विविध) प्रकृति का हिस्सा हैं और प्रकृति की विविधता का एक खूबसूरत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। प्रकृति के ऐसे अनमोल नज़ारे हमारे आसपास ही मौजूद हैं, लेकिन अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर इन्हें देख पाने का हमारे पास मानो समय ही नहीं है। दुर्ग के टगड़ा बांध के इस विहंगम दृश्य को ब्रिज से गुजरते हुए कैमरे में कैद किया।

● फोटो - यशवंत धोटे

आज बेबाक

सही बात है। नादान की दोस्ती जी का जंजाल होती है। ममता बनर्जी के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए जिस हुमायूं कबीर को शतरंज की बिसात का मोहरा बनाया गया था उसे दीदी ने पीटकर रख दिया। नतीजतन बड़े मियां और छोटे मियां की जोड़ी टूट गई। एक स्ट्रिंग आपरेशन से हुमायूं कबीर की कारगुजारी का पर्दाफाश कराकर दीदी ने अपने लिए ओवैसी से ज्यादा खतरनाक हुमायूं कबीर की वाट लगाकर उसकी खाट खड़ी कर दी। ऐसा कर के खिलाड़ियों की खिलाड़ी ममता बनर्जी ने साबित कर दिया है कि खेला करने में उनका कोई जवाब नहीं है।

● खबरों की मरम्मत
- पेज 12 पढ़े

रायपुर में पकड़ाया एक करोड़ किलो में बिकने वाला गांजा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 1 करोड़ प्रति किलो बिकने वाला गांजा पकड़ाया है। हाईप्रोफाइल कस्टमर की डिमांड पर दिल्ली से कुरियर के जरिए यहां 'ओशिएन ग्रोथ' गांजे की सप्लाई हो रही थी। पुलिस को शक होने पर रेड मारकर कार्रवाई की। आरोपी दिल्ली का रहने वाला है, जो शंकर नगर में किराए के मकान से रह रहा था, यहां गांजा मंगवाकर बेचता था। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। आरोपी रितिक पसरिचा (26) कटोरा तालाब में एक ग्राहक को जैसे ही गांजा देने पहुंचा पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से 114 ग्राम ओजी गांजा मिला।

पाकिस्तान में 21 घंटे चली शांति वार्ता रही बेनतीजा, ट्रम्प ने होर्मुज रास्ते से माइंस हटाने का किया था दावा

होर्मुज हमारे कंट्रोल में, टोल दो: ईरान

■ **दोनों देशों में होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर फंसा पेंच**

इस्लामाबाद (ए.)। अमेरिका-ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर बयानबाजी तेज हो गई है। ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा है कि यह स्ट्रेट ईरान के कंट्रोल में है। उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा। इससे पहले कल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया था कि अमेरिका इस रास्ते से बिछी बारूदी माइंस हटा रहा है। उन्होंने कहा था कि यह समुद्री रास्ता जल्द ही खुल जाएगा। अमेरिकी सेना ने भी दावा किया था कि उनके जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं। हालांकि कुछ देर बाद ही ईरान ने अमेरिका के इन दावों को गलत बताया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई सैन्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिकी डेलिगेशन की पूरी टीम पाकिस्तान से लौटी

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत खत्म होने के बाद अमेरिकी टीम का कोई भी सदस्य पाकिस्तान में नहीं रुका। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, टीम के सभी सदस्य, जिनमें स्पेशल प्रतिनिधि और तकनीकी टीम भी शामिल थी, बातचीत खत्म होने के बाद वापस चले गए। इससे साफ है कि फिलहाल बातचीत दोबारा तुरंत शुरू होने की संभावना नहीं है।

पिछले 24 घंटे में क्या हुआ जानिए

पाकिस्तान में बातचीत बेनतीजा

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद में ईरान के साथ बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। वेंस ने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा।

अमेरिकी अभियान शुरू:

अमेरिकी सेना के सेंटकॉम ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोत समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।

अभियान अभी खत्म नहीं: नेतन्याहू

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। उनका कहना है कि हमले इसलिए किए गए क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब था। हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नुकसान हुआ।

लेबनान में हमले जारी:

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, तुफाहता इलाके में हुए हमलों में 9 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

पुतिन ने ईरान से की बात, शांति के लिए मदद की पेशकश

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बेनतीजा रहने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बातचीत की। रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने कहा कि रूस मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को खत्म करने और शांति बहाल करने के लिए हर संभव मदद देने को तैयार है। रूस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पुतिन ने राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ते से इस समस्या का हल निकालने पर जोर दिया।

अमेरिका हमारा भरोसा जीतने में नाकाम रहा: ईरान

ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने इस्लामाबाद में हुई बातचीत खत्म होने के बाद अपना पहला आधिकारिक बयान जारी किया है। बातचीत में दूसरा पक्ष (अमेरिका) ईरानी प्रतिनिधियों का भरोसा जीतने में नाकाम रहा। गालिबाफ ने कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि ईरान की ओर से नीयत और इच्छा दोनों मौजूद हैं।

महिला आरक्षण बिल को लेकर बीजेपी एक्टिव, सांसदों को व्हिप

■ **16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा, महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र, प्रधानमंत्री ने पत्र लिखा**

नई दिल्ली/ए.। भाजपा ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री ने सभी दलों को चिट्ठी लिखी

पीमए मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है।

सर्वदलीय बैठक होनी चाहिए: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। खड़गे ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाए।

बस ने पिकअप को उड़ाया, 13 मौतें

■ **सड़क पर बिखरीं लाशें, बाइक सवार को रौंदकर भाग रहा था बस ड्राइवर**

कटिहार/ए.। बिहार के कटिहार में शनिवार देर शाम बस और पिकअप की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। मृतकों में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची है। इसमें 11 मृतक पूर्णिया जिले के रहने वाले थे, जबकि दो कटिहार के हैं। हादसे में 32 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा कटिहार के कोढ़ा ब्लॉक में हा-31 पर हुआ। बस से टक्कर के बाद लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। चश्मदीद ने बताया कि हादसे के वक्त ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी की स्पीड भी 100 से ज्यादा थी। बस ड्राइवर ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उमा भारती के लिए चेन पुलिंग कर पंजाब मेल रोकी

झांसी/ए.। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के लिए रविवार को झांसी में चेन पुलिंग कर पंजाब मेल रोकनी पड़ी। उमा भारती प्लेटफॉर्म पर पहुंचीं तो नई दिल्ली जाने वाली पंजाब मेल रवाना हो चुकी थी। ट्रेन आधा प्लेटफॉर्म छोड़ चुकी थी। उमा के समर्थकों ने तत्काल ट्रेन को रुकवाया। उन्हें ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच-1 में सवार होना था। लेकिन जब तक ट्रेन रुकी, कोच A-1 यार्ड में पहुंच चुका था।

हिंदू समाज में एकता की कमी: भागवत

■ **हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए आरएसएस बनाया था**

निजामाबाद/ए.। राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से आरएसएस की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे।

गरमा-गरम

देशभर में शोक: चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में भर्ती थीं, आज शाम 4 बजे होगा अंतिम संस्कार

खामोश हुई सुरों की जादुई आवाज, आशा भोसले का निधन

मुंबई (ए.)। सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

12,000 से ज्यादा गाने गाए

आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं।

सीएम साय ने जताया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुप्रसिद्ध गायिका पद्म विभूषण आशा भोसले के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अपनी मधुर, विलक्षण और हृदयस्पर्शी आवाज़ से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया और करोड़ों हृदयों में अमिट स्थान बनाया। उनका यह अद्वितीय योगदान युगों-युगों तक अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री साय ने मां वीणापाणि सरस्वती से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 57 दिन चलेगी, 28 अगस्त को होगी खत्म

■ **15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे**

श्रीनगर/ए.। अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे।

एलजी सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

एसआरआई में संलग्न कर्मियों को मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

उतई / नवप्रदेश। । नवीन शिक्षक संघ छ. ग. के प्रदेश सचिव गिरीश साहू के नेतृत्व मे संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर रिजर्व जनगणना कर्मी व एसआरआई मे संलग्न शिक्षकों व कर्मचारियों को मानदेय भुगतान करने, शिक्षकों की जनगणना कार्य हेतु स्थानीय स्तर पर लगाने व कार्य स्थल के बजाय दूसरे जगह एसआरआई कार्य मे संलग्न शिक्षकों को टीए /डीए देने की मांग को प्रमुखता से रखा नवीन शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने कहा है की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य जनगणना हेतु शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का ड्यूटी रिजर्व कर्मी के रूप संलग्न किया गया है लेकिन रिजर्व कर्मियों के मानदेय के संबंध मे कोई स्पष्ट दिशा -निर्देश नही है जिसके कारण रिजर्व मे संलग्न कर्मी के मन मे मानदेय को लेकर भ्रम की स्थिति है वही एसआईआर मे संलग्न कई शिक्षकों का अपने कार्य स्थल से दूर अन्य गांव/शहर मे ड्यूटी लगा दिया गया था जिसे टीए /डीए सहित मानदेय का भुगतान नही किया गया है इस संबंध मे प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को पहल कर जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों को मानदेय भुगतान हो सके रिजर्व जनगणना कर्मियों व एसआईआर मे संलग्न शिक्षकों को मानदेय भुगतान हेतु राज्य शासन स्तर पर मानदेय भुगतान हेतु दिशा -निर्देश जारी करना चाहिए।गिरीश साहू,संजीव मानिकपुरी,दुष्यन्त कुंभकार, बी प्रकाश,मनोज जोशी,दीपक साहू,आनंद पांडे,प्रकाश हिरवानी,रितेश जोशी, कमलेश्वर गंगवाल, टोमन लाल साहू, छबिलाल साहू, भूपेंद्र कुमार, सुधा बल्हारिया आदि प्रतिनिधिमंडल मे शामिल थे

नगर विकास का ऐतिहासिक बजट सभी वार्डों के लिए समान सुविधाएं

महासमुंद / नवप्रदेश। नगर पालिका के वार्ड 16 के पार्षद नीरज चंद्राकर ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक, विकासोन्मुख और सर्वजन हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीबों, बुजुर्गों और जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, साथ ही मुक्तिधाम निर्माण और अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी व कंडे की व्यवस्था जैसी संवेदनशील पहल शामिल है।उन्होंने बताया कि बजट में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की स्पष्ट रूपरेखा तैयार की गई है और सभी 30 वार्डों में समान रूप से सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट को पालिका सभाकक्ष में पक्ष-विपक्ष के सभी पार्षदों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसकी पूरे शहर में सराहना हो रही है। पार्षद चंद्राकर ने कहा कि अध्यक्ष साहू ने अपने कार्यकाल में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए विकास की नई मिसाल कायम की है। पिछले एक वर्ष में नगर क्षेत्र में कई बड़े विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपनी अनुभवी भूमिका के अनुरूप सकारात्मक सहयोग देना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि वे विरोध की राजनीति छोड़कर नगर विकास में भागीदारी निभाएं, जिससे जनता के बीच उनकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनी रहे।

महासमुंद से अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

महासमुंद / नवप्रदेश। क्षेत्र की धार्मिक आस्था और उत्साह का सुंदर नजारा उस समय देखने को मिला, जब जनपद परिसर से श्रद्धालुओं का एक जत्था भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में ÷जय श्रीराम÷ के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।जनप्रतिनिधियों ने भगवा ध्वज दिखाकर श्रद्धालुओं को शुभ यात्रा की कामना के साथ विदा किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने यात्रियों के सुरक्षित एवं मंगलमय दर्शन की कामना की।अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश में स्थित हिंदू आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां भगवान श्रीराम के जन्मस्थान के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्रीराम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल और पवित्र सरयू नदी के घाट शामिल हैं। श्रद्धालु यहां दर्शन के साथ-साथ सरयू नदी में स्नान और नौका विहार का भी आनंद लेते हैं।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, विजय लक्ष्मी जांगड़े, संतोष साहू, लोकेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, रामेश्वर पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं का यह जत्था उत्साह और श्रद्धा के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ, जहां वे भगवान श्रीराम के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने असम सीएम का फूंका पुतला

महासमुंद / नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में देशभर की तरह महासमुंद में भी तीव्र आक्रोश देखने को मिला।शहर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री सरमा का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जाहिर की।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा ने खड़गे के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है, जो न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि समाज के एक बड़े वर्ग की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला है। नेताओं ने इसे बेहद आपत्तिजनक बताते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही माफी नहीं मांगी गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया प्रोत्साहित

■ मोर गांव, मोर पानी अभियान की जानकारी देकर जल संरक्षण के लिए किया प्रोत्साहित

भाटापारा / नवप्रदेश। अपने भाटापारा प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामो का दौरा अंतर्गत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम खैरी (आर) में मिडिल स्कूल के प्रार्थना शेड में चौपाल लगाई। उन्होंने उपस्थित जल संचय वाहिनी, समूह क़ी महिलाएं एवं ग्रामीणों को वर्षा जल संचय हेतु जिले में चलाए जा रहे मोर गांव, मोर पानी अभियान क़ी जानकारी देते हुए जल संरक्षण के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण क़ी शपथ भी दिलाई। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि भूमिगत जल का लगातार दोहन से जल स्तर कम होते जा रहा है. जल स्तर को बनाए रखने के लिए वाटर रिचार्ज जरुरी है। वर्षा का पानी बहकर व्यर्थ नहीं होने देना है. इसके लिये घर, मोहल्ले गांव में पानी को संरक्षित करना है। घर क़ी छत से पानी को बचाने के लिये वाटर हार्वेस्टिंग य सोखता गड्ढा बनाएं, मोहल्ले में ढलान क्षेत्र के किनारे भी सोखता गड्ढा बना सकते हैं। उन्होंने खेत में भी पानी को संरक्षित करने के लिये कुल जमीन के 5 प्रतिशत भाग में एक डबरी निर्माण करने कहा ताकि वर्षा का जल उसमें संचित रहे और वाटर रिचार्ज होता रहे।उन्होंने खेत में डबरी निर्माण के लिये आवश्यक जानकारी और प्रक्रिया के लिये पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को गांव में किसानों को जानकारी देने कहा।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन धान क़ी खेती के बदले कम पानी खपत वाले फसल दलहन- तिलहन, सरसो क़ी खेती पर जोर देते हुए इसे लाभदायक भी बताया। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल विविधकरण अपनाना चाहिए, इससे अधिक फायदा मिलता है। इस दौरान उन्होंने गांव के पीडीएस दुकान में खाद्यन्न सामग्री क़ी उपलब्धता, नियमित समय पर खुलने, आंगनबड़ी केन्द्र व स्कूल के बारे में पूछ ताछ क़ी। इस दौरान लगभग 10 किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,एसडीएम श्यामा पटेल अन्य अधिकारी, जल संचय वाहिनी,समूह क़ी महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राही को गृह प्रवेश कराकर सौंपी चाबी

भाटापारा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भाटापारा तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्रामो के दौरे के क्रम में ग्राम खैरी (आर) में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही तीजमती को गृह प्रवेश कराया और आवास क़ी चाबी सौंपी। उन्होंने सुंदर आवास निर्माण के लिये बधाई दी। हितग्राही के द्वारा आवास के छत के आउट लेट पाइप के पास वर्षा जल संचयन हेतु सोखता गड्ढा निर्माण को देख कलेक्टर श्री शर्मा ने हितग्राही क़ी सराहना करते हुए उन्हें जागरूक दम्पति कहा। उन्होंने बताया कि जब बारिश होगी तो छत का पानी इस पाइप के द्वारा नीचे आएगा और इस गड्ढे में एकत्रित होगा। इससे छत का पानी बहकर व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि जमीन के अंदर जाकर रिचार्ज करेगा। उन्होंने सभी से अपने मकान के पास सोखता गड्ढा निर्माण हेतु अपील की। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से गिनती, एबीसीडी, फलो, जानवरों के नाम पूछे। कई बच्चों ने कविता भी सुनाई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों क़ी दर्ज संख्या, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को रेडी टू इट वितरण के सम्बन्ध में जानकारी ली।

हर महीने शासन को लाखों का नुकसान, फिर भी कार्रवाई नहीं

छुईखदान ब्लॉक में अवैध ईंट भट्टों का जाल

छुईखदान/नवप्रदेश।छुईखदान ब्लॉक सहित पूरे जिले में अवैध ईंट भट्टों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिना अनुमति संचालित भट्टों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इन अवैध भट्टों के कारण शासन को हर महीने लाखों रुपये की राजस्व हानि हो रही है। खनिज रायल्टी का बड़ा हिस्सा अवैध रूप से संचालित इस कारोबार में दब रहा है, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

छूट का दुरुपयोग, रसूखदार सक्रिय-बताया जा रहा है कि कुम्हार समाज को दी गई सीमित छूट का लाभ उठाकर कई रसूखदार लोग अवैध रूप से बड़े स्तर पर ईंट निर्माण कर रहे हैं और मोटी कमाई कर रहे हैं।खनिज विभाग के अनुसार, जिले में मिट्टी से ईंट बनाने वाले अधिकांश भट्टे अवैध रूप से संचालित हैं और लगभग 60 गांवों में यह कारोबार गैरकानूनी तरीके से चल रहा है।

इन अवैध गतिविधियों की

नियमों के बावजूद खुलेआम उल्लंघन

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मिट्टी से ईंट बनाने पर रोक के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन इसके बावजूद जिले में बड़े पैमाने पर लाल ईंट का निर्माण जारी है।पर्यावरण और खनिज विभाग की अनुमति के बिना संचालित इन भट्टों को बंद कराने का अधिकार खनिज विभाग के पास है, फिर भी विभाग की चुप्पी लोगों को हैरान कर रही है।

जानकारी माइनिंग विभाग के अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है। इसके बावजूद न तो मौके पर कार्रवाई हुई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब दिया गया।

स्थानीय पत्रकारों द्वारा संपर्क करने पर भी माइनिंग इंस्पेक्टर का फोन रिसीव नहीं किया गया, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले में चल रहे अवैध भट्ठों को लेकर खनिज विभाग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल रही है।

हर तरफ अवैध भट्टे, कार्रवाई शून्य

स्थानीय जानकारी के अनुसार, जिलेभर में बहुत से अवैध ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश भट्टे बिना किसी वैध अनुमति के चल रहे हैं, बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।छुईखदान ब्लॉक में तो स्थिति और गंभीर है, जहां चारों ओर अवैध भट्टों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है।

पर्यावरण पर भी खतरा

अवैध ईंट भट्टों से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण आसपास के गांवों के पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। खेती-किसानी पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।

सवालों के घेरे में जिम्मेदार विभाग

खनिज और राजस्व विभाग की लगातार अनदेखी के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभाग को पूरी जानकारी है, तो आखिर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?सख्त कार्रवाई की मांग-क्षेत्रवासियों और पत्रकारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छुईखदान ब्लॉक सहित पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाया जाए और अवैध ईंट भट्टों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है या यह अवैध कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा।

24 घंटे गूंजेगा हरे राम-हरे कृष्ण का जयघोष

बसना में अष्टप्रहरी हरिनाम यज्ञ संकीर्तन का शुभारंभ

महासमुंद / नवप्रदेश। बसना नगर के वार्ड क्रमांक 13 टिकरापारा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच अष्टप्रहरी श्री हरिनाम यज्ञ संकीर्तन का भव्य शुभारंभ हुआ। श्री राधा कृष्ण मानस समिति द्वारा आयोजित इस वार्षिक धार्मिक आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जो मां समलेश्वरी मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए कीर्तन स्थल तक पहुंची। इस दौरान ÷हरे राम, हरे कृष्ण÷ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।इस 24 घंटे चलने वाले हरिनाम संकीर्तन में क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लगातार उपस्थिति बनी हुई है, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राकेश डड़सेना एवं जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से शामिल हुए। सभापति श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और ÷हरे कृष्ण, हरे राम÷ महामंत्र का जाप मन को शांति प्रदान कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने इसे कलियुग में ईश्वर प्राप्ति का सरलतम माध्यम बताया।इस आयोजन में विभिन्न स्थानों से कुल 6 कीर्तन मंडलियां अपनी भक्ति प्रस्तुतियां दे रही हैं, जिनमें मां पीताम्बरी कीर्तन मंडली (बिटांगपाली), श्री श्री गौरीशंकर महिला संकीर्तन पार्टी (तामी मुंडा, ओडिशा) आदि शामिल है।

नपा बजट पर विपक्ष का हमला, काल्पनिक और जनविरोधी बताया

महासमुंद / नवप्रदेश। नगर पालिका के वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट को लेकर शहर की राजनीति गरमा गई है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल सहित कई पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने बजट को ÷काल्पनिक÷ बताते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में नए विकास कार्यों की बजाय पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के आंकड़ों को ही दोहराया गया है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को जानबूझकर बजट में शामिल नहीं किया गया, जबकि बीते वर्ष में 150 से अधिक गरीब परिवारों के आवास स्वीकृत होकर बन चुके हैं और कई निर्माणाधीन हैं। इस योजना के तहत करीब 375 लाख रुपए पालिका को प्राप्त हुए थे, इसके बावजूद इसे नजरअंदाज करना समझ से परे है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की एनयूएलएम (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) के तहत हर वर्ष मिलने वाली करोड़ों की राशि का भी बजट में उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के हितों की अनदेखी साफ झलकती है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि बजट में नगर पालिका के मूलभूत कार्यों, बिजली, सफाई और पेयजल-के लिए कोई ठोस और बड़ा प्रावधान नहीं किया गया है।

भाजपा का 'गांव-बस्ती चलो अभियान' कांग्रेस की नकल, जनता को गुमराह करने की कोशिश: चंद्राकर

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने भाजपा के 'गांव-बस्ती चलो अभियान' पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की सीधी नकल बताते हुए कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने के लिए दिखावटी कार्यक्रम चला रही है।

चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आम लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं, जबकि भाजपा केवल सीमित क्षेत्रों में कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का अभियान सिर्फ 50 गांवों तक सीमित है, जबकि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 175 से 200 से अधिक गांव हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोतरी, धान खरीदी में अनियमितता, सड़कों की खराब स्थिति, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह अभियान सुनियोजित तरीके से अपने कार्यकर्ताओं को एकत्र कर प्रचार करने का माध्यम मात्र है।

दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की नई किरण

गरियाबंद / नवप्रदेश। गरियाबंद से लगभग 40-45 किमी दूरी पर स्थित सुदूर वनांचल एवं पूर्व में नक्सल प्रभावित अंचल के ग्राम कमारभौंदी में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहली बार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई पहल देखने को मिली। जिला प्रशासन की टीम गांव पहुंची और आधुनिक तकनीक से लैस स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचाई गईं। शिविर में एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन जिसे कुछ दिन पहले राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को आबंटित किया गया है। इस मशीन की खासियत यह है कि यह बिना

बिजली वाले दुर्गम क्षेत्रों में भी बैटरी से संचालित हो सकती है। साथ ही इसमें बहुत कम रेडिएशन निकलता है और मरीजों को तुरंत जांच रिपोर्ट भी मिल जाती है। जिसे मरीज अपने मोबाईल, लैपटॉप या कम्प्यूटर के माध्यम से भी देख सकेंगे। इस आधुनिक तकनीक की मशीन से विशेष रूप से टीबी जैसी गंभीर बीमारी की पहचान बड़ी ही आसानी से की जा सकेगी।

कमारभौदी में जनसमस्या निवारण शिविर, 27 आवेदन मिले

■ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या मे रहे उपस्थित

गरियाबंद / नवप्रदेश। गरियाबंद विकासखण्ड के पूर्व में नक्सल से प्रभावित एवं अंतर्राज्यीय सीमा से लगे दुर्गम वनांचल ग्राम कमारभौदी में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। काफी समय बाद जिला प्रशासन की पूरी टीम एक साथ वहाँ पहुंची थी। जिसे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शिविर में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी मांगे एवं समस्याएं को लेकर आवेदन प्रशासन के समक्ष रखीं।

शिविर में सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान कलेक्टर एसपी ने भी स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पहुंचकर बीपी, शुगर की जांच कराई। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी, अस्पताल, पेयजल, पुल-पुलिया, स्टाफ डैम, हैण्डपंप, सामुदायिक भवन, नलजल, आवास सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन को आवेदन सौंपा। इस पर विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से परीक्षण कर पात्रतानुसार निराकरण किया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आज मांग एवं समस्याओं से संबंधित 27 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 22 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। इसके अलावा 5 आवेदन के प्रकरण को शासन स्तर पर निराकरण के लिए भेजा जाएगा। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न हितग्राहियों को पात्रतानुसार छड़ी वितरण, जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया।

उतई कांड से बवाल: यह अमानवीय और निंदनीय कृत्य, समाज के लिए शर्मनाक

उतई पीड़ित परिवार से मिले जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर

■ शराब नेटवर्क, आरोपी के साथ-साथ थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों पर कभी भी गिर सकती है गाज

उतई / नवप्रदेश। जिले के दुर्ग ग्रामीण विधानसभा एवं विधायक ललित चंद्राकर के विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत उतई थाना क्षेत्र में पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य दुष्कर्म की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यह अमानवीय और निंदनीय कृत्य न केवल समाज के लिए शर्मनाक है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। हालांकि बच्ची को समय रहते सुरक्षित बचा लिया गया है और वह वर्तमान में सुरक्षित है, फिर भी इस घटना ने लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दुःख साझा किया और हरसंभव सहयोग एवं शीघ्र न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस कठिन समय में वह पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

इसके पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल थाना उतई पहुंचा, जहां पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने की बात कही गई, ताकि समाज में कड़ा संदेश जा सके।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस घटना के पीछे क्षेत्र में खुलेआम चल रहे अवैध शराब के कारोबार को भी एक बड़ा कारण बताया। उन्होंने एडिशनल एसपी श्री मणिशंकर चंद्रा से मुलाकात कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ अवैध शराब के कारोबार को संरक्षण देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस दौरान श्री ठाकुर ने वैशाली नगर विधायक श्री रिकेश सेन पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व में हुई दुष्कर्म की घटनाओं में बड़े-बड़े वादे किए गए थे, जिनमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता लाकर न्याय दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पाया। यह स्थिति भाजपा नेताओं की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करती है।

कलेक्टर-एसपी ने स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ केंद्र का किया निरीक्षण

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके एवं पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर आज गरियाबंद विकासखण्ड के कई शासकीय संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागाबुड़ा एवं पीपरछेड़ी के निरीक्षण के दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने पर काफी फटकार लगाते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन के समय बच्चों को स्कूल आने की आदत लगाना चाहिए ताकि वे आगामी शिक्षा सत्र में नियमित रूप से आ सके और उनका मन पढ़ाई में लगा रहे। लेकिन नागाबुड़ा एवं पीपरछेड़ी के स्कूल में प्राचार्यों को ऐसा नहीं करने पर शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरछेड़ी में अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

2025-26 में रिकॉर्ड 6 हजार किलोमीटर रेलवे विस्तार को मिली मंजूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के अंतिम छोर को जोड़कर और सबसे गरीब तथा वंचित क्षेत्रों की सेवा करते हुए, भारतीय रेल, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एक परिवर्तनकारी विस्तार कर रही है। समावेशी विकास और राष्ट्रीय एकीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए, वित्त वर्ष 2025-26 में नई लाइनों, दोहरीकरण, मल्टी-ट्रैकिंग और अन्य कार्यों से जुड़ी 100 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

यह अभूतपूर्व प्रयास बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से विविध राष्ट्र को एकजुट करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही एक उच्च-क्षमता वाले और भविष्य के

लिए तैयार नेटवर्क की नींव भी रख रहा है। इन परियोजनाओं में कुल 1.53 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो 6,000 किलोमीटर से अधिक के रेलवे नेटवर्क को कवर करता है। यह रेलवे विस्तार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में, जहाँ 72,869 करोड़ रुपये की लागत वाली 64 परियोजनाओं (2,800 किलोमीटर से अधिक) को मंजूरी दी गई थी, इस बार परियोजना की स्वीकृतियों में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, रूट कवरेज में 114 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है और वित्तीय प्रतिबद्धता में 110 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

योजना में नई लाइनें दोहरीकरण शामिल

मंजूर की गई 100 परियोजनाओं में नई लाइनें, दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग के काम, साथ ही बाईपास लाइनें, फ्लाईओवर और कॉर्ड लाइनें शामिल हैं। इनका रणनीतिक उद्देश्य भीड़भाड़ वाले मार्गों को खाली करना, समय की पाबंदी में सुधार करना और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है, साथ ही उन क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी का विस्तार करना है जहाँ अभी तक पर्याप्त सुविधाएँ नहीं पहुँची हैं। इन पहलों से पूरे नेटवर्क में परिचालन दक्षता में काफी सुधार होने और यात्रा के समय में कमी आने की उम्मीद है।

परियोजनाएं बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन को समक्ष बना रही

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, ये परियोजनाएं केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को सक्षम बनाती हैं। जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर मुख्य ध्यान दिया गया है। छत्तीसगढ़ में रावघाट-जगदलपुर लाइन जैसी ऐतिहासिक पहल और झारखंड एवं ओडिशा में कई अन्य गलियारे, बाजारों, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे, जिससे वंचित आबादी को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में लाया जा सकेगा। आर्थिक नजरिए से, यह विस्तार बड़े पैमाने पर और परिवर्तनकारी निवेश की दिशा में एक निर्णायक बदलाव को दर्शाता है। 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 35 से ज्यादा परियोजनाएं कॉरिडोर-स्तर के अपग्रेड की आधारशिला हैं। प्रमुख परियोजनाओं में लगभग 10,150 करोड़ रुपये की लागत से कसारा-मनमाड तीसरी और चौथी लाइन (131 किमी), 8,740 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा 5वीं और 6वीं लाइन (278 किमी), 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इटारसी-नागपुर चौथी लाइन (297 किमी) और 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सिकंदराबाद (सनतनगर)-वाडी तीसरी और चौथी लाइन (173 किमी) शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा गाड़ी संख्या 07005/07006 चर्लपल्ली-रक्सौल-चर्लपल्ली के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 08-08 फेरों का विस्तार किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद अब 07005 चर्लपल्ली-रक्सौल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 31 मई तक (प्रत्येक रविवार को) चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में 07006 रक्सौल-चर्लपल्ली साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन अब 15 अप्रैल से 3 जून तक (प्रत्येक बुधवार को) चलेगी। इस समर स्पेशल ट्रेन में 3 एसी-टू टियर, 05 एसी-थ्री टियर,10 स्लीपर, 04 सामान्य, 02 एसएलआर सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

16 वारंटी गिरफ्तार, 3 स्थायी वारंटी भी शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में वारंट तामील, अवैध शराब बिक्री और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीपत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 16 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इनमें 3 स्थाई वारंटी और 13 गिरफ्तारी वारंट के आरोपी शामिल हैं, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए सीपत पुलिस के इस विशेष अभियान में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। स्थाई वारंटी में अजीत राम खांडे (70) निवासी नवगांव, रामकुमार पोर्ते (45) निवासी बिटकुला, अवध राम मरावी निवासी ग्राम सोंठी। वही गिरफ्तार किए गए अन्य वारंटी आरोपीयों में आशीष बर्मन (28) निवासी सीपत,गुलशन पैगोर उर्फ मालिकराम (25) निवासी सीपत,विशाल वर्मा (20) निवासी सीपत,परमेश्वर यादव (40) निवासी नरगोडा, रामचरण रात्रे (35) निवासी धनिया, विनय वस्त्रकार (29) निवासी सीपत,संजोग कुमार वस्त्रकार (32) निवासी धनिया, बालचंद भोई (27) निवासी सीपत, शंकर सिदार (21) निवासी सीपत,दीपक उर्फ रूरू वर्मा (22) निवासी बाजारपारा सीपत,राहुल कुमार सक्सेना (30) निवासी सीपत, संतोष महंत (42) निवासी खांडा एवं मेलाराम शिकारी (45) निवासी मटियारी शामिल है। इस पूरी कार्रवाई में सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा की सक्रिय नेतृत्व क्षमता और सख्त कार्यशैली साफ नजर आई। वे लगातार क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर सजग रहते हैं और टीम के साथ मैदान में उतरकर खुद मॉनिटरिंग करते हैं। उनकी कार्यशैली तेज, अनुशासित और परिणाम केंद्रित मानी जाती है, जिसके चलते फरार वारंटियों की धरपकड़ में लगातार सफलता मिल रही है।

एसईसीएल में सम्पन्न हुआ कोल इंडिया का तृतीय एचआर, आईआर कॉन्क्लेव 'उत्कर्ष 2026'

दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर प्रयास सफलता की आधारशिलाः गोपीचंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), बिलासपुर द्वारा आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड का तृतीय एचआर, आईआर कॉन्क्लेव 'उत्कर्ष 2026' दिनांक 10-11 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय विचार-विमर्श के पश्चात सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के कॉन्क्लेव में कोल सेक्टर में मानव संसाधन (एचआर) एवं औद्योगिक संबंध (आईआर) के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की गई।

शापिंग माईंड, स्ट्रेजिथिंग माईंस, इनोवेट ईएण्डसेल, राईस थीम पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में कोल इंडिया एवं उसकी सहायक कंपनियों के 100 से अधिक एचआर अधिकारियों के साथ-साथ देशभर से आए उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं विचारकों ने भाग लिया। समापन दिवस पर भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पोलेला गोपीचंद के साथ एक अत्यंत प्रेरक फायरशेड आयोजित किया गया। उन्होंने खेल और संगठनात्मक उत्कृष्टता के बीच समानताएं स्थापित करते हुए दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा, 'आपको सफलता तब नहीं मिलती जब आप चाहते हैं, बल्कि तब मिलती है जब आप उसके योग्य बन जाते हैं,' और इस बात पर बल दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास ही वास्तविक उत्कृष्टता की पहचान है। इस सत्र का संचालन एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास द्वारा किया गया। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन चेंज एडाप्शन, माइ टू माईंड ट्रांसफार्मेशन, फ्यूचर एचआर लैंडस्केप स्ट्रेजिक वर्कफोर्स प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें संगठनात्मक परिवर्तन में एचआर की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया गया। इससे पूर्व, कॉन्क्लेव का उद्घाटन 10 अप्रैल को कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। उन्होंने रेफार्म, पेरफार्म, ट्रांसफार्म की दिशा में मानव संसाधन की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। अपने स्वागत उद्बोधन में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने पीपुल-सेंट्रिक कल्चर को बढ़ावा देने तथा कर्मचारियों के सतत विकास एवं कल्याण पर बल दिया।

कान्सेप्ट पेपर्स व नवाचारपूर्ण एचआर पहलों का प्रदर्शन

कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) डॉ. विनय रंजन ने अपने मुख्य भाषण फार्म माईंड टू माइन द एचआर शिफ्ट मीनिंग ईएण्ड क्लेंस में एचआर की बदलती भूमिका को उत्पादकता, नवाचार एवं संगठनात्मक परिवर्तन के प्रमुख चालक के रूप में प्रस्तुत किया। दोनों दिनों में आयोजित सत्रों में प्रतिष्ठित सीएचआरओएस, एचआर विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने नेतृत्व में विश्वास निर्माण, एचआर के माध्यम से मूल्य सृजन, एचआर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जिम्मेदार उपयोग तथा भविष्य के कार्यस्थल के लिए सामाजिक संवाद को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विचार साझा किए। कॉन्क्लेव के दौरान कोल इंडिया एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एचआर पहलों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु एक विशेष प्रदर्शनी स्टॉल का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें विभिन्न सहायक कंपनियों की नवाचारपूर्ण एवं कर्मचारी-केंद्रित पहलें प्रदर्शित की गईं। 'उत्कर्ष 2026' की एक विशेष उपलब्धि विभिन्न सहायक कंपनियों द्वारा प्रस्तुत कान्सेप्ट पेपर्स एवं नवाचारपूर्ण एचआर पहलों का प्रदर्शन रहा, जिसने आपसी सीख एवं श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया। कॉन्क्लेव का समापन प्रतिभागियों के इस संकल्प के साथ हुआ कि वे एचआर प्रणालियों को और अधिक सुदृढ़ करेंगे, विश्वास एवं प्रदर्शन आधारित कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देंगे तथा कोल इंडिया के सतत एवं कुशल खनन के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप मानव संसाधन रणनीतियों को संरेखित करेंगे।

सेजेस पंधी में प्रवेश शुरु

सीपत/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया है कि नवीन सत्र 2026 - 27 हेतु सेजेस पंधी में 10 अप्रैल से 5 मई तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, छात्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शिक्षा उपलब्ध होगा, पंधी विद्यालय में कक्षा 1 ली से 10 वी तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं, वहीं कक्षा 1 ली से 8 वी तक नि:शुल्क शिक्षा और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की सुविधा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट क्लास और स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था की गई है, साथ ही समृद्ध पुस्तकालय मुस्कान , पूर्ण विकसित कंप्यूटर कक्ष, तथा जीव विज्ञान, भौतिक एवं रसायन विषयों की पृथक प्रयोगशाला कक्ष विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान कर रही हैं। जिले में शाला का 10 वी व 12 वी का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर एवं टूरिज्म जैसे कोर्स भी संचालित हैं, कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्रों के लिए वृहद खेल परिसर उपलब्ध है। विद्यालय का वातावरण स्वच्छ एवं इको-फ्रेंडली है, जहां इको क्लब और किचन गार्डन पूर्व से संचालित की जा रही हैं। विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, खेल सामग्री, स्काउट-गाइड, छात्र परिषद एवं यूथ क्लब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां, महापुरुषों की जयंती और त्योहारों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। 9 वी प्रवेश की छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय परिसर को तंबाकू निषेधित क्षेत्र घोषित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। शाला में सभी विषय के दक्ष एवं प्रशिक्षित शिक्षक है, जो छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भूमिका देते है।

लॉटरी सिस्टम से हुआ नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव

पराजित उम्मीदवार ने हाई कोर्ट में दी चुनौती, कोर्ट ने खारिज की याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2021 में हुए नगर पालिका बैकुंठपुर के चुनाव में दो उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त हुए थे। इसके बाद दोनों उम्मीदवारों के अलावा सभी पार्षदों की सहमति से लॉटरी सिस्टम से नपाध्यक्ष का चयन किया गया। इसमें भाजपा की नविता शैलेष शिवहरे विजयी हुई थीं।

लॉटरी सिस्टम से पराजित उम्मीदवार ने इसके विरुद्ध जिला न्यायालय में वाद पेश किया था की मामले की सुनवाई के बाद मई 2025 को जिला न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। जिला कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील प्रस्तुत की। याचिका की सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपील को खारिज कर दिया। छत्तीसगढ़ कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर की नगरपालिका परिषद का आम चुनाव दिसंबर 2021 में संपन्न हुआ था। चुनाव अधिकारी ने विजयी पार्षदों की उपस्थिति में 1 जनवरी 2022 को नपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया। नपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से नविता शिवहरे और कांग्रेस से साधना जायसवाल के बीच सीधा मुकाबला था। दोनों उम्मीदवार को बराबर वोट प्राप्त होने पर दोनों प्रत्याशी और सभी पार्षदों की सहमति से लॉटरी सिस्टम से निर्णय लिया गया। इसमें भाजपा की नविता शैलेश शिवहरे को नपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया था। चुनाव की पूरी प्रक्रिया में पूर्ण सहमति देने, अपना हस्ताक्षर करने के बाद पराजित उम्मीदवार साधना जायसवाल ने कोर्ट का रुख किया।

बंगाल में भाजपा की जीत तयः चन्द्रप्रकाश सूर्या

अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री चुनावी सभा, बैठक व डोर टू डोर कर रहे जनसंपर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ से भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस समय बंगाल में कमल खिलाने पसीना बहा रहे है।

आज पश्चिम बंगाल के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 183 जगतबल्लभपुर विधानसभा में प्रत्याशी अनुपम घोष को विजय बनाने राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा लाल सिंह आर्य विशेष रूप से बैठक में शामिल हुए उन्होंने सभा को संबोधित किया एवं सभी प्रवासियों को जीत का मंत्र के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्र सरकार बंगाल चुनाव जीतने के पश्चात किन-किन

योजनाओं का फायदा बंगाल के लोगों को मिलेगा इस पर भी प्रकाश डाला, बंगाल की जीत के साथ ही हमारे मेन्यूफेस्टो को शत प्रतिशत लागू किया जाएगा, चुनावी सभा, बैठक और डोर टू डोर जनसंपर्क का भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। बंगल में कमल खिलाने छत्तीसगढ़ से गये भाजपा कार्यकर्ता एक और जहां दिन को घर घर जाकर जनसंपर्क कर है। वही रात को बैठक लेकर अगले दिन की रणनीति बना रहे है। प्रदेश अध्यक्ष डा. सनम जांगड़े व प्रदेश महामंत्री चन्द्र प्रकाश सूर्या पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने के लिए पसीना बहा रहे है। शनिवार को बंगाल के जगतबल्लभपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी अनुपम घोष के लिए माहौल बनाया। और भाजपा प्रत्याशी अनुपम घोष को विजय बनाने की अपील जनता से की। इस दौरान सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन का उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश की जनता के लिए किए गये कामों को भी जनता के समक्ष रखा। कि किसी प्रकार जिन जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है। वही कि जनता को भाजपा द्वारा दी जारी सुविधाओं की जानकारी वहां की जनता को दी। दूरभाष पर चर्चा करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चन्द्र प्रकाश सूर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश व नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बंगला में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने पसीना बहा रहे है। और जिस प्रकार बंगाल में माहौल दिख रहा है। इस बार बंगाल में भाजपा का कमल खिलेगा। यहां की जनता नरेन्द्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यो को सराह रही है। और बंगाल की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार बंगाल में कमल खिलाना है। इस बार बंगला की जनता बदलाव के मूड में नजर आ रही है। और इस बार बंगाल में कमल खिलेगा।

विरोधः हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार और अलायंस एयर की लापरवाही को दोषी ठहराया

बिलासपुर एयरपोर्ट से 15 दिनों बाद उड़ान रहेगी या नहीं, लोग रायपुर से करा रहे बुकिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार और अलायंस एयर कंपनी से यह मांग की है कि वह बिलासपुर से चलने वाली उड़ानों के बारे में असमंजस की स्थिति को समाप्त करें और पूरा गर्मी का सीजन सितंबर माह तक का समर शेड्यूल एक साथ जारी करें। गौरतलब है कि 28 मार्च को विंटर शेड्यूल समाप्त होने के बाद एलाइंस एयर के द्वारा पहले 15 अप्रैल तक और अब 16 अप्रैल से 30 अप्रैल का फ्लाइट शेड्यूल जारी किया गया है। 16 अप्रैल से लागू शेड्यूल 11 अप्रैल की रात को जारी हुआ है अब अगर इन चार-पांच दिनों में उड़ान में यात्रियों की संख्या कम होगी तो यह कहा जाएगा कि

बिलासपुर से यात्री नहीं मिलते जबकि सच्चाई यह है कि लोग कम से कम 8- 10 दिन पहले फ्लाइट टिकट बुक कर लेते हैं। केवल अचानक जाने वाले लोग ही आखिरी तीन-चार दिन में बुकिंग करते हैं। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इस स्थिति के लिए राज्य सरकार के स्तर पर और अलायंस एयर के स्तर पर लापरवाही को दोषी ठहराया है क्योंकि राज्य सरकार एयरलाइन को सब्सिडी दे रही है । अत: रूटों का निर्धारण, चलने वाली उड़ानों की संख्या का निर्धारण आदि में राज्य सरकार की भूमिका होती है। यह कार्य 6-6 महीने के एडहॉक तरीके से किया जा रहा है जबकि केंद्र सरकार ने अपनी सब्सिडी योजना में 3 साल की समय सीमा रखी थी। समिति ने मांग की की राज्य सरकार भी कम से कम 3 साल के लिए एयरलाइन से अनुबंध करे और किसी भी रूट पर लगातार विश्वसनीय तरीके से उड़ानें संचालित हो। समिति ने यह मांग की है कि ओपन टेंडर के माध्यम से विभिन्न एयरलाइंस कंपनी को बुलाकर 3 साल अलग-अलग सेक्टर में उड़ानों को संचालित करने के लिए आमंत्रित किया जाए। ऐसा होने पर हर महीने होने वाला या असमंजस समाप्त होगा और यात्रियों में भरोसा जाएगा के लंबे समय तक बिलासपुर से हवाई उड़ान मिलने वाली है और यात्री बिलासपुर से हवाई यात्रा करना पसंद करेंगे। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा। धरने में बद्री यादव, अनिल गुलहरे, रवि बनर्जी, डॉक्टर प्रदीप राही, ऋषि राज गौतम, रामशरण यादव, परसराम केवट, चंदन केवट, समीर अहमद बबला, शिरीष कश्यप, चित्रकांत श्रीवास, संतोष पीपलवा, महेश दुबे टाटा, प्रतीक तिवारी, मनोज तिवारी, संदीप बाजपेई, प्रकाश बहरानी, विभूतिभूषण गौतम, रमाशंकर बघेल, मजहर खान, अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

सुविचार

जीवन के रण में खुद ही कृष्ण और खुद ही अर्जुन बनना पड़ता है। अपना ही सारथी बनकर जिंदगी की महाभारत में लड़ना पड़ता है।

बंगाल में नया सियासी बवाल

वैसे तो बंगाल और बवाल में चोली दामन का साथ है। हर चुनाव के दौरान वहां न सिर्फ बवाल मचता है बल्कि हिंसका की आग में भी बंगाल झुलसता है। इस बार भी बंगाल में दो चरणों में होने जा रहे मतदान के पहले से ही बंगाल में जगह जगह बवाल मचने की खबरे आती रही हैं लेकिन पहले चरण के चुनाव के ठीक पहले वहां नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है। कभी ममता बनर्जी के साथी रहे हुमांयू कबीर ने टीमएसी से नाता तोड़कर अपनी एक नई पार्टी बना ली और बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रख कर वे बंगाल के मुस्लिम समुदाय के बीच लोकप्रिय हो गये। यही नहीं बल्कि हुमांयू कबीर ने एआईएमआईएम से गठबंधन भी कर लिया और इन दोनों पार्टियों ने मिलकर बंगाल की मुस्लिम बहुल 112 सीटों से चुनाव लड़ने का ऐलान कर लिया। असदुद्दीन ओवैसी ने भी बंगाल में जाकर मोर्चा संभाल लिया। यह नया गठबंधन ममता बनर्जी के लिए खतरे की घंटी बन बन गया था। गौरतलब है कि बंगाल की 294 सीटों में 112 सीटें मुस्लिम बहुल हैं जिनमें से टीएमसी ने पिछले विधानसभा चुनाव में 106 सीटें हासिल की थी। यह मुस्लिम वोट बैंक ही ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत है। बंगाल के 30 प्रतिशत मुस्लिम वोटों पर ममता बनर्जी का एकाधिकार रहा है और इनती बदौलत ही वे लगातार तीन बार अपनी सरकार बनाती रही हैं। किन्तु इस बार हुमांयू कबीर और ओवैसी की जोड़ी ने उनकी नींद उडा दी थी और उन्हें अपने वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा डराने लगा था। नतीजतन खेला करने में माहिर दीदी ने अपने लिए खतरा बन रही बड़े मियां और छोटे मियां की जोड़ी को तोड़ने के लिए बड़ा खेल कर दिया था। उन्हें ओवैसी से ज्यादा हुमांयू कबीर से खतरा था इसलिए उन्होंने एक कथित स्टिंग आपरेशन का खुलासा करवा कर हुमांयू कबीर के सारे कसबल ढीले कर दिये। वैसे तो यह स्टिंग भी संदिग्ध है क्योंकि इस तरह के स्टिंग कोई मीडिया संस्थान करता है किन्तु हुमांयू कबीर के खिलाफ किसने स्टिंग किया और कब किया यह स्पष्ट नहीं है। यही वजह है कि हुमांयू कबीर इसे एआईए का कमाल बताकर इससे पीछे छूड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। किन्तु हुमांयू कबीर के इस तरह वारयल हो जाने से ममता बनर्जी का उद्देश्य तो पूरा हो गया क्योंकि असदुद्दीन ओवैसी ने हुमांयू कबीर से अपना गठबंधन तोड़ लिया। ओवैसी अपने ऊपर कोई बदनामी का दाग नहीं देखना चाहते क्योंकि पहले ही उनपर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगता रहा है। ऐसे में उन्होंने हुमांयू कबीर से नाता तोड़कर उन्होंने सही कदम उठाया है। बहरहाल इस गठबंधन के टूटने से बंगाल में नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है और टीएमसी के नेता हुमांयू कबीर पर भाजपा के हाथों एक हजार करोड़ रूपये में बिकने का आरोप लगाकर अपने मुस्लिम वोट बैंक को टीएमसी के पाले में लाने की कवायद शुरू कर दी है। इसमें वह कितने सफल होते हैं यह तो चुनावी नतीजे ही बेहतर बताएंगे क्योंकि यह बात बंगाल में किसी के गले नहीं उतर रही है कि भाजपा मुस्लिम वोटों का सौदा करने के लिए हुमांयू कबीर को 1000 करोड़ रूपये का प्रलोभन देगी। भाजपा को पता है कि बंगाल ही नहीं देश के किसी भी राज्य में मुस्लिमों के वोट मिलते ही नहीं है। मुस्लिम वोट उस पार्टी को जाते हैं जो भाजपा को हराने में सक्षम होते हैं। ऐसे में टीएमसी के इस दुष्प्रचार से हुमांयू कबीर और असदुद्दीन ओवैसी को कोई बहुत बड़ा नुकसान पहुंचेगा इसकी संभावना कम ही है किन्तु ओवैसी और हुमांयू कबीर का गठबंधन तोड़ने से निश्चित रूप से ममता बनर्जी को लाभ मिल सकता है। अब मुस्लिम वोट भ्रम का शिकार होकर बड़ी संख्या में टीएमसी की ओर बढ़ सकते हैं। किन्तु बंगाल के 3 मुस्लिम बहुल जिलों मालदा, मुर्शीदाबाद और मीदनापुर में हुमांयू कबीर का अच्छा खासा प्रभाव है। ऐसे में वहां ममता बनर्जी की सीटें कम हो सकती है और वे पिछले विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल क्षत्रों से जो 106 सीटें जीतने में सफल हुई थी उसकी संख्या अच्छी खासी कम हो सकती है। बहरहाल ममता बनर्जी ने खेला करके पहले के मुकाबले अपनी स्थिति बेहतर कर ली है। इसमें कोई दो मत नहीं है। अब भाजपा को यदि बंगाल में ममता बनर्जी की चुनौती से निपटना है और बंगाल में कमल खिलाकर अपने बहु प्रतिक्षित सपने को साकार करना है तो उसे और दुगनी ताकत से मुकाबले में उतरना होगा। अन्यथा मुस्लिम वोटों को ध्रुवीकरण करके ममता बनर्जी इस बार भी खेला करने में सफल हो जायें तो हैरत नहीं होगी।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

- हम सुखी हो जाए यह प्रेम नहीं, काम है; मेरे प्रियतम सुखी हो जाए, यह प्रेम है।
- जहाँ से आप के चित्त में विचलन की संभावना हो, जहाँ से आप का चित्त पागल होने के लिए अब आगे बढ़ रहा हो बस वहीं पर सोच को स्टॉप कर दीजिए और किसी धनात्मक सोच को लेकर आगे बढ़िए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1919 - जालियाँवाला बाग़ हत्याकांड। अँग्रेज़ और गोरखा सैनिकों द्वारा निहत्थी भीड़ पर की गई अंधाधुंध गोलीबारी में चार सौ लोग मारे गए। पेरिस में शान्ति सम्मेलन का उद्घाटन, बेनिटो मुसोलिनी द्वारा इटैलियन फ़ासिस्ट पार्टी की स्थापना। 1994 - नई दिल्ली में एस्केप का स्वर्ण जयंती सत्र सम्पन्न, विश्व भर के बच्चों के शोषण से संघर्ष हेतु 112 नोबेल पुरस्कार विजेताओं द्वारा 'चाइल्ड राइट वर्ल्डसाइट' संगठन का गठन। 2001 - विमान चालकों के लौटने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका का चीन के प्रति रुख़ सख्त। 2002 - शांति के प्रति एलटीटीई प्रमुख वी. प्रभाकरण की प्रतिबद्धता का संयुक्त राज्य अमेरिका ने स्वागत किया। 2003 - एल.टी.टी.ई. ने टोकियो सहायता सम्मेलन का बहिष्कार किया। 2004 - एन्टीगुआ में ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के विरुद्ध खेलते हुए 400 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। 2005 - विश्वनाथन आनन्द चौथी बार 'विश्व शतरंज चैम्पियन' बने। 2007 - भारत-रूस कूटनीतिक सम्बन्ध के 60 वर्ष पूरे हुए।

सत्ता में महिलाओं के प्रभुत्व की तैयारी से विचलित पार्टियां और नेता

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रणनीति के तहत संसद और विधायिकाओं में महिलाओं के प्रभुत्व यानी 33 प्रतिशत अनिवार्य भागेदारी का निर्णायक फैसला पेश कर दिया। संसद से विधान सभाओं तक सीधे न सही कुछ न कुछ बहानों तर्कों क़ानूनी दांव पेंचों से कुछ राजनीतिक पार्टियां और उनके नेता नए कानून को पारित कराने और लागू करने में अड़ंगे लगाएंगे। संसद में मोदी सरकार यानी भाजपा गठबंधन के पास पर्याप्त गठबंधन है। अप्रैल में संसद से पारित होने के बाद भाजपा गठबंधन वाले 19 राज्यों की विधान सभाओं में भी उसके पास बहुमत है।



आलोक मेहता

संवैधानिक रुप से 28 राज्यों में से पचास प्रतिशत में पारित होने पर नया कानून लागू हो सकता है। यह विश्व के लोकतान्त्रिक इतिहास का नया स्वर्णिम अध्याय होगा। संविधान निर्माण के समय भी यह विचार सामने आया था कि अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण की तरह विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण हो। फिर एक महिला स्वतंत्रता सेनानी ने ही इस प्रस्ताव से असहमति व्यक्त इस आधार पर की कि इसका अर्थ यह न हो कि हमने सत्ता के लिए आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। इस तरह संविधान में प्रावधान नहीं हुआ। लगभग।0 वर्षों तक इस मुद्दे पर चर्चाएं होती रही।

लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; यह प्रतिनिधित्व की समानता पर आधारित होता है। यदि समाज की आधी आबादी—महिलाएँ—निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त संख्या में उपस्थित नहीं हैं, तो लोकतंत्र अधूरा रह जाता है। आज विश्व स्तर पर संसदों में महिलाओं की भागीदारी लगभग 27त्न है, यानी लगभग हर चार सांसदों में केवल एक महिला। वास्तविक संख्या में देखें तो दुनिया भर में लगभग 11,500 से अधिक महिलाएँ सांसद हैं, जबकि कुल सांसदों की संख्या 40,000 से अधिक है।

में लगभग 4,000 महिलाएँ सांसद (11त्न) थी और 2025 में लगभग 11,500+ महिलाएँ सांसद (27त्न) हो गई। तीन दशकों में संख्या लगभग तीन गुना बढ़ी, लेकिन अभी भी समानता से काफी दूर है। अमेरिका में दोनों सदनों के 535 सदस्यों में लगभगग 150 महिलाएं है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कामन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कुल 1430 सदस्यों में 455 महिलाएं हैं। यह लगभग 35 प्रतिशत है। फ्रांस की संसद के 925 सदस्यों में 335 महिलाएं हैं। जर्मनी की संसद के 805 सदस्यों में 285 महिलाएं हैं। दूसरी तरफ आधुनिक होने के बावजूद जापान की

संसद के।13 सदस्यों में केवल 105 महिलाएं हैं। इसी तरह भारत की संसद के दोनों सदनों में फिलहाल।88 सदस्यों में करीब 245 महिलाएं हैं। इस तरह जापान और भारत में केवल 15 प्रतिशत महिलाएं हैं। जबकि देश में महिला मतदाता करीब 50 प्रतिशत है। कम प्रतिनिधित्व का कारण राजनीतिक दलों द्वारा कम टिकट देना , सामाजिक बाधाएँ और सुरक्षा और राजनीतिक हिंसा बताया जाता रहा।

लगभग।88 सांसदों में करीब 110 महिलाएँ हैं। यह संख्या न केवल वैश्विक औसत से कम है, बल्कि लोकतांत्रिक आदर्शों से भी पीछे है। महिला आरक्षण विधेयक वर्षों तक लंबित रहा।यह विधेयक पहली बार 1996 में संसद में पेश किया गया। अंततः नए रूप में यह कानून बन पाया 2023 में। यानी यह कानून लगभग 27 वर्षों तक लंबित रहा।यह बिल कुल 6ङ्क8 बार संसद में पेश हुआ लेकिन हर बार अटक गया। 1996 में पहली बार पेश, लेकिन लोकसभा भंग होने से समाप्त हुआ।

1998 में दुबारा पेश होकर पास नहीं हुआ। 1999 , 2002 , 2003 में भी अटकता रहा। 2008 में राज्य सभा में पेश होकर 2010 में राज्यसभा से पास हुआ , लेकिन लोक सभा में पारित नहीं हुआ। कॉंग्रेस गठबंधन के सहयोगी दलों ने महिला आरक्षण में भी जातीय आधार पर एक हिस्सा रखने का दबाव बनाया। लालू यादव मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं की पार्टियों ने इस तरह कानून में ब्रेक लगाया। खैर मोदी सरकार आने के बाद 2023 में दोनों सदनों से पास होकर कानून बना , लेकिन लागू करने की समय सीमा जनगणना से जुड़ी होने के कारण लागू नहीं हुआ। इसलिए अब नई जनगणना की प्रतीक्षा न करके 2011 की जनसंख्या के आधार पर 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का निर्णय मोदी सरकार ने ले लिया।

इसका आधार देश की ग्राम पंचायतों में महिला पंचों की सफल भूमिका रही । गुजरात महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में महिलाओं ने ग्रामीण विकास और सुधार कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1992 में संविधान संशोधन करके पंचायतों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। फिर 2006 में बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान कर दिया। इसके बाद 20 से अधिक राज्यों ने 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर दी। केंद्र सरकार अधिक सफल महिला सरपंचों को सम्मानित करने लगी है। हाल के वर्षों के दौरान गांवों में स्वच्छता अभियान , शौचालय निर्माण , बच्चों की शिक्षा , स्वास्थ्य सुविधाओं आदि में महिलाओं बहुत योगदान दिया है। खासकर आदिवासी इलाकों में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से केंद्र की सत्ता में आने पर लगातार महिलाओं के कल्याण , सामाजिक आर्थिक लाभ , सुविधाएं देने के अनेक कार्यक्रम लागू करते रहे और महिलाओं में उनकी लोकप्रियता सर्वाधिक है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। यदि सही तरीके से लागू किया गया, तो लोकसभा में महिलाओं की संख्या।4 से बढ़कर 181 हो जाएगी—जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन होगा। महिला आरक्षण कानून के लागू होने के बाद संसद में हर 3 में 1 सांसद महिला होगी। नीति निर्धारण में बदलाव आएगा।लोकतंत्र तब ही पूर्ण होगा, जब संसद में भी समाज की वास्तविक संरचना दिखे। और जब आधी आबादी को आधा प्रतिनिधित्व मिलेगा, तभी भारत सच्चे अर्थों में समावेशी लोकतंत्र कहला सकेगा। इसी तरह राज्य विधान सभाओं में औसत अनुमान के अनुसार 4,120 सदस्यों में 1360 महिलाएं हो जाएंगी। लेकिन कॉंग्रेस और उसके अन्य प्रतिपक्षी दलों को सबसे बड़ी तकलीफ यही है कि महिलाओं के इस क्रांतिकारी कदम का श्रेय उन्हें मिलेगा।

लोकतंत्र की पुनर्रचना: आरक्षण, परिसीमन और भारत का भविष्य

महेन्द्र तिवारी

भारत का लोकतंत्र सदैव एक जीवंत और गतिशील प्रयोग रहा है ऐसा प्रयोग जो अपनी विविधता, अपनी जटिलता और अपनी अंतर्विरोधों के साथ भी निरंतर आगे बढ़ता रहा है। स्वतंत्रता के पचहत्तर वर्षों से अधिक की यात्रा में यह लोकतंत्र अनेक परीक्षाओं से गुजरा है, अनेक संकटों को पार किया है और अनेक ऐतिहासिक मोड़ों पर खड़ा रहा है। किंतु वर्तमान समय जो प्रश्न उठा रहा है, वह केवल नीति या विधान का प्रश्न नहीं है यह उस मूलभूत प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास है कि क्या भारत अपनी आधी जनसंख्या को वास्तविक शासन-सत्ता में भागीदार बनाने के लिए सचमुच तत्पर है।

यह प्रश्न महिला आरक्षण और परिसीमन के उस संयुक्त विमर्श से उभरा है, जो आज भारतीय राजनीति के केंद्र में है। इसे समझने के लिए पहले उस स्थिति को देखना आवश्यक है जो दशकों से बनी हुई है। स्वतंत्रता के पश्चात जब प्रथम लोकसभा गठित हुई, तब उसमें केवल बाईस महिला सदस्य थीं। यह संख्या तब से अत्यंत धीमी गति से बढ़ी है। 17वीं लोकसभा में यह लगभग 15त्न के आसपास ही पहुँची। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहाँ अनेक राज्यों में महिला विधायकों का औसत दस प्रतिशत से भी कम है। सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुलाया बुलाया है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50त्न तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 हो जाएगी।

इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से संसद ने वह ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन पारित किया जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाता है। इसके अंतर्गत लोकसभा और समस्त राज्य

विधानसभाओं में एक-तिहाई अर्थात तैंतीस प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पहले से आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा, जिसका अर्थ यह है कि सामाजिक न्याय की दोहरी परत इस व्यवस्था में समाहित है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव यह बताता है कि जब किसी विधायिका में महिलाओं की भागीदारी तीस प्रतिशत के आसपास पहुँचती है, तो स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल कल्याण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर नीति-निर्माण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जाता है। रवांडा जैसे देश, जहाँ संसद में महिलाओं की भागीदारी साठ प्रतिशत से अधिक है, इसके जीवंत उदाहरण हैं।

किंतु इस अधिनियम का सबसे विवादास्पद पक्ष इसका कार्यान्वयन है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, बल्कि इसे आगामी जनगणना और उसके पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा। वर्तमान संकेतों के अनुसार इसे वर्ष दो हजार उनतीस के आम चुनाव तक लागू करने की योजना है। इस विलंब ने अनेक राजनीतिक दलों और महिला संगठनों में असंतोष उत्पन्न किया है। उनका तर्क है कि जो अधिकार न्यायसंगत है और जिसकी आवश्यकता स्वीकार की जा चुकी है, उसे किसी तकनीकी प्रक्रिया के अधीन क्यों बनाया जाए।

परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक अत्यंत जटिल और संवेदनशील विषय है। इसका सरल अर्थ है जनसंख्या के आधार पर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे और लोकतंत्र की मूल भावना एक व्यक्ति, एक मत, एक मूल्य सुनिश्चित हो सके। भारत में अंतिम व्यापक परिसीमन उन्नीस सौ इकहत्तर की जनगणना के आधार पर किया गया था। उसके बाद यह प्रक्रिया इस उद्देश्य से स्थगित कर दी गई कि यदि जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में सीटें बढ़ाई गईं, तो परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू करने वाले राज्यों को राजनीतिक हानि उठानी पड़ेगी। यह स्थगन एक नैतिक निर्णय था, किंतु अब जब पाँच दशक से अधिक समय बीत चुका है और जनसंख्या का वितरण नाटकीय रूप से बदल चुका है, तो परिसीमन की अनिवार्यता से मुँह नहीं मोड़ा जा सकता।

वर्तमान जनसंख्या आँकड़ों पर दृष्टि डालें तो उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग पच्चीस करोड़ से अधिक है, बिहार की लगभग तेरह करोड़, जबकि केरल की जनसंख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ और तमिलनाडु की लगभग साढ़े सात करोड़ है। यदि परिसीमन पूर्णतः जनसंख्या के आधार पर होता है, तो उत्तर भारत के राज्यों को संसद में अनेक अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत घट सकती है। दक्षिण के राज्यों का तर्क यह है कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, राज्य की नीतियों का अनुपालन किया और अब उन्हें इसी अनुपालन के कारण राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी का सामना करना पड़ रहा है। यह केवल संख्याओं का विवाद नहीं है यह उस संघीय भावना का प्रश्न है जिसके आधार पर भारत का ताना-बाना बुना गया है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अमीरों की दुआ उन्नत कहाँ थी, ग़रीबों के मकाँ में छत कहाँ थी। हमें नीचा दिखाना है उन्हें बस, गले मिलने की भी चाहत कहाँ थी। हमारी भूख आड़े आ रही थी हमें तो काम से राहत कहाँ थी। वतन को हानि पहुंचाने लगे जो, उन्हें हासिल कभी ज़ीनत कहाँ थी। वो पैसों की इबादत में फंसा यूं, उसे अपने लिए फ़ुरसत कहाँ थी। खरीदूं बच्चों की ख़ातिर खिलौने, मगर पहचान औ हिम्मत कहाँ थी। चराग़े इश्क़ को रौशन करूंगा, हवा-ए-हुस्न से राहत कहाँ थी। **- संजय दानी**

शब्द बिखरते रहे, वाक्य बन न सके आज तक, किससे पूछें हम, मन की यह उलझन, यह दहक। हर उत्तर जैसे भीड़ में खोया एक चेहरा है, और प्रश्न अकेला खड़ा, लिए अपना ही शक॥ **- चिन्मय शुक्ल**

सभी व्यक्तियों की अपनी एक अलग खूबी ,कमी ,छमता ,देखने का नजरिया ,सोचने-समझने की शक्ति ,होती है ,जो उन्हें और से अलग करती है ,उनकों न तो कभी अपने आपको दूसरों से और न ही दूसरों को अपने आप से तुलना करनी चाहिए। आप अपनी खूबी और कमी के कारण ही औरो से पृथक है , और आप का एक अलग स्थान है। **- नमन कुमार मिश्रा**

तुझे जीतना तो जुनूँ ना था मेरी हार ही में मेरी जीत है।। तुझसे हारना मेरी प्रीत है । मेरी प्रीत ही मेरी जीत है ।। मेरी फ़िक्र मत कर रहगुज़र मैं हवा हूँ बहती रही सदा ।। मिल जाऊं हर एक राह में तेरे जिस्म की ही पनाह में।। कभी साँस बनके चली यहाँ कभी खुशबू बनके उड़ी उधर ।। **- प्रियंवदा अवस्थी**

गुंचे-सा जब भी रह गया खुद में बिखर के मैं तब अश्क बन के आँख से आया उतर के मैं ज़र्फ़ ओ शऊर आज भी हमराह हैं मेरे पहुँचा हूँ इस मक़ाम पे खुद से गुज़र के मैं जाते हैं इस जहान को सब छोड़ के कहाँ देखूँगा जीते जी कभी इक बार मर के मैं हैरत से घूरता मिले मुझको ही आइना देखूँ कभी जो अक्स को थोड़ा सँवर के मैं तपता रहा हूँ इल्म की भट्टी में रात-दिन तब जा के आ सका कहीं थोड़ा निखर के मैं। **- अजय अज्ञात**

सजिंदगी मेरे लिए मात्र ऐक मोम बत्ती नही है यह एक वैभवशाली टार्च है जिसे मैंने थोड़े समय के लिए थाम रखा है मै इसे नई पीढ़ी को सुपुर्द करने से पहले जितना अधिक सम्भव हो,इससे चारो ओर प्रकाश फैलाना आना चाहती हूँ। ÷डूबते डूबते किश्ती को उछाला दे दूँ, मै नही कोई तो साहिल पे उतर जाएगा'' **- हेमा पांडेय**

वक़्त की सलवटों के दस्तावेज़ में वसंत के कुछ पल मेरे नाम कर दो उतार दो गहरे उतार दो शून्य में सिमट सकूँ सिक्कों की खनक से दूर , बहुत दूर कुछ सूफ़ियाना गीत जिन्हे पढ़ सकूँ सुन सकूँ रूह की गहराई में त्याग दूँ दिया तेरा वेश मैं दिशा मुझे मिल सके चल सकूँ बन मुसाफ़िर मुक्ति की राह में। **- ज्योत्सना सक्सेना**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज दिन के आरंभिक भाग में किसी व्यक्ति विशेष से आकस्मिक लाभ होगा लेकिन इसके बाद का अधिकांश समय आपकी सोच के एकदम उल्टा रहेगा।

वृषः आज के दिन आपको चल-अचल संपत्ति संबंधित कार्यो में सफलता मिलेगी। घर मे संपत्ति को लेकर थोड़ी खींचतान हो सकती है फिर भी बड़ो की मध्यस्थता से मामला गंभीर नही होगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में आलस्य अधिक रहने से कार्यो के प्रति लापरवाही करेंगे।

कर्कः आज का दिन मिला-जुला फल देगा आज आप जिस जगह से कुछ भी आशा करेंगे वहां निराशा मिलेगी इसके विपरीत जहां से कोई उम्मीद नही वहां से लाभ होगा।

सिंहः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यो को गंभीर होकर करेंगे जिससे सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। अधिकांश कार्य समय से पहले पूर्ण कर लेंगे।

कन्याः आज दिन के आरंभ में कोई शुभ समाचार मिलने से प्रसन्न रहेंगे लेकिन प्रसन्नता आज ज्यादा देर नही टिकेंगी। मध्यान से स्थिति पलट होने लगेगी सड़क चलते लोगो से भी बिना बात उलझेंगे।

तुलाः आज का दिन आप छोटी मोटी परेशानियों को छोड़ सुख पूर्वक बिताएंगे। व्यवसायी वर्ग आज किसी महत्त्वपूर्ण योजना को लेकर परेशान रहेंगे लेकिन किसी की सहायता मिलने पर इससे धन लाभ कमाएंगे।

वृश्चिकः आप आज दिन के आरंभ में यदि गुस्से को काबू करेंगे तो बाद में पछताना नही पड़ेगा। दिन के पहले भाग को छोड़ शेष में सुख शांति रहेगी लेकिन व्यावसायिक अथवा सामाजिक कार्यो से भागदौड़ करनी पड़ेगी ।

धनुः आज का दिन भी आपके लिये अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज आपकी आलसी प्रवृति एवं धीमी गति से कार्य करने की आदत लाभ को आगे सरकायेगी। आप किसी नए सहयोगी की तलाश में रहेंगे।

मकरः आज आपको अपने द्वारा किये गए कार्य से संतोष होगा परिवार के सदस्य अथवा मित्र परिचित भी आपकी कार्य कुशलता की प्रशंसा करेंगे। लेकिन आपमे व्यवहारिकता व्यवहारिकता की कमी रहेगी।

कुंभः आज के दिन घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों में कमी आने से राहत अनुभव करेंगे। आज लोग आपके प्रति सहानुभूति दिखाएंगे। नौकरी करने वाले जातको को अतिरिक्त कार्यभार मिलने से असहजता होगी।

मीनः आज दिन के प्रथम भाग को छोड़ शेष नई समस्याए खड़ी करेगा। परिवार में आज किसी ना किसी सदस्य की सेहत गड़बड़ायेगी जिससे व्यवसाय के अतिरिक्त दौड़-धूप करनी पड़ेगी।

QUIZ TIME

1) भारत में महात्मा गांधी श्रृंखला के नोट पहली बार कब जारी किए गए थे?

2) भारत में जनगणना का जनक किसे माना जाता है?

3) थ्वाइट्स ग्लेशियर , जिसे डूम्सडे ग्लेशियर भी कहा जाता है, किस महाद्वीप में स्थित है?

4) 1825 में वेदांत कॉलेज की स्थापना किसने की?

5) मिसेस इंटरनेशनल वर्ल्ड 2026 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1996 (2) हेनरी वाल्टर (3) अंटार्कटिका (4) राजा राम मोहन राय (5) सोनालिका आनंद प्रकाश

पहेली

जनगणना-2027: 1 मई से शुरू होगा पहला चरण, डिजिटल होगी पूरी प्रक्रिया

■ **जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की आगामी जनगणना-2027 के तहत छत्तीसगढ़ में पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस के जरिए राज्य के प्रत्येक घर, भवन और उनकी सुविधाओं का विस्तृत डेटा एकत्र किया जाएगा।इस बार जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपने घर और परिवार से जुड़ी जानकारी भर सकेंगे, जिसे सेल्फ एन्यूमरेशन कहा जा रहा है। ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने पर एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे प्रगणकों को दिखाना होगा।

जनगणना के दौरान प्रगणक घर-घर जाकर मकान की स्थिति, उपयोग (आवासीय या व्यावसायिक), निर्माण की गुणवत्ता, परिवारों की संख्या और विभिन्न सुविधाओं से जुड़े करीब 33 प्रश्नों के उत्तर एकत्र करेंगे। इसके साथ ही पेयजल, शौचालय, बिजली, खाना पकाने के ईंधन, इंटरनेट, टीवी और अन्य संचार साधनों की जानकारी भी ली जाएगी।

परिवार से संबंधित जानकारी में मुखिया का जेंडर, सदस्यों की संख्या और सामाजिक वर्ग शामिल होंगे। वहीं मकान के स्वामित्व, प्रकार और उपयोग से जुड़े सवाल भी पूछे जाएंगे। इसके अलावा वाहन जैसे साइकिल, मोटरसाइकिल आदि का विवरण भी दर्ज किया जाएगा।

इस बार हर मकान की जियो-टैगिंग कर उसे डिजिटल मैप में शामिल किया जाएगा, जिससे आपदा प्रबंधन, शहरी योजना और बुनियादी सुविधाओं के विकास में मदद मिलेगी। साथ ही निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और मतदाता सूची के सुधार में भी यह डेटा उपयोगी साबित होगा।सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल योजनाओं और नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाएगा।

इसके लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे और शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन भी उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत पहचान पत्र वाले प्रगणकों को ही जानकारी दें और सही व पूर्ण विवरण साझा करें।

न्यूज गैलरी

सुप्रसिद्ध गायिका पद्मविभूषण आशा भोसले के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने व्यक्त किया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुप्रसिद्ध गायिका पद्म विभूषण आशा भोसले के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अपनी मधुर, विलक्षण और हृदयस्पर्शी आवाज़ से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया और करोड़ों हृदयों में अमिट स्थान बनाया । उनका यह अद्वितीय योगदान युगों-युगों तक अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने माँ वीणापाणि सरस्वती से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

प्लास्टिक बोतल में शराब बिक्री का विरोध, व्यापारियों ने कहा- व्यापार ठप

पूर्व मंत्री ननकीराम बोले-फैसले पर पुनर्विचार करे सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में प्रदेशभर के शीशी (कांच) बॉटल व्यापारी एकजुट हुए हैं और अपनी मांगों को लेकर पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर की अगुवाई में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कहा है कि प्लास्टिक में शराब बेचना न तो उपभोक्ताओं के लिए उचित है और न ही व्यापारियों के हित में है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है।व्यापारियों का कहना है कि राज्य में शराब की बिक्री प्लास्टिक बोतलों में किए जाने के फैसले से उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शीशी बॉटल व्यापारी आमिन मुगल और राम प्रकाश ने बताया कि अचानक कांच की बोतलों की खरीदी बंद कर दी गई है, जिससे व्यापार ठप पड़ गया है। कंपनियों और वेंयरहाउस ने पिछले 10 दिनों से कांच की बोतलें लेना बंद कर दिया है।व्यापारियों के अनुसार, उनके पास लाखों-करोड़ों रुपये के कांच के बॉटल स्टॉक में पड़े हैं, जो अब बिक नहीं पा रहे हैं। इससे एक तरफभारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी तरफरोजगार पर भी संकट मंडरा रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो प्रदेश में 15 लाख से अधिक लोगों के बेरोजगार होने का खतरा पैदा हो सकता है। व्यापारियों ने कहा कि उनकी मांग है कि उनका नुकसान न हो और किसी का रोजगार न छीने। कांच की बोतलों की खरीद फिर से शुरू की जाए।

रायपुर में बनेगा रिंग रोड-5, 694 करोड़ की लागत से ट्रैफिक को मिलेगी बड़ी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए नया रिंग रोड-5 बनाया जाएगा। लगभग 11 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 694 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह सड़क चंदनीडीह से शुरू होकर महादेवघाट होते हुए खारुन नदी मार्ग से पुराना धमतरी रोड के खिलोरा तक जाएगी।इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में चंदनीडीह से भाठागांव तक करीब 7.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण और चौड़ीकरण होगा, जबकि दूसरे चरण में भाठागांव से खारुन नदी तक लगभग 3.5 किलोमीटर हिस्सा विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही चंदनीडीह रेलवे क्रॉसिंग पर करीब 110 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा।भविष्य में इस रिंग रोड को फुंढहर चौक एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की योजना है, जिससे एयरपोर्ट और नवा रायपुर तक सीधी और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस प्रोजेक्ट से प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है और रिंग रोड-1 पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार, परियोजना के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है और सर्वे कार्य जारी है। इस मार्ग में चंदनीडीह, महादेवघाट, साठागांव और काठाडीह जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। परियोजना में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है।नगर निगम ने भी इस परियोजना के लिए अधोसंरचना मद में प्रावधान किया है और संबंधित एजेंसियां मिलकर कार्य करेंगी। इस सड़क के बनने से दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों से एयरपोर्ट तक बिना सिग्नल के सुगम आवागमन संभव होगा।विशेषज्ञों का मानना है कि रिंग रोड-1 अब शहर के भीतर आ चुका है, ऐसे में रिंग रोड-5 का निर्माण समय की जरूरत है। इससे शहर के विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और यात्रा समय में भी कमी आएगी।

भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है जेम पोर्टल भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि जेम पोर्टल कमीशनखोरी का गेम पोर्टल बन गया है, भाजपा के छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेता, मंत्री और जिम्मेदार अधिकारियो पर बड़े-बड़े आरोप लगे लेकिन न जांच की गयी, न कार्यवाही की गयी। 6.30 मीटर की साड़ी की जगह 4.5 मीटर साड़ी खरीदने का नया कारनामा सरकार ने किया है। 1 लाख की टीवी 10 लाख में, 50 हजार की रोटी बनाने की मशीन को 7 लाख 95 हजार में खरीदा है, 200 के जग को 32000 हजार में खरीदा गया था, 1539 का ट्रेक सूट 2499 में खरीदा गया। 10 करोड़ का जंबूरी घोटाला, तेरहवीं घोटाला, फर्नीचर खरीदी घोटाला, कुकर खरीदी घोटाला, साड़ी खरीदी घोटाला, बारदाना, तिरपाल, धान खरीदी में भ्रष्टाचार सर्वविदित है।

युवा महिलाओं ने संसदीय कौशल का किया प्रदर्शन

रायपुर में 'नारी शक्ति युवा संसद' का आयोजन

■ **'विकसित भारत' के निर्माण में महिलाओं का नेतृत्व और समावेशी लोकतंत्र सर्वोपरि: डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग**

रायपुर/नवप्रदेश। युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में 'नारी शक्ति युवा संसद' का सफल आयोजन किया गया। ÷नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज़ ङ्क समावेशी लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाना÷ विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर की विधायी प्रक्रियाओं और नीतिगत चर्चाओं से जोड़ना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा । डॉक्टर शर्मा ने अपने संबोधन में राष्ट्र-निर्माण और शासन-प्रशासन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त और समावेशी लोकतंत्र तभी संभव है जब युवा महिलाएं नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'महिला आरक्षण विधेयक' पर केंद्रित एक 'मॉक संसद' सत्र था। इसमें राज्य भर से आई 40 युवा महिला प्रतिभागियों ने सांसदों और मंत्रियों की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने महिला एवं बाल विकास, कृषि और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए लैंगिक समानता और समावेशी विकास पर तथ्यपरक तर्क प्रस्तुत किए। इस सत्र ने युवाओं के बीच विधायी ढांचे और समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विषयों की उनकी गहरी समझ को प्रदर्शित किया।

यह आयोजन #NariShaktiVandan की भावना और लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के सार्थक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। 'नारी शक्ति युवा संसद' इस प्रतिबद्धता को दोहराती है कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति में महिलाओं की समान भागीदारी और युवाओं की आवाज़ सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

महाराष्ट्र सीमा से लगे नेलांगुर में हर घर पहुंचा नल जल, दूर हुई पेयजल समस्या

■ **जल जीवन मिशन के तहत शुरू हुई जल आपूर्ति, 52 किमी दूर स्थित गांव को मिली बड़ी राहत**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के सीमावर्ती ग्राम नेलांगुर में अब विकास की नई तस्वीर उभरने लगी है । महाराष्ट्र सीमा से लगे इस पूर्व अतिसंवेदनशील गांव में पहली बार घर-घर नल से पानी पहुंचना शुरू हुआ है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव महसूस किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित होने के बाद अब विकास कार्यों ने भी गति पकड़ ली है। कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत इस दूरस्थ गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था शुरू की गई है । सोलर पंप के माध्यम से जल स्रोत से पानी उठाकर पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे बिजली पर निर्भरता कम हुई है और निर्बाध जल आपूर्ति संभव हो सकी है । जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 52 किलोमीटर दूर स्थित नेलांगुर के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे थे, लेकिन अब उनकी समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों के लिए यह पहल राहत भरी साबित हो रही है। विशेष रूप से महिलाओं को अब दूर-दूर तक पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिली है। गांव में जल आपूर्ति शुरू होने से लोगों के दैनिक जीवन में सहजता आई है और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है ।

नेलांगुर में जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं अब दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं ।

अगले 4 दिन में 3-4 डिग्री चढ़ेगा पारा, 14 अप्रैल से लू के आसार

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ में अब गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 42 डिग्री या उससे अधिक पहुंच सकता है। खासकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग में 14 अप्रैल से लू चलने के आसार जताए गए हैं।राजधानी रायपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना है।

पिछले दिनों बारिश और अंधड़ से मिली राहत: अप्रैल के शुरुआती दिनों में प्रदेश में ऊपरी हवा के चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से कई जगह अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली थी। राजधानी समेत कई इलाकों में बादल छाए रहे ।

राजनांदगांव रहा सबसे गर्म :

शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जहां पारा 38.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। फिलहाल राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री तक कम बना हुआ है, लेकिन मौसम के शुष्क होने के कारण अब इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

कांग्रेस संगठन में नियुक्तियों को लेकर विवाद प्राथमिक सदस्यता तक नहीं देखे जाने के आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में निचले स्तर पर हो रही नियुक्तियों को लेकर प्रदेश के कई जिलों में विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड अध्यक्षों और विभिन्न कमेटियों के गठन में नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आए हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार, संगठन द्वारा निर्धारित समयसीमा के दबाव में कई ऐसे व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी जा रही है, जिनकी नियुक्ति पर स्थानीय स्तर पर ही सवाल उठ रहे हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो पार्टी के प्राथमिक सदस्य तक नहीं हैं, कुछ ने पूर्व में पार्टी विरोधी गतिविधियों में हिस्सा लिया है, जबकि कुछ हाल ही में पार्टी में शामिल हुए हैं।

बताया जा रहा है कि पीसीसी स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग के अभाव में यह स्थिति बनी है। यही

रायपुर शहर में सूची निरस्त

रायपुर शहर कांग्रेस द्वारा जारी वार्ड अध्यक्षों की सूची में भी कई नामों पर आपत्ति दर्ज की गई थी। बढ़ते विवाद और उचित अनुमोदन के अभाव में सूची को निरस्त करना पड़ा। इसके बाद शहर अध्यक्ष और पीसीसी पदाधिकारियों के बीच लंबी बैठक हुई, जिसमें तालमेल बैठाने की कोशिश की गई। जानकारी के अनुसार, 30 से 35 वार्ड अध्यक्षों के नामों में बदलाव किया गया है और जल्द ही संशोधित सूची जारी हो सकती है।

अक्षय तृतीया से पहले बाल विवाह पर सख्ती, आयोग ने की जिलेवार समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने आगामी अक्षय तृतीया को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। आयोग द्वारा टीम गठन से लेकर गांव-गांव मुनादी और जनजागरूकता तक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने 19 अप्रैल को होने वाले पर्व के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में बाल विवाह रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

गांव-गांव जागरूकता और टीम गठन पर जोर: बैठक में बताया गया कि बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में विशेष टीमों का गठन किया गया है।

पैसा खर्च करने में पारदर्शिता बरतें लापरवाही बर्दाश्त नहीं : लक्ष्मी

■ **महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अफसरों को दी चेतावनी**

रायपुर/नवप्रदेश। महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि विभाग को प्राप्त हर एक रुपया महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए है। इसलिए व्यय में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।श्रीमती राजवाड़े शनिवार को मंत्रालय (महानदी भवन) में वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक व्यय विवरण व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक 15 दिन में व्यय की समीक्षा जिला स्तर पर की जाए और मासिक रिपोर्ट राज्य स्तर पर भेजी जाए। राज्य स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्पष्टकिया कि बजट का प्रावधानित हिस्सा सीधे लाभार्थी मूलक योजनाओं पर खर्च होना चाहिए।

उन्होंने फील्ड विजिट बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया जाए। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कैंप लगाने के भी निर्देश दिए। श्रीमती राजवाड़े ने विभाग को आवंटित कुल बजट में अब तक 89 प्रतिशत राशि व्यय होने पर कहा कि सभी जिलों में स्वीकृत राशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को समय पर किस्त का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

सीएसआर से बनेगा ऑक्सीजोन, रविवि परिसर में लगाए जाएंगे 200 पौधे

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने के लिए ऑक्सीजोन विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद से पूरा किया जाएगा और इसकी योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है।

कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने बताया कि ऑक्सीजोन के तहत ऐसे पौधों का चयन किया जाएगा जो अधिक मात्रा में ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं। इस परियोजना में लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि परिसर में हरियाली का विस्तार हो सके।

बाल उद्यान और ज्ञान सरोवर का होगा कायाकल्प

ऑक्सीजोन बनने से गेस्ट हाउस के पास स्थित बाल उद्यान और ज्ञान सरोवर आपस में जुड़ जाएंगे, जिससे पूरे क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा। इससे पहले ज्ञान सरोवर का गहरीकरण भी सीएसआर मद से किया जा चुका है और उसके चारों ओर पाथवे बनाया गया है। आने वाले समय में यहां स्टील रेलिंग लगाने की भी योजना है, जिससे यह क्षेत्र और आकर्षक व सुरक्षित बनेगा।

कर्मचारी आवास क्षेत्र में भी बढ़ेगी हरियाली

परियोजना के तहत कर्मचारी आवास से लगे क्षेत्रों में भी हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए और दीर्घकालिक योजनाओं के अनुरूप हरियाली को बढ़ाया जाए।

साइंस कॉलेज में भी बनेगा ऑक्सीजोन

शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के बॉटनिकल गार्डन को भी ऑक्सीजोन के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा प्लानिंग, डिजाइन और इस्टीमेशन तैयार किया गया है। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में करीब 732.30 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

हरियाली बढ़ाने का सतत प्रयास

कुलपति प्रो. शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय में हरियाली के संरक्षण के साथ-साथ उसे बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। ऑक्सीजोन परियोजना न केवल परिसरवासियों बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी एक बड़ी सौगात साबित होगी।

अनियमित कर्मचारियों ने किया हस्ताक्षर अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत अनियमित कर्मचारी जिसमें संविदा, प्लेसमेंट, ठेका, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर आदि के लाखों कर्मचारी विगत 20 वर्षों से लंबे आंदोलन, आंदोलन के कारण न्यायालयीन प्रकरणों को झेलना आदि करते आ रहे हैं। इनमें अनुकंपा नियुक्ति पीड़ित संघ भी शामिल है।

कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संरक्षक गोपाल प्रसाद साहू ने बताया है कि दोनों सरकारों ने विपक्ष में रहते हुए निमित्तिकरण का वादा किया। 2023 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत नियमितीकरण का वादा किया गया।

शहर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्तायों ने सौंपा ज्ञापन

अतिक्रमण रुका नहीं तो होगा आंदोलन : यासीन

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के शहरी क्षेत्र सीमा में हो रहे शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस कांकेर शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने कहा कि लगातार शहर में अतिक्रमण का स्वरूप बढ़ रहा है जिस पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कांकेर शहर के शासकीय भूमि पर कब्जाधारियों के द्वारा अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा कर मकान एवं दुकान निर्माण राजनीतिक सरंक्षण के चलते अतिक्रमण हो रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से निम्नांकित स्थलों की विवरण हमारे द्वारा दी गई जिसमें प्रमुख रूप से फायर ब्रिगेड स्टेशन नरहरदेव के पास बच्चो के लिए बनाए गये पुष्पवाटिका के रिक्त भूमि में शासकीय कर्मचारी द्वारा अतिक्रमण कर मकान का निर्माण किया जा रहा है। उसके द्वारा

राजनीतिक धौस दिखा कर शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है।

नरहरदेव के पीछे अटल चौक के पास एवं नरहरदेव मैदान से लगे भूमि पर भरत मटियारा के द्वारा आबंटित पट्टे की 76 वर्गमीटर भूमि से अधिक शासकीय रिक्त भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।शीतलापारा चौक तथा आंग्ल वैदिक स्कूल के सामने गली में शासकीय कर्मचारी द्वारा भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की जा रही है।कांकेर के मुख्य मार्ग भावसिंह नगर के शहीद रामकुमार स्मारक के बाजू से ज्ञानी चौक तक सड़क के किनारे शासकीय भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है।इस प्रकार शहर के रिक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा बे-खौफ तरीके से कब्जा कर अतिक्रमण की जा रही है जिसमें तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है।

कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन द्वारा 10 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही नहीं की गई तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर के द्वारा, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में घड़ी चौक के पास सड़क किनारे स्थित शासकीय रिक्त भूमि पर गुमटीधारियों को स्थापित कर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जायेगा। ज्ञापन में अतिक्रमण के मुद्दे के अतिरिक्त कांकेर शहर के जिला अस्पताल के सामने स्थित ऐतिहासिक गांधी उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 50 लाख रूपये की स्वीकृति परिषद के द्वारा की गई है उक्त कार्य के स्वीकृति उपरांत भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिसे तत्काल प्रारंभ किए जाने तथा

नया बस स्टैण्ड कांकेर में स्थित गार्डन में कुछ दिनों पूर्व ही वृक्षारोपण का कार्यक्रम माननीय मंत्री जी के द्वारा किया गया है तथा नगर पालिका द्वारा उक्त स्थल पर 21 नग व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण किये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है जो कि उचित नहीं है अतः इस निर्माण कार्य पर तत्काल पर रोक लगाने की मांग प्रमुख है।

इस दौरान मुख्य रूप से यासीन कराणी जितेन्द्र सिंह,राजेश भास्कर, अजय रेणु संग्राम नेताम, अजय भासवानी,दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, पुरुषोत्तम पाटिल, मनोज जैन, मतीन खान, उदय शर्मा, विजय यादव, ओम प्रकाश देवांगन, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पुलिस परिवार के बच्चों का एजुकेशनल टूर

कांकेर / नवप्रदेश। 11अप्रैल को पुलिस परिवार के 22 स्कूली बच्चों सहित जिले के पीएमश्री शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर तथा पीएमश्री स्कूल नरहरपुर के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत सभी छात्र छात्राओं को मां दंतेश्वरी विमानतल, जगदलपुर जिला बस्तर विजिट कराया गया। एयरफोर्स विंग कमांडर विवेक कुमार साहू एवं सहयोगी जूनियर वारंट ऑफिसर पी.सी.सामल सीपीएल संदीप यादव, सुमित नेगी अर्जुन यादव सहित एयरपोर्ट डायरेक्टर व्ही.के.गुप्ता एवं प्रबंधन टीम के द्वारा बच्चों को अलग अलग ग्रुप में बांटकर एयर फोर्स, विमानतल और हवाई जहाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हवाई जहाज के अंदर ले जाकर उसमें बैठने का तारीख, सावधानियां एवं ष्ठश’ह्य × ष्ठश्ठ्ठ’ह्लह्य से अवगत कराया, बच्चों को वायु सेना की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत ब्रीफ करते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में करियर संबंधी भी जानकारी प्रदान किया गया । पुष्पेंद्र राठौर मुख्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एयरपोर्ट सुरक्षा के सम्बन्ध में बताया गया।सभी छात्र छात्राओं में शैक्षणिक भ्रमण के लिए विशेष उत्साह देखा गया। पूरा भ्रमण ज्ञानवर्धक रहा।

261 प्राथमिक शाला एवं बालवाड़ी शालाओं में अंगना में शिक्षा अंतर्गत पढ़ाई तिहार का आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश। जला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला परियोजना समन्वयक नवनीत पटेल के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11/ 4 /2026 को अंतागढ़ विकासखंड के समस्त 261 प्राथमिक शाला एवं बालवाडी शालाओं में अंगना में शिक्षा अंतर्गत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें स्र्स्र्ह्र मूल्यांकन के आकलन में कक्षा 1 से कक्षा 3 तक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनकी माताओ को सम्मानित किया गया साथ ही संबंधित माता को स्मार्ट माता के रूप में चिह्नित करते हुए उन्हें स्मार्ट माता बेज प्रदान किया गया कार्यक्रम में स्र्स्र्ह्र उपलब्धियां पढ़ना, लिखना, गणना ,से संबंधित प्रस्तुतीकरण एवं प्रदर्शन हेतु विभिन्न स्टाल लगाया गया एवं गतिविधि कराए गए गतिविधि में विद्यार्थी एवं उनकी माताएं उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समर कैंप एवं स्वच्छ यूनिफॉर्म मिशन , हर घर ब्लैक बोर्ड गतिविधि के बारे में भी अवगत कराया गया जिसमें बच्चों को यूनिफॉर्म पहने की प्रक्रिया में शामिल करना स्वावलंबन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना नियमित रूप से साफ और सही यूनिफॉर्म पहने को प्रोत्साहित करने हेतु माताओ को जागरूक किया गया समर कैंप गतिविधि से भी सभी को अवगत कराया गया। आज का पढ़ाई तिहार कार्यक्रम जनप्रतिनिधि , शाला प्रधान समिति के सदस्य एवं अध्यक्ष, पालक , माताएं एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ । सभी विद्यालयों में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में BRC, ABEO, समस्त संकुल प्राचार्य ,संकुल समन्वयक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

जिले में रसोई गैस की सुचारू वितरण व्यवस्था के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने ली समीक्षा बैठक,

कोरबा / नवप्रदेश। जिले में घरेलू रसोई गैस की सुचारू उपलब्धता व वितरण सुनिश्चित करने, अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग, अधिक कीमत पर बिक्री तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी की अध्यक्षता में आज गैस वितरक एजेंसियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुचारु और पारदर्शी गैस वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सम्बन्धितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सभी गैस वितरक एजेंसियों को सख्त दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि एजेंसियों में किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, सभी एजेंसियां इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी गैस वितरक एजेंसियों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। एजेंसी परिसर के बाहर की गतिविधियों पर निगरानी के लिए बाहरी दिशा में भी एक कैमरा विशेष रूप से लगाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सभी एजेंसियों में सुरक्षा की दृष्टि से चौकीदार की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए।

हांगकांग-मकाउ टूर पर जिला उपभोक्ता आयोग ने ट्रैवल एजेंसी पर ठोका 2 लाख का जुर्माना

विदेश यात्रा में धोखा, 4 स्टार होटल का वादा, सामान्य होटल में ठहराया

जगदलपुर/नवप्रदेश। विदेश यात्रा के सपने को एजेंसी की लापरवाही ने कड़वा कर दिया। जिला उपभोक्ता आयोग, जगदलपुर ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में हरियाणा की हॉली डे ट्रायंगल ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम को सेवा में गंभीर कमी और व्यावसायिक कदाचार का दोषी मानते हुए आवेदिका को 1 लाख 50 हजार रुपये वापस करने और 50 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश दिया है। कुल 2 लाख रुपये की राशि चुकाने का बोझ अब ट्रैवल कंपनी पर पड़ा है।

जगदलपुर निवासी बिंदु विश्वकर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों सहित कुल 8 व्यक्तियों के लिए हांगकांग और मकाउ का भव्य टूर पैकेज बुक कराया था। इसके लिए एजेंसी ने 7 लाख रुपये का शुल्क

लिया। आइटिनरी में स्पष्ट रूप से 4 स्टार होटल में ठहरने और निर्धारित पर्यटन स्थलों की सैर का वादा किया गया था।

लेकिन पहुंचते ही सच्चाई सामने आई।

- आइटिनरी में बताए गए कई महत्वपूर्ण स्थानों पर घुमाया ही नहीं गया।
- ठहरने की व्यवस्था सामान्य होटल में की गई, जबकि 4 स्टार का वादा किया गया था।
- हांगकांग में चाइनीज भाषा की समस्या से परिवार को भारी परेशानी झेलनी पड़ी, क्योंकि वहां हिंदी या अंग्रेजी आमतौर पर नहीं बोली जाती। भाषा की इस बाधा के कारण यात्रा और भी कष्टदायक हो गई।

इन तमाम खामियों से क्षुब्ध होकर बिंदु विश्वकर्मा ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

आयोग का फैसला: जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद स्पष्ट रूप से कहा कि ट्रैवल एजेंसी ने अत्यधिक शुल्क लेकर वादे के अनुसार सेवाएं नहीं दीं।

यह सेवा में कमी और व्यावसायिक कदाचार की श्रेणी में आता है। इसलिए कंपनी को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया गया। आवेदिका को हुई मानसिक पीड़ा के लिए अलग से 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति भी देने का आदेश जारी किया गया।

यह फैसला उन हजारों पर्यटकों के लिए चेतावनी है जो विदेश यात्रा के पैकेज बुक करते समय चमकदार आइटिनरी और लग्जरी वादों पर भरोसा कर लेते हैं। उपभोक्ता आयोग ने साफसंदेश दिया है कि ट्रैवल कंपनियां अपने वादों से मुकर नहीं सकतीं।

विदेश यात्रा बुकिंग से पहले आइटिनरी, होटल स्टार रेटिंग और भाषा/गाइड व्यवस्था की पूरी जांच कर लें।

मानसिक विकलांग की मदद को आगे आया जन सहयोग संस्था

■ भोजन वस्त्र के साथ इलाज़ जारी, मानवता की मिशाल बना समाजसेवी संस्था

काँकेर / नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा रविवार को पुनः एक मानसिक विकलांग व्यक्ति की मदद की गई और उसका गांव घर का पता लगाकर भेजने की भी तैयारी है। वो चार दिनों से संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को संदेश मिल रहे थे कि एक मानसिक रोगी शहर में बिना भोजन वस्त्र के अत्यंत कष्ट में घूम फिर रहा है और अपना नाम तक बताने में असमर्थ है। इस सूचना के बाद दो दिनों तक जन सहयोग के सदस्य उसे व्यक्ति को ढूंढते रहे। बड़ी मुश्किल से वह मिला लेकिन वह अपनी सेवा हेतु कोई सहयोग नहीं कर रहा था। अजय पप्पू मोटवानी के समझाने पर वह भोजन के लिए तैयार हुआ। उसे भरपेट अच्छे से अच्छा भोजन दिया गया और नहाने के लिए भी तैयार किया गया। बाल और दाढ़ी बनाने के बाद उसे नहलाया गया, जो शायद लंबे समय से नहीं नहाया था। नहाने के बाद वह कुछ शांत हुआ और उसने संस्था के द्वारा दिए गए कपड़े भी पहन लिए। वह अपना नाम-पता नहीं बता पाया, इसके लिए आम जनता से निवेदन किया गया है कि यदि कोई उसे पहचानता हो या पता जानता हो तो बताएं । संस्था अपने खर्चे पर उसे घर तक पहुंचाने के लिए हर समय तैयार रहेगी। आज के समाज सेवा कार्य में उत्साह पूर्वक भाग लेने वाले सदस्यों के नाम हैं,अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा भूतपूर्व सैनिक टी के जैन, करण नेताम, शैलेंद्र देहारी, नागेश देहारी, दीपक देहारी ,लखन देहारी,संजय कुंजाम ,सरकार सिंह ,भुवनेश्वर यादव, शंभू यादव, शंकर रजक आदि समाज सेवकों ने भरपूर सहयोग दिया, जिसकी प्रशंसा नागरिकों द्वारा की जा रही है।

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से हो रहा गांव से लेकर शहर तक विकास - संजय सिन्हा

कांकेर / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल हाराडुला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतिम दिवस में शक्ति केंद्र भिरौद के अंतर्गत ग्राम करिहा में घर घर व्यपाक जनसंपर्क किया गया।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व हाराडुला मंडल प्रभारी संजय सिन्हा ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद कर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना,किसान सम्मान निधि,हर घर जल योजना,आयुष्मान कार्ड ,महतारी वंदन, किसानों के लिए 3100 प्रति क्विंटल एक मुश्त धान खरीदी जैसे अन्य योजनाओं को विस्तार से ग्रामीणों को बताया। केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं से प्रदेश के एक- एक गांव से लेकर शहर तक का विकास हो रहा है और इसका सीधा असर ग्रामीणों के दैनिक जीवन मे हो रहे बदलाव को देखा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी का सीधा मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास, गांव के अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुँचे इसके लिए प्रदेश संगठन गांव चलो बस्ती चलो अभियान में लाभार्थियों से रूबरू होकर सीधा संवाद कर रहे है।

अबूझमाड़ में नक्सल खात्मे के बाद अब तेज हुआ सर्चिंग अभियान

काकुर (थाना सोनपुर) क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा निर्मित अंडरग्राउंड ठिकाना ध्वस्त

नारायणपुर / नवप्रदेश। पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत काकुर क्षेत्र (थाना सोनपुर) में संचालित सुरक्षा कैंप के आसपास सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा निर्मित एक अंडरग्राउंड हाउस (भूमिगत ठिकाना) का पता लगाया गया, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया गया। अभियान में सम्मिलित

जवानों द्वारा क्षेत्र में सघन तलाशी ली गई, जिसमें उक्त भूमिगत संरचना का उपयोग नक्सलियों द्वारा छिपने, बैठक करने एवं दैनिक गतिविधियों के संचालन हेतु किया जाना पाया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त ठिकाने को नष्ट कर दिया गया।

सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से नारायणपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नक्सलियों द्वारा छिपाए/लगाए गए आईईडी और अन्य डंप सामग्री को रिकवरी करके आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई. स्कूल में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आधारित एक गतिशील क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सहःकार्यशाला का संचालन श्री नितिन श्रीवास्तव और श्रीमती सबिता चतुर्वेदी द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षकों को छात्रों के भावनात्मक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।सबिता चतुर्वेदी द्वारा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर स्कूली शिक्षकों को ट्रेनिग दिया गया। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसके साथ कई प्रकार के दबाव भी जुड़े होते हैं-जैसे पढ़ाई का तनाव, परीक्षा का डर, प्रतियोगिता और भविष्य की

चिंता ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ है व्यक्ति का भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होना। यह इस बात को प्राभावित करना है कि हम कैसे सोचते है, महसूस करते हैं और व्यवहार करते हैं। आजकल छात्रों में कई समस्याएँ देखने को मिलती है तनाव, चिंता, अवसाद, आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई और करियर का दबाव। कारण अधिक पढ़ाई का दबाव, माता-पिता और समाज की अपेक्षाएँ, सोशल मीडिया का प्रभाव, समय प्रबंधन की कमी नींद और आराम की कमी। मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के उपाय नियमित दिनचर्या बनाएं, योग और ध्यान करें, पर्याप्त नींद लें, सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें। छात्रों के लिए मानसिंक स्वास्थ्य उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। अगर हम अपने मन को स्वस्थ रखेंगे, तो हम अपने लक्ष्यों को बेहतर तरीके से प्राप्त कर पाएँगे।श्री नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल उनकी पढ़ाई में सुधार करना है बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए छात्रों को नियमित दिनचर्या अपनानी चाहिए अपनी मन की बात दूसरों से साझा करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा प्रणाली का एक व्यवस्थित ढांचा के बारे बताते हुये कविता, कहानी एवं अन्य माध्यम से बच्चों के लिए नैतिक शिक्षण प्रदान करने हेतू प्रेरदायक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अंतर्विभागीय समन्वय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में आयोजित की

अंतागढ़ / नवप्रदेश। आज दिनांक 11.04.2026 को अंतर्विभागीय समन्वय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में आयोजित की गई, जिसमें दिनांक 13.04.2026 से प्रारंभ की जाने वाली मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान (यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग) एवं एच.पी.वी. टीकाकरण प्रमुख विषय था। बैठक में मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान के बारे में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भेषज रामटेके ने बताया, कि यह अभियान 13 अप्रैल से 12 मई 2026 तक चलेगी, जिसमें सभी

उम्र वर्ग के सभी व्यक्तियों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी, अलग-अलग टीम के द्वारा घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों की ऊंचाई, वजन, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन व अन्य जांच के साथ-साथ अन्य बीमारियों जैसे टी.बी., हृदय रोग, स्वप्न रोग, मुख कैंसर, मोतियाबिंद, कुष्ठ रोग आदि की भी जांच की जाएगी। जांच उपरांत इलाज की आवश्यकता होने पर इलाज भी किया जाएगा, अथवा समीप के स्वास्थ्य केंद्र में रिफर किया जाएगा। इन सभी गतिविधियों का ऑनलाइन एंट्री की जाएगी।

साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा, आयुष्मान कार्ड से ही इनका पंजीयन प्रारंभ किया जाएगा। उक्त कार्य हेतु टीम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, सेकंड ए.एन.एम., मितानिन होंगे। बैठक में एच.पी.वी. टीकाकरण के बारे में बताया गया, कि यह टीका 14 वर्ष से ऊपर एवं 15 वर्ष से कम उम्र के किशोरियों को लगाया जाएगा, यह महिलाओं को होने वाली गर्भाशय कैंसर से बचाव करेगा।

सरोना मंडल में गांव चलो बस्ती चलो अभियान सफलता पूर्वक संपन्न

कांकेर/सरोना/ नवप्रदेश। । भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर के सरोना मंडल में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संचालित ÷गांव चलो बस्ती चलो अभियान÷ आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।जिसमें कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ जनसंपर्क कर अभियान को सफल बनाया।मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरोना मंडल के अंतर्गत 10 बूथों का चयन किया गया था।जिसमें चोरिया सरोना, डवरखार धनेसरा, पेंड्रावन बरकई दुधावा मांडाभरी मुसुरपुट्टा एवं शामतरा में सघन रूप से अभियान चलाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर जोर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल,जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार झा, जिला मिशन समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा अशासकीय विद्यालयों से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिक्षकों के संलग्नीकरण को समाप्त कर मूल पदस्थापना सुनिश्चित करने तथा एकल शिक्षक अथवा शिक्षक विहीन विद्यालयों की स्थिति न बनने देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर वसंत ने हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विषय विशेषज्ञों की कमी को दूर करने हेतु अतिथि व्याख्याताओं के रिक्त पदों की सूची एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने एवं सत्र प्रारंभ होने से पहले अतिथि व्याख्याताओ की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही, अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में NEET/JEE कोचिंग के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर मेरिट के आधार पर चयनित छात्रों को कोचिंग हेतु भेजने तथा प्रत्येक विकासखंड में कोचिंग सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए। लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार बर्खास्तगी की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में 'न्यूज डेस्क' की स्थापना कर विद्यार्थियों में पठन-पाठन, सामान्य ज्ञान एवं विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास पर बल दिया गया।

बैठक में एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देने, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।साथ ही शिक्षकों का 16 जून तक शत-प्रतिशत पंजीयन कराने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में बोरवेल स्थापना, अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं पीएमश्री विद्यालयों से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

अंबेडकर की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। 14 अप्रैल को 11:00 बजे स्टेशन रोड शक्ति स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के पास श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया जाएगा तथा संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण किया जाएगा एवं कांग्रेस जनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा इस अवसर पर सभी कांग्रेस जनों से एवं नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राठौर ने किया है। उक्त जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी सक्ती के महामंत्री अधिवक्ता राकेश महंत ने दिया।

परशुराम जयंती मनाने को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्राह्मण अग्रज भगवान परशुराम की जयंती मनाएं जाने को लेकर ब्राह्मण समाज इकाई लखनपुर की बैठक प्राचीन स्वयं- भू शिव मन्दिर में शनिवार को अध्यक्ष बृजेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में आपसी विचार विमर्श किया कि बस स्टैंड में स्थापित भगवान परशुराम जी के प्रतिमा के समीप पूजा अर्चना करने के बाद भगवान शिव शंकर, हनुमान जी तथा मां दुर्गा के दर्शन पूजन आरती उपरांत सार्वजनिक रूप से स्वजनो को भोजन भंडारे में प्रसाद वितरण किये जाने पर सहमति बनी। साथ ही चर्चा में विचार रखी गई कि समाज के बच्चों का धार्मिक वेद पुराणो की जानकारी से सम्बंधित प्रतियोगिता आयोजन कराई जाकर पुरूस्कृत किया जाये ताकि ब्राह्मण समाज में एक अच्छा संदेश जाये।दूर गांवों में निवासरत समाज से कटे ब्राह्मण स्वजनों को संगठन से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। बैठक में समाज के लोगों के उपस्थित नहीं होने पर भी गंभीर वार्ता हुई। गायत्री मंत्रोच्चार के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में बृजेन्द्र पांडेय,शशीधर पांडेय, शशी भूषण पांडेय, उपेन्द्र दुबे, शैलेश पांडेय, डॉ रवि भूषण पांडेय, राकेश पांडेय सुरेश शुक्ला मुन्ना पांडेय यतेन्द्र पांडेय विजय शुक्ला, राजेश गौतम अमितेश गौतम राम ,सुजान द्विवेदी शक्ति पांडेय नितिश दिहुलिया सावन पांडेय उत्कर्ष पांडेय अनुराग पांडेय समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देश पर आज नगर मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत् नगर में आज कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम के अंतर्गत वार्डों में पात्र हितग्राहियों से संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया जा रहा है उनको मिलने वाला लाभ के बारे में बताया जा रहा है यदि किसी किसी पात्र हितग्राही को लाभ नहीं मिल पा रहा है तो उनको योजना का लाभ दिलाने का भी कार्य इस कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी कर रहे हैं। आज रामगोपाल तिवारी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके प्रभारी ऋमशः प्रवीण सोनी, मन्नूलाल श्रीवास्तव एवं जीवन पटेल रहे, उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शैलेष पाठक, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई नपा उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वासुदेव देवांगन, भुवनेश्वर साहू,विजय यादव,रवि साहू,राजा तंबोली, मनोज मिश्रा दीपक सोनकर, राहुल पाठक अवधेश पाठक, वैभव ताम्रकार शैलेन्द्र यादव, हरेश दरडा,नीलेश पेंढारकर, रितिमा लाल,यशोदा यादव श्वेता सोनी, होरीलाल सोनकर, आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

पशुओं के लिए 'कोटना' पानी की नाद का वितरण किया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। सेवा भारती संस्था द्वारा लगातार गौ रक्षा के लिए प्रयास किए जाते रहे है, इसी तारतम्य में पशुओं के पानी की प्यास बुझाने के लिए कोटना का वितरण किया गया है समिति के सदस्यों ने नागरिकों से सहयोग मांगते हुए पशु-पक्षी के लिए घरों घर कोटना वितरण का कार्य किया गया था ताकि पशुओं को पानी कि व्यवस्था की जा सके। पिछले 2-3 वर्षों से सेवा भारती के द्वारा नगर में पशुओं के लिए कोटना रखा गया। राजेंद्र वैष्णव के द्वारा शुभारंभ करके नगर में बेजुबान पशुओं के लिए कोटना रखा गया।

मुंगेली का विश्वास: भाजपा के साथ

***संघर्ष से शिखर तक... एक अटूट विश्वास का सफरनामा**

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफरनामा किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है, हाँ एक दौर में यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, मगर भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा व सतत् संघर्ष के कारण यह आज भाजपा का एक अभेद्य किला बन चुका है। जिले की राजनीति में कमल के खिलने और फिर उसकी जड़ें गहरी होने की कहानी मे कई किरदारो का अहम योगदान रहा है।

एक दौर था जब जिले बदलाव की राह देख रहा था, और आज एक दौर है जहाँ जिला खुद बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। यही नही जहां मध्यप्रदेश के समय संगठन का नाम चलता था, वही आज छत्तीसगढ में भाजपा का रखरखाव कायम है जहां से 11 लोकसभा सीट में से 1 सीट में तोखन साहु केन्द्रीय मंत्री के रूप मे सेवा दे रहे है, दिल्ली में वही प्रदेश की बागडोर संभाले हुए है, वर्तमान में उपमुख्यमंत्री अरूण साव जिसे आज छत्तीसगढ का विकास पुरूष के नाम से जाना जा रहा है वहीं पर 11वे बार के जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहे पूर्व सांसद मंत्री व वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले जो अपने कार्यकुशलता व क्षेत्र में लोकप्रिय व्यवहार कुशल सलाहकार रह कर अपनी सेवा दे रहे है। धरमलाल कौशिक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक बिल्हा, जिनको संगठन व सत्ता का कार्य करने का अनुभव है ऐसे व्यक्तित्व के लोग जिले में सरकार एवं भाजपा का नेतृत्व कर रहे है, जिले में खिले हुए कमल और भारतीय जनता पार्टी कि अपनी एक अलग पहचान है। इस पार्टी को प्रारंभिक दौर में भारी कठिनाईयों से गुजरना पडा, संस्थापक के रूप में अनेक कार्यकर्ताओं ने तन-मन-धन से कार्य किया है। पार्टी को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने वालो मे निरंजन केशरवानी, फुलचंद जैन, डॉ. भानु प्रताप गुप्ता और मुनीराम साहू तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों-हजार समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपने अथक परिश्रम से जिले को भाजपा का गढ़ बनाया। आज

भी भाजपा के ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा पुरानी परिपाटी को जीवंत रखकर बनाए रखने में जुटे हुए हैं। अविभाजित जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरिश शुक्ला ने अपनी अमिट छाप छोडी थी। जिला बनने के बाद प्रंथम अध्यक्ष के रूप मे लखन लाल साहू बने शांत सोम्य व्यक्तित्व के धनी श्री साहु नें पार्टी को उचाईयों तक पहुंचाया और अध्यक्ष रहते हुए सांसद तक का सफर तय किया उसके पश्चात् अध्यक्ष बने कोमलगिरी गोस्वामी नें पार्टी को संगठात्मक रूप से पार्टी को मजबुत किया और जिला अध्यक्ष के पद पर रहते हुए जिले में भाजपा का परचम लहराये थे इसके पश्चात् अध्यक्ष का दायित्व शैलेष पाठक निर्वहन किया जिन्हे सत्ता व संगठन चलाने का अनुभव था। वर्तमान में जिला अध्यक्ष का दायित्व दीनानाथ केशरवानी निभा रहे है, जिले मे भाजपा की स्थिति यह है की एक सांसद तीन विधायक के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहीत 11 सदस्य जिले मे तीन जनपद मुंगेली, लोरमी और पथरिया अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहीत पूर्ण बहुमत के सदस्य जिले में चार नगर पंचायत बरेला, जरहागांव, पथरिया, सरगांव जिले के दो नगर पालिका मुंगेली लोरमी जिसमें लोरमी मे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंगेली नगर पालिका में उपाध्यक्ष, एवं अपवाद स्वरूप नगर पालिका अध्यक्ष को छोड दे तो जिले में सभी जगहो पर भाजपा का परचम लहरा रहा है, अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के अनुसार जिले में सभी जीत का श्रेय मंत्री, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत एवं मार्ग दर्शन पर जीत हासिल हुई है यह भाजपा कार्यकार्ताओं की पार्टी है।

भाजपा के आधार स्तंभ, व पहचान

दिल्ली में मुंगेली की गूँज-तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में लोरमी से दिल्ली तक के सफर ने साबित कर दिया कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। तोखन साहू वर्तमान में केंद्र में राज्य मंत्री हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा लोरमी से शुरू होकर दिल्ली तक पहुँची। जो जिले में भाजपा के बढ़ते कद का प्रमाण है।

विकास पुरूष- अरुण साव मुंगेली की माटी का वह लाल, जिसने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में आज जिले का मान पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ाया है। श्री साव ने 2023 में लोरमी विधानसभा सीट से बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले वे सांसद और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन को नई ऊर्जा दे चुके थे।

अजेय योद्धा-पुन्नूलाल मोहले जिनके नेतृत्व में मुंगेली भाजपा का वह अभेद्य किला बना, जिसे आज तक कोई भेद न सका। लगातार जीत का ऐसा रिकॉर्ड, जो मुंगेली की जनता के प्रेम की गवाही देता है। मुंगेली भाजपा के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि 2018 की कांग्रेस लहर में भी पुन्नूलाल मोहले ने यहाँ से अपनी सीट बचाए रखी थी, जबकि आसपास की कई सीटें भाजपा हार गई थी। जिले की राजनीति में सबसे बड़ा नाम श्री मोहले का है। उनका सफरनामा भाजपा की ताकत का पर्याय है वे न केवल कई बार विधायक रहे, बल्कि बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से 4 बार सांसद भी चुने गए। चाहे वह अविभाजित मध्य प्रदेश का दौर हो या नया छग, मोहले जी सदैव अपार जनसमर्थन के साथ विजयी रहे।

नवागांव (घु) में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत नवागांव (घु) में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई। तहसीलदार मुंगेली के नेतृत्व में मुंगेली पुलिस की उपस्थिति में शांति और सुव्यवस्था के साथ संपन्न हुआ। वर्षों से जमा घुरवा कचरा एवं गोबर के ढेर को भी साफकराया गया।

तहसीलदार कुणाल पाण्डेय ने बताया कि यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के प्रस्ताव एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार की गई है। पुलिस की मौजूदगी के कारण पूरे अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस अभियान के बाद ग्राम नवागांव (घु) में सड़कें साफ सुथरी नजर आईं और आम नागरिकों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव का वातावरण स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनेगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच नारायण साहू सहित पंचगण मौजूद रहे।

एकलव्य विद्यालय में 'समरसता सप्ताह' का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित 'समरसता सप्ताह' के द्वितीय दिवस पर प्रेरणादायी ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके विचारों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका बिनंदिता सरकार एवं शिक्षक सतीश शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, समानता, एकता एवं संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, उनके अद्वितीय योगदान तथा भारतीय समाज में उनके द्वारा स्थापित आदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और महत्वपूर्ण सीख ग्रहण की। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने कक्षाओं में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रत्येक छात्र-छात्रा इस प्रेरणादायी प्रस्तुति से लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण एवं प्रेरणादायी संदेशों के साथ हुआ।

निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित अर्हता तिथि 01 अप्रैल 2026 के आधार पर तैयार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 13 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक संबंधित रिक्त पदों के लिए तैयार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी दावा-आपत्तियां निर्धारित प्रपत्रों में स्वीकार की जाएंगी। जिन मतदाताओं का नाम प्रारंभिक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में नाम दर्ज है, वे फॉर्म-क 1 के माध्यम से स्थानीय निर्वाचन की निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी ने बताया कि रिक्त पदों में नगर पंचायत सरगांव वार्ड क्रमांक 7 (पार्षद) सहित जिले के लोरमी, मुंगेली एवं पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्रों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पद शामिल हैं।

करंट लगने से वानर की दर्दनाक मौत, सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के गर्ल्स स्कूल मार्ग में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां करंट लगने से एक वानर की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष को सूचित किया।

जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष श्री शुक्ला घटना स्थल पर पहुंचे, श्री हनुमान के प्रति अपनी गहरी आस्था और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्होंने वानर के शव को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की व्यवस्था की। इसके

बाद बड़ा बाजार स्थित नदी किनारे पूरे विधि-विधान के साथ वानर का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला के साथ योगेश ताम्रकार और काके उत्पल भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रद्धापूर्वक वानर को अंतिम विदाई दी। इतना ही नहीं, वानर की स्मृति में एक पीपल का पौधा भी लगाया गया, जिसे श्रद्धांजलि का प्रतीक माना गया। यह घटना न केवल एक दुखद हादसा है, बल्कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और पशु प्रेम की भावना समाज के लिए एक प्रेरणा भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार का कार्य समाज में जीवों के प्रति दया और करुणा की भावना को मजबूत करता है। प्रशासन से यह भी अपेक्षा की जा रही है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाया जाए।

दौरा

कृषि मंत्री ने वन शहीद स्मारक का किया लोकार्पण, शहीद वन कर्मियों के बलिदान को किया नमन

वन-पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी : नेताम

बलरामपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास विभाग के मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी कार्यालय परिसर में वन शहीद स्मारक का लोकार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, उपाध्यक्ष बबली देवी अन्य जनप्रतिनिधिगण,कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मंत्री रामविचार नेताम ने आयोजित कार्यक्रम में वन शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि परिसर में निर्मित शहीद स्मारक उन वन कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन के दौरान नक्सलियों के हाथों अपने प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि

दूरस्थ एवं विषम परिस्थितियों में वनों और पर्यावरण की सुरक्षा करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। वन कर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वन संपदा और वन्य प्राणियों की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि अवैध कटाई, वनाग्नि, अवैध कब्जा और अवैध शिकार जैसी गतिविधियों से वनों को लगातार खतरा बना हुआ है, ऐसे में वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने वन शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि वनों और पर्यावरण के कारण ही मानव जीवन संभव है, इसलिए इनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। मंत्री नेताम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जंगलों पर आश्रित हैं, इसलिए वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं से अनेक वनस्पतियां, औषधीय पौधे, जड़ी-बूटियां एवं वन्य प्राणी नष्ट हो रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वनों की रक्षा के लिए आगे आएं और अवैध कटाई, अवैध कब्जा एवं वनाग्नि जैसी गतिविधियों को रोकने में सहयोग करें।उन्होंने बढ़ती गर्मी के मौसम में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता बरतने तथा अमानवीय कृत्यों पर सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध वन संपदा का संरक्षण करे। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि आज का दिन गौरव का क्षण है।

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने किया भिलाई स्टील प्लांट का भ्रमण

■ प्रोजेक्ट साइट का अवलोकन किया, महत्वपूर्ण सुझाव के साथ दिए दिशा-निर्देश।

भिलाई/नवप्रदेश। एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई आए इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ सेल के निदेशक (कार्मिक) व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सेल) (अतिरिक्त प्रभार) कृष्ण कुमार सिंह व संयुक्त सचिव (इस्पात मंत्रालय), भारत सरकार अभिजीत नरेंद्र भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम इस्पात सचिव को भिलाई निवास में सीआईएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने अतिथियों का भिलाई निवास में स्वागत किया गया। इसके बाद इस्पात सचिव (भारत सरकार) संदीप पौंड्रिक आईएएस, कृष्ण कुमार सिंह और अभिजीत नरेंद्र सहित गणमान्य अतिथि 'इस्पात भवन' में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में सम्मिलित

हुए। बैठक के दौरान इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक, कृष्ण कुमार सिंह, अभिजीत नरेंद्र ने निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र और बीएसपी के कार्यपालक निदेशकों सहित बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद किया। बैठक में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) व सीएमएलओ कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ विनीता द्विवेदी और संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार ने रावघाट में चल रही गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर एक सारगर्भित प्रस्तुति दी। संयंत्र के प्रमुख बिंदुओं, उत्पादन प्रदर्शन, तकनीकी-आर्थिक मानकों, उत्पाद मिश्रण, वित्तीय प्रदर्शन और उत्पादन लागत पर उप प्रबंधक (जनसंपर्क) शालिनी चौरसिया ने विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सचिव (इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार), संदीप पौंड्रिक ने संयंत्र प्रबंधन को भविष्य में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने और स्थायी लागत में कमी लाने का आह्वान किया। संयंत्र भ्रमण के प्रारंभ में वे सर्वप्रथम मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र से वे भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी नं. 8 गए, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट साइट का अवलोकन किया और महत्वपूर्ण सुझाव व दिशा-निर्देश साझा किए। संयंत्र भ्रमण के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को इस्पात भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना हो गए।

न्यूज गैलरी

यूथ सिख सेवा समिति ने जमा की जरूरतमंद बेटी की फीस

भिलाई। समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी संस्था यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने एक बार मानवसेवा का उदाहरण पेश किया है। समिति को पता चला कि सेक्टर-7 में बीएसपी के किराए के मकान में मां और बेटी निवास करते हैं। पिता का देहांत हो चुका है। बेटी ने हाल ही में 12 वीं की परीक्षा दी है। माँ घरों में खाना बनाकर परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। बेटी की विद्यालय की फीस जमा नहीं हो पाई थी। एमजीएम विद्यालय द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क में छूट प्रदान किए जाने के बाद शेष राशि 16,120 रुपए का चेक यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और उनकी टीम द्वारा प्रदान किया गया।

संजय ने दिया आप से इस्तीफा

दुर्ग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव और पाटन विस प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होने इस्तीफे की वजह पार्टी में वैचारिक कारणों को बताया है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व महासचिव को पत्र प्रेषित कर इस्तीफे की सूचना दे दी है। युवा नेता संजय सिंह पूर्व में आम आदमी पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। बाद में उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव की महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई। इससे पहले संजय सिंह ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़कर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली थी। अब उन्होने आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी छोड़ दी है।

पानी सप्लाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नपा अध्यक्ष ठाकुर

जामुल। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने आज शिवनाथ नदी झेंझरी में स्थित इंटकवेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि पानी सप्लाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जामुल से 20 किमी दूर झेंझरी स्थित शिवनाथ नदी के इंटेकवेल से नगर पालिका क्षेत्र में पानी सप्लाई होती है। इंटेकवेल में ड्यूटी करने वाले ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार का अवरोध होने पर तत्काल संबंधित प्रभारी को सूचना दें। फिल्टर प्लांट के आपरेटरों को भी विभिन्न वार्डो में पानी सप्लाई की निगरानी करने कहा गया है। ठाकुर ने पानी का प्रेशर कम होने पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। सभी अधिकारी कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान जल प्रभारी दयालु जंघेल, विद्युत प्रभारी रवि चौहान को अतिरिक्त मोटरपंप और विद्युत सामग्री की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गए।

राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कर्मचारियों का सम्मान

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग में वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में राजस्व वसूली की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली को और अधिक गति देने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स के बकायेदारों पर कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन काटने, वारंट जारी करने और आवश्यकतानुसार दुकानों को सील करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम के सभी वार्डों में सबसे ज्यादा वसूली न्यू आदर्श नगर वार्ड में की गई। यहां के राजस्व विभाग के कर्मचारी राजेश ताम्रकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उरला वार्ड से शिवा परिहार दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

पीलिया के 9 मरीज और मिले

भिलाई। सेक्टर 7 वार्ड-67 में सड़क 37 ए में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 11 अप्रैल को डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन और डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी ने बताया कि आज प्रभावित क्षेत्र में 104 घरों का भ्रमण कर 9 पीलिया से ग्रसित नए मरीजों की पहचान की गई। आज तक कुल 24 पीलिया के मरीज़ मिले। भर्ती मरीजों में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साईंस भिलाई में 5, पल्स हास्पिटल, भिलाई में 4 उपचाररत है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

दक्षता, निष्पक्षता और न्याय के प्रति सतत समर्पण न्याय पालिका की शक्ति को परिभाषित करते हैं : रमेश सिन्हा

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमीनार का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा जिला न्यायालय, दुर्ग में किया गया। सेमीनार में दुर्ग संभाग के पाँच सिविल जिलों से कुल 120 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्याय एवं विधिक ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप का प्रज्वलन कर सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार में न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि चयनित विषय अत्यंत व्यावहारिक महत्व के हैं और निचली अदालतों के समक्ष आने वाली दैनिक चुनौतियों को प्रतिबिंबित करते हैं। मुख्य न्यायाधिपति ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डाला और ई-साक्ष्य की अवधारणा, विशेष रूप से भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता पर चर्चा की। न्यायाधिपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेमिनार प्रतिभागियों के ज्ञान और कौशल को समृद्ध करेगा। न्यायिक कार्यों में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। न्यायपालिका की शक्ति उसकी दक्षता, निष्पक्षता और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता में निहित है। न्यायिक अधिकारियों की भूमिका विधि के शासन को सुदृढ़ करने और जनता के विश्वास को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग ने स्वागत भाषण दिया। निधि शर्मा तिवारी, निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर ने परिचयात्मक भाषण दिया। उद्घाटन सत्र का समापन दुर्ग के द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। सेमिनार का महत्वपूर्ण और निर्णायक क्षण मध्यस्थता 2.0 आईएआईएसएजीआर - दुर्ग के लिए मध्यस्थता रणनीति मॉडल नामक प्रकाशन का विमोचन था, जिसका अनावरण मुख्य न्यायाधिपति के हाथों हुआ। सेमिनार में कुल 120 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। सेमिनार में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं न्यायिक अधिकारियों की दक्षता वृद्धि के उद्देश्य से एक रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ एफ्टीएससी (पॉक्सो), दुर्ग द्वारा भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, धमधा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की महत्वपूर्ण धाराओं, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग और न्यायिक प्रक्रियाओं में आए बदलावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण और दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा व राजनांदगांव जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जेंडर विशेषज्ञ भर्ती के लिए मेरिट सूची जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग द्वारा 'मिशन शक्ति' के तहत संचालित महिला सशक्तिकरण केंद्र हब में जेंडर विशेषज्ञ के रिक्त पद की पूर्ति हेतु चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। विभाग द्वारा आवेदकों से प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अब मेरिट सूची आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। इस सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। अभ्यर्थी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (दुर्ग) के सूचना पटल पर भी सूची देख सकते हैं। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेरिट सूची में स्थान पाने वाले पात्र अभ्यर्थियों के लिए अगली कड़ी में कौशल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कौशल परीक्षा की तिथि, समय और स्थान की जानकारी साझा की जाएगी।

4.75 किलो गांजा, शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। गांजा तस्करी और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खुर्सीपार, सुपेला और नंदिनी नगर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 4 किलो 750 ग्राम गांजा, देशी शराब और नगद रकम जब्त की गई है। डीएसपी यदुमनी सिदार ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र के देवार पारा में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुलेआम गांजा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर अमजद देवार 52 निवासी देवार पारा को पकड़ा। तलाशी में आरोपी के पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा (कीमत 1 लाख रु) और 400 रुपये नगद बरामद किया गया। सुपेला थाना क्षेत्र में लक्ष्मी मार्केट स्थित कचरा मैदान के पास अंबेडकर नगर निवासी सौरभ साखरे उर्फ सोनू 20 को घेराबंदी कर गांजा बेचते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 2 किलो 250 ग्राम गांजा (कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये) और 1 मोबाइल बरामद किया।

एमएमएस कांड: विधायक देवेंद्र ने दिये फोटो-वीडियो के सैंपल

■ कहा- हमने कराई एफआईआर, नोटिस-नोटिस खेलने की जरूरत नहीं

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चर्चित एमएमएस कांड को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शनिवार को भिलाई नगर थाना पहुंचे और पुलिस को अपना फोटो और वीडियो सैंपल दिया। पुलिस ने इसे रिकॉर्ड में लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया है। अब इस सैंपल को आगे जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि वायरल वीडियो की सच्चाई सामने लाई जा सके।

इस मामले में पुलिस ने विधायक को पहले भी कई बार नोटिस भेजा था। हाल ही में 6 अप्रैल को नोटिस दिया गया था, जिसके बाद वे शनिवार को थाने पहुंचे और थाना प्रभारी के सामने फोटो-वीडियो की सैंपलिंग कराई। पुलिस अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड में दर्ज की है।

थाने में थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा की मौजूदगी में फोटो और वीडियो सैंपल लिया गया। पुलिस इस सैंपल को तकनीकी जांच के लिए भेजेगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि वायरल वीडियो असली है या मॉर्फ्ड। थाने जाने से पहले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने एफआईआर दर्ज कराई है। 3 साल पहले एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिससे लोगों के बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया था। इस मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। इसी मामले में मुझे एक नोटिस आया था।

देवेंद्र ने कहा कि थाने से जारी नोटिस में उन्हें 6 तारीख को सुबह 11 बजे थाने पहुंचने कहा गया था। दिलचस्प बात ये है कि उनके यहां 6 तारीख को दोपहर 1 बजे नोटिस पहुंचा।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 14.77 लाख के सोने व चांदी के जेवर के साथ कैश जब्त

भिलाई/नवप्रदेश। थाना अमलेश्वर पुलिस ने चोरी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम बरामद किया गया है। कार्रवाई में पुलिस ने कुल 14 लाख 77 हजार 757 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने 25 से 29 जनवरी के बीच घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम पार कर किया। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तीन आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी, भुनेश्वर उर्फ नानू यादव और तुलेश्वर उर्फ

टिल्लू सोनकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके कब्जे से करीब 8 लाख 22 हजार 480 रुपए की संपत्ति बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पूछताछ में आरोपी तुलेश्वर सोनकर ने चोरी की संपत्ति अपने जीजा गौरीशंकर खुटे को देने की बात कबूल की। पुलिस ने गौरीशंकर खुटे (28 वर्ष), निवासी मेढापाली (शक्ति), हाल इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-02, डीडी नगर रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर सोने-चांदी के जेवर और 2 लाख 18 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। इस तरह पूरे मामले में कुल जब्त संपत्ति की कीमत 14 लाख 77 हजार 757 रुपए पहुंच गई है। जब्त सामग्री में सोने के जेवर (हार, अंगूठी आदि), चांदी के जेवर (पायल, चैन, बिछिया आदि), नगद रकम 2,18,000 रुपये शामिल है।

अंडर 20 कुश्ती का महासंग्राम, देशभर के पहलवान कर रहे जोर-आजमाइश

भिलाई/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रथम बार आयोजित अंडर 20 कुश्ती का महासंग्राम रोमांचक होता जा रहा है। यहां देश भर के पहलवान कुश्ती के दांव पेंच आजमा रहे हैं। कुश्ती के संग्राम में दूसरे दिन बालक वर्ग के कुल 240 मुकाबले हुए। 10 पहलवानो को गोल्ड ,10 को सिल्वर और 20 पहलवानो को ब्रॉन्ज मैडल और प्रशस्ति पत्र दिये गए। अंडर-20 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को भी मैडल हासिल हुआ। सांसद विजय बघेल ने बताया कबड्डी टीम का खेल है, लेकिन पहलवानी एकल गेम हैं, जिसके लिये हर खिलाड़ी, हर पहलवान को तपना पड़ता है। अनुशासनपूर्वक कठिन संघर्ष

करना पड़ता है। आयोजन के संदर्भ में निशु पाण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ पहलवान, उपाध्यक्ष व प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य भाजपा भूपेंद्र यादव और उनकी पूरी टीम ने इस आयोजन हेतु सांसद बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुश्ती के महासंग्राम का समापन रविवार 12 अप्रैल को होगा। आयोजक़ समिति के सदस्य वीरेन्द्र यादव पहलवान, भाजपा के पूर्व पार्षद और प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के विशेष आमंत्रित सदस्य देवेंद्र यादव, जी सुरेश बाबे, शशिकांत बघेल, राघवेंद्र सिंह, अजय पानिकर, राजेश सिंह, विश्वरतन सिन्हा, प्रमोद सिंह, सुधीर बंसल, डाकेश्वर परगनिहा और कल्पना स्वामी ने अंतिम दिन का महा मुकाबला देखने भिलाई-दुर्गवासियों से उपस्थिति का आव्हान किया है।

रूंगटा आर-1 कॉलेज में फाइनल ईयर छात्रों को मिला यादगार फेयरवेल

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (रूंगटा आर-1 कॉलेज) में शनिवार को फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और यादगार विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैंपस में उत्साह, उमंग और भावुकता का अनोखा संगम देखने को मिला। सीनियर छात्रों के लिए आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम को खास बनाने के लिए जूनियर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्रों के स्वागत से हुई। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के कॉलेज परिसर पहुंचने पर जूनियर छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। फूलों की वर्षा कर और माथे पर तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। पारंपरिक और आत्मीय स्वागत ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सीनियर्स के लिए उनकी क्लासरूम को भी विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और पोस्टर्स से सजी कक्षाओं में छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन को याद किया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सीट पर बैठकर उन खट्टे-मीठे पलों को याद किया, जो उन्होंने पिछले वर्षों में साथ बिताए थे। कई छात्र इस दौरान भावुक भी हो गए और अपने दोस्तों के साथ बिताए समय को याद करते नजर आए। फेयरवेल समारोह में सीनियर छात्र-छात्राएं पूरी तरह सजे-धजे अंदाज में पहुंचे। डीजे की धुन पर उन्होंने जमकर डांस किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

पेज 1 का शेष...

होर्मुज हमारे कंट्रोल में, ...

जहाज यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईरान और अमेरिका के बीच कल पाकिस्तान में 21 घंटे चली शांति वार्ता बेनतीजा रही। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है।

महिला आरक्षण बिल...

फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर समर्थन मांगा। पीएम ने लिखा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को पूरे देश में सही मायनों में लागू किया जाए।

बस ने पिकअप को...

पहले एक बाइक को उड़ाया इसके बाद पिकअप से टक्कर हुई। पिकअप सवार सभी झारखंड से मेला देखकर लौट रहे थे। हादसे के बाद ष्ट्ररू ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद का ऐलान किया है। पहले बाइक को उड़ाया फिर पिकअप से टक्कर हुई

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'शनिवार देर शाम हम कटिहार के आसपास थे। अचानक से तेज आवाज आई, जैसे बम फटा हो। कुछ भी समझ नहीं आया। सड़क पर लाशें बिछ गईं। हमारे पिकअप का ड्राइवर स्टीयरिंग में फंस गया। लोगों ने रॉड से स्टीयरिंग सीधी कर उसके शव को बाहर निकाला। बस की स्पीड 100 से ज्यादा थी।

उसने पहले 2 बाइक सवारों को टक्कर मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित होकर हमारी पिकअप से टकरा गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसी रेफर किया गया, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। रेस्क्यू शुरू किया गया। क्रेन से गाड़ियों को हटाकर सड़क पर जाम खत्म कराया गया।'

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई...

कर सकते हैं। गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी। यात्रा के लिए अनंतनाग से पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबा बालटाल रूट खुला रहेगा।

देशभर के 556 बैंक ब्रांच में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन : एलजी सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए यस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक की ब्रांचेस में यात्रा के रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध रहेंगे।

यात्रा में इस बार ...

- मनोज सिन्हा के मुताबिक पिछले सालों की तुलना में व्यवस्थाओं में 25% की वृद्धि की गई है।

- ट्रैकिंग और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आरएफआईडी कार्ड की शुरुआत की गई है।

- तीर्थयात्रियों के लिए ग्रुप एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कवर को दोगुना करके 5 लाख से 10 लाख कर दिया गया है।

भाजपा का 'गांव चलो-घर चलो' अभियानः खैरखुटा में जनसंपर्क, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

पिथौरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'गांव चलो-घर चलो' अभियान के तहत आज ग्राम खैरखुटा में भाजपा नेताओं ने सघन जनसंपर्क किया।

इस दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक सहकारी समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे पुष्पराज गजेंद्र खेल एवं युवा प्रमुख सौरभ अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि दिलीप निषाद युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य पवन अग्रवाल सोनू तिवारी सहित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी और उनकी समस्याओं पर चर्चा की।

स्थापना दिवस से अंबेडकर जयंती तक विशेष अभियान भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) से लेकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) तक पूरे देश और प्रदेश में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करना है।अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने मुख्य रूप से योजनाओं पर फीडबैक लिया महतारी वंदन योजनाः महिलाओं को मिल रही आर्थिक सहायता की जानकारी ली गई।प्रधानमंत्री आवास योजनाः जिन ग्रामीणों के आवास अधूरे हैं या जिन्हें पात्रता के बावजूद लाभ नहीं मिला, उनसे चर्चा की गई।उज्ज्वला योजनाः गैस कनेक्शन के उपयोग और उपलब्धता पर संवाद किया गया।

स्वप्निल तिवारी ने जोर देकर कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण को इन योजनाओं का लाभ लेने में कोई तकनीकी या प्रशासनिक दिक्कत आ रही है, तो भाजपा कार्यकर्ता उसे नोट कर रहे हैं। इन समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।इस दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याये भी रखी और सरकार की योजनाओं से मिल रहे हित व सरकार की योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला कार्यमिति सदस्य डिगेश प्रधान प्रधान थबीर साहू बलदेव प्रधान.रंजीत सेठ. रायधर प्रधान. नवीन सेठ.उपेंद्र साहू. त्रिविक्रम साहू.कमल सेठ. सुखसागर पटेल.गजानंद निषाद. तुषार प्रधान. उत्तर प्रधान. बेनुधर प्रधान.कीर्ति यादव. साहिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

- **पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में वारदात, टीआई समेत कई पुलिसकर्मी घायल**
- **शासकीय कार्य में बाधा सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज**

महासमुंद/नवप्रदेश। शराब मामले के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में सांकरा थाना प्रभारी (टीआई) उत्तम तिवारी, प्रधान आरक्षक, महिला आरक्षक सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को वरिष्ठ अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर सांकरा टीआई उत्तम तिवारी अपनी टीम के साथ थाना पटेवा पहुंचे थे। यहां वे आबकारी एक्ट के अपराध क्रमांक 37/2026 के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त कार्रवाई कर रहे थे। इस दौरान थाना पटेवा, रक्षित केंद्र महासमुंद, एसडीओपी कार्यालय महासमुंद, एसडीओपी कार्यालय पिथौरा, थाना अजाक और थाना तुमगांव से भी पुलिस बल मौजूद था।

कार्रवाई के दौरान ग्राम पचरी में आरोपियों और उनके सहयोगियों ने अचानक पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बल की मदद से किसी तरह टीम ने खुद को सुरक्षित किया।

घटना के बाद सांकरा टीआई उत्तम तिवारी ने थाना पटेवा में आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, हमला करने समेत विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

डोंगराभाटा सोसायटी में केसीसी लोन गड़बड़ी का बड़ा मामला

किसानों को पता नहीं और उनके नाम पर निकाल लिया गया लोन

- **किसानों ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप**

छुईखदान/नवप्रदेश। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के डोंगराभाटा स्थित सहकारी सोसायटी में केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि उनके नाम पर बिना जानकारी के लोन निकाल लिया गया या राशि में गड़बड़ी की गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि अब तक एक दर्जन से अधिक किसान इस मामले में सामने आ चुके हैं, जबकि कई अन्य किसान भी इसी तरह की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन अभी खुलकर सामने नहीं आए हैं। किसानों का कहना है कि लोन की राशि, ब्याज और खाते की जानकारी में पारदर्शिता नहीं रखी गई, जिससे संदेह और बढ़ गया है।

इस मामले को लेकर किसानों ने पहले ही कलेक्टर और एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा जांच टीम गठित की गई है, जो दस्तावेजों और खातों की जांच कर रही है। जांच के दौरान बड़ी संख्या में किसान सोसायटी पहुंचे और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

किसानों ने आरोप लगाया कि सोसायटी में कुछ कर्मचारियों द्वारा मनमानी करते हुए नियमों का उल्लंघन किया गया है। कई किसानों ने यह भी दावा किया कि उन्हें लोन की पूरी जानकारी दिए बिना ही कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। वहीं, कुछ मामलों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राशि निकाले जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों ने मामले को गंभीर बताते हुए पूरे जिले की सहकारी समितियों की व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला और बड़ा रूप ले सकता है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों को न्याय दिलाया जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं।

फिलहाल प्रशासन ने जांच तेज कर दी है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और किसानों को कब तक राहत मिलती है।

विवादों में बीईओ छुईखदानः दफ्तर बंद, अधिकारी गायब, जिम्मेदार कौन?

छुईखदान/नवप्रदेश। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) छुईखदान कार्यालय इन दिनों लगातार विवादों में घिरता नजर आ रहा है। एक के बाद एक सामने आ रही अनियमितताओं ने पूरे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी स्थिति को और गंभीर बना रही है।

पूर्व में भी कार्यालय में बिना विभागीय नियमों के सीएसी को संलग्न कर टेबल, कंप्यूटर और अलमारी सहित कार्यालयीन कार्यों में शामिल करने का मामला सामने आया था, जिसकी खबरें विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुईं। इसके बावजूद न तो बीईओ द्वारा कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई की गई।

इसके अलावा पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक पदोन्नति के मामले में भी तीन शिक्षकों को कथित रूप से ÷पेपर वरिष्ठता÷ के आधार पर गलत तरीके से प्रस्तावित करने का मामला प्रकाश में आया। इस संबंध में भी न तो किसी प्रकार की जांच हुई और न ही विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने आया।

इसी कड़ी में शनिवार, 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जब नवप्रदेश के संवाददाता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय छुईखदान पहुंचे, तो कार्यालय में ताला लटका मिला। मौके पर न तो कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही स्वयं अधिकारी। जानकारी के अनुसार शनिवार को बाबुओं की छुट्टी हो सकती है, लेकिन अधिकारी का अनुपस्थित रहना और कार्यालय का बंद रहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

इस संबंध में जब अधिकारी से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो फोन ÷आउट ऑफ सर्विस÷ बताया गया। कार्यालयीन समय में इस तरह की स्थिति प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े करती है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि बीईओ छुईखदान कार्यालय व्यवस्था के बजाय अव्यवस्था का केंद्र बनता जा रहा है।

न्यूज गैलरी

मायके आने पर पति ने की पत्नी से मारपीट, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला के साथ उसके ही पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मौहारीभांठा निवासी संतोषी सेन ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति तेजेंद्र कुमार सेन के साथ रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर में रहकर ब्यूटी पार्लर का कार्य करती है। 9 अप्रैल को वह अपने मायके महासमुंद आई हुई थी। बताया गया कि 10 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे, जब वह रायपुर लौटने की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान उसका पति नशे की हालत में वहां पहुंच गया। मायके आने की बात को लेकर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और विवाद बढ़ने पर मारपीट करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही।

पिता ने बेटे से की मारपीट जान से मारने की दी धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। पारिवारिक विवाद के चलते पिता द्वारा अपने ही बेटे के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलसोंडा निवासी दुर्गेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से अपने माता-पिता से अलग रहकर पत्नी और बच्चे के साथ रह रहा है। 10 अप्रैल की सुबह उसकी पत्नी ने बेटे को स्कूल के लिए देर होने पर डांट दिया था।

इसी बात से नाराज होकर उसके पिता सालिकराम साहू दोपहर करीब 3:30 बजे शराब के नशे में घर पहुंचे। नाती को डांटने की बात को लेकर उन्होंने गुस्से में आकर गाली- गलौज शुरू कर दी और अपने बेटे के साथ मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 और 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

बजट में नयापारा समेत तीन वार्डों को विकास की बड़ी सौगात

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका के वर्ष 2026-27 के बजट में शहर के वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 के लिए विकास की बड़ी सौगात दी गई है। वार्ड क्रमांक 4 नयापारा के पार्षद राहुल आवड़े ने इस पहल के लिए नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। पार्षद राहुल आवड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि सोरिद रोड से तुमगांव रोड तक बड़ी नाली निर्माण के लिए 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 4 एवं 8 स्थित नयापारा अंबेडकर स्कूल में पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए 20 लाख रुपए बजट में शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बड़ी नाली के निर्माण से तीनों वार्डों से निकलने वाले गंदे पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित होगी, जिससे लंबे समय से बनी जलभराव और नाली जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, स्कूल परिसर में पेवर ब्लॉक लगाए जाने से बच्चों को कीचड़ और गंदगी से निजात मिलेगी, जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार होगा।

फेंसिंग पोल के नाम पर हजारों पेड़ों की बलि

वन कर्मियों का मिलीभगत

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला जंगल प्रशासन अपने लापरवाही अकर्मण्यता के चलते कोपेकसा,धमना,बरबाहरा, परसुली जंगलों में सरई प्रजाति के इमारती वृक्षों की अंधाधुंध अवैध कटाई कर अतिक्रमण, ईट भट्ठा एवं अतिक्रमण कर वन भूमि पर कब्जा कर बहुमुल्य कीमती सरई बीजा साजा पेड़ों को काट कर घेरा करने के लिए हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा रहे हैं । वनांचल क्षेत्र में लगभग आठ दस ट्रक लठ्ठो से पेंन्सिंग पोल बनाया गया है। हजारों लठ्ठा का

अवैध कटाई और ढुलाई आखिर वन अमले की नज़र में कैसे नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन खेत बाड़ी घेरा करने के लिए जंगल से लकड़ी लाने के ऐवज में जंगल चपरासी, दफेदार, चौकीदार पैसा मुर्गी , सब्जी ले जाते हैं उसके बदले में निस्तार के लिए लकड़ियां काट कर लें आते हैं ईठ पकाने , घर बनाने , जैसे कामों के लिए जंगल क्षेत्र के गांवों में लेन देन की परम्परा पीढ़ियों से चला आ रहा है। परसुली वन परिक्षेत्र कार्यालय से दो सौ मीटर में भी हजारों रुपए कीमती सरई लठ्ठा को फेंसिंग पोल के रूप में उपयोग किया गया है, वन विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे है ।

> सामान्य बात है, इतने बड़े जंगल में कटाई चोरी तो होगी ही।
>
> **शिवप्रसाद ध्रुव,** वन परिक्षेत्र अधिकारी

मुक्तिधाम का बदलेगा स्वरूप, सौंदर्यीकरण और नवीन शेड निर्माण कार्य तेजी से जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में अब जल्द ही आने वाले नागरिकों को एक व्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिल सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के विशेष प्रयासों से यहां सौंदर्यीकरण, गार्डनिंग और शवदाह के लिए नवीन शेड निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। रविवार को नपाध्यक्ष श्री साहू ने मुक्तिधाम पहुंचकर चल रहे कार्यों का

निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में आने वाले लोगों को बेहतर और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुक्तिधाम का विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए शेड के निर्माण से विशेष रूप से बारिश के दिनों में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

शासन की योजनाओं को पलीता लगा रहा खाद्य विभाग

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला प्रशासन द्वारा प्रति सप्ताह समस्त विभागों की बैठक में विभागीय समीक्षा किया जाता है और दिशा निर्देश जारी कर अखबारों में खबर प्रकाशित करवाया जाता है शासकीय योजनाओं का लाभ से कोई भी व्यक्ति वंचित नही होना चाहिए, शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना चाहिए उपरोक्त शासकीय घुड़की सिर्फ अखबारों तक रहता है बाकी मैदान में आधा तेरा आधा मेरा जनता को लाभ मिले या न मिले चेब गरम सबका होना चाहिए,

छुरा ब्लाक के दर्जनों राशन दुकान में चांवल शक्कर, केरोसिन में हेराफेरी का केश विभागीय अधिकारियों के पास पेंडिंग पर सालों से पेशी उपर पेशी चल रहा है कोई निर्णय नहीं होता फुड अधिकारी का एक ही जवाब होता है वसूली की कार्यवाही की जायेगी । मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है आखिर प्रकरणों को पुलिस को दिया जाता तो घोटाले का गोरखधंधा पर लगाम लग सकता लेकिन खाद्य अधिकारी के हाथ खाली रह जायेगा इसलिए राशन घोटाला को पुलिस थाने तक नहीं पहुंच रहा है, छुरा ब्लाक के उचित मूल्य राशन दुकान कुडेरादादर में वर्ष 2021 में मुफ्त में मिलने वाला अमृत नमक उपभोक्ताओं को वितरित नहीं किया गया लेकिन विभागीय रजिस्टर राशनकार्ड में वितरण दर्ज किया गया। घपलेबाजी का खुलासा राशन दुकान को मरम्मत के लिए दस अप्रैल 2026 को खाली किया गया तो वर्ष 2021 का अमृत नमक से भरा हुआ बोरा सड़कों के किनारे एवं राशन दुकान के बरामदे में लावारिश हालत में पड़ा हुआ था।

> दुकान को मरम्मत के लिए खाली किया गया है। बाहर में नमक की बोरी देखे हैं, लेकिन हम लोगों ने गंभीरता से नहीं लिया।
>
> **पंकज यदु, हरिश्चंद्र साहू,** सुपरवाइजर

महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

बागबाहरा/नवप्रदेश। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर एफसीआई चौक बागबाहरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर 200वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर के आह्वान पर किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए और महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने फुले जी के विचारों-सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार और समानता- पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि फुले जी ने समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया, जिसके कारण वे आज भी जन-जन के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

राजनीतिः गांव चलो-घर चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने हितग्राहियों से किए मुलाकात

भाजपा उपाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क, लोगों की समस्याएं सुनी, स्वच्छता पर दिया जोर

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, घर चलो अभियान÷ के अंतर्गत आज नगर पंचायत आमदी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने सघन जनसंपर्क किया। सर्वप्रथम रंजना साहू ने उन्होंने अटल परिसर में श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किये। इस दौरान उन्होंने गांव चलो घर चलों अभियान के तहत् हितग्राहियों से मुलाकात किए एवं विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आमजन, हितग्राहियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं

की जानकारी दी और साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात किए। इसके साथ साथ नगर की समस्याओं और सुझावों को सुना। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती साहू ने स्वच्छता अभियान में स्वयं भाग लेकर साफ-सफाई की गतिविधियों में हिस्सा लिया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। अपने उद्बोधन में श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि गांव चलो, घर चलो अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज से जुड़ने और जनता की समस्याओं को समझने का सशक्त माध्यम है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब तक हम स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए कार्यकर्ता लगातार मैदान में सक्रिय हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराने में सहयोग करें। नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने अपने संबोधन में कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर पंचायत लगातार स्वच्छता को लेकर विभिन्न अभियान चला रही है, लेकिन जनभागीदारी के बिना यह कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने श्रीमती रंजना साहू के नेतृत्व और मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास और जनसेवा के कार्यों को और गति मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष कोमल यादव, पार्षद उमानंद कुंभकार, जीतेन्द्र पटेल, मण्डल महामंत्री अनिल तिवारी, ललित मानिक उपाध्यक्ष आमदी मंडल, भाजपा वरिष्ठ असरु साहू, नीलकंठ साहू, जागेश्वर साहू, बेनीराम साहू, बसंत साहू, बिसु राम पटेल, बंसी साहू, सुरेश साहू, भूषण साहू, जागेश्वर नेताम, सरिता साहू, सुनीता साहू, अंजली साहू, मुकेश पटेल, प्रशांत पटेल, कमल, सुरेंद्र पटेल, त्रिभुवन मटियारा, नारायण मटियारा, भूषण साहू, नोहर ढीमर, तुमेन्द्र ढीमर, आनद साहू, दीनदयाल साहू, गैंद साहू, विष्णु साहू, महेंद्र कोसरिया, अजय साहू, भारती साहू, देवेंद्र पटेल, संतोषी साहू, सोहन साहू, सोनउ साहू, रानी साहू, श्रवन साहू सहित बड़ी संख्या में पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नियमों की अवहेलना, रतनपुर के संरक्षित गज किला में जेसीबी से खुदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर के प्रसिद्ध गज किला, जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है, वहां रविवार को जेसीबी मशीन से खुदाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना न केवल हैरान करने वाली है, बल्कि प्राचीन धरोहरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े करती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, किला परिसर के भीतर भारी मशीनों से खुदाई का कार्य खुलेआम किया जा रहा था, जबकि इस संबंध में कोई स्पष्ट सूचना या अनुमति का विवरण प्रदर्शित नहीं किया गया था। स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार, यह स्मारक 'प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल व अवशेष अधिनियम 1958 (संशोधित 2010)' के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित क्षेत्र है। नियमों के तहत स्मारक के 100 मीटर के दायरे को पूर्णत: प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां किसी भी प्रकार का निर्माण, खुदाई या परिवर्तन कार्य पूर्णत: वर्जित है। इसके अतिरिक्त 200 मीटर तक का क्षेत्र विनियमित क्षेत्र माना जाता है, जहां किसी भी कार्य के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद गज किला के भीतर जेसीबी से खुदाई किए जाने की घटना ने लोगों को चौंका दिया।

ठेकेदार की मनमानी पर उठे सवाल

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि किला परिसर के अंदर गतिविधियां देखी गईं, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन प्रतीत होती हैं। स्थानीय नागरिकों ने मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन ठेकेदार या संबंधित पक्ष द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, किला परिसर में किसी संभावित निर्माण कार्य की तैयारी की जा रही है, लेकिन यह निर्माण किस उद्देश्य से किया जा रहा है और क्या इसके लिए एएसआई या अन्य सक्षम प्राधिकरण से अनुमति ली गई है, इस पर पूरी तरह से पर्दा बना हुआ है।

बिना अनुमति तोड़ना न केवल अवैध बल्कि दंडनीय अपराध

नियमों के अनुसार बिना अनुमति इस प्रकार की गतिविधियां न केवल अवैध हैं, बल्कि दंडनीय अपराध भी हैं, जिसके तहत दो वर्ष तक का कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों हो सकते हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि यदि संरक्षित स्मारकों के साथ इस तरह की लापरवाही बरती जाएगी, तो ऐतिहासिक धरोहरों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से तत्काल हस्तक्षेप कर मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह पूरा मामला न केवल ठेकेदार की संभावित मनमानी को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि संरक्षित स्थलों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर चूक हो रही है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकेगी।

न्यूज गैलरी

रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन में अरविंद हुए शामिल

सीपत/नवप्रदेश। नई दिल्ली में आयोजित रन फॉर अंबेडकर - रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन मैराथन में देशभर से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी विभाग राजेंद्र पाल गौतम की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक अरविंद लहरिया मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के साथ सक्रिय रूप से शामिल हुए। उनके साथ मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अरविंद लहरिया ने जोरदार संदेश देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों, सम्मान और समान अवसर की गारंटी है। आज का युवा जब संविधान के लिए दौड़ता है, तो वह देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करता है। हम सभी का कर्तव्य है कि संविधान की रक्षा करें और उसके मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। मैराथन के दौरान 'जय भीम, जय भारत' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। आयोजन ने युवाओं में सामाजिक समरसता, अधिकारों की जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

बेलतरा बना अवैध खनन की राजधानी: अंकित

सीपत/नवप्रदेश। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद बेलतरा विधानसभा क्षेत्र लगातार अवैध खनन को लेकर पूरे प्रदेश में सुर्खियों बटोर रहा है। क्षेत्र में रेत,मुरुम और मिट्टी माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत हो चुका है कि दिनदहाड़े खुलेआम अवैध उत्खनन किया जा रहा है,लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। इस विषय में प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंदरी, लोफंदी, कछार, बैमा, पेंडरवा, मोपका, कोनी, सरवन देवरी क्षेत्र सहित कई घाटों पर भारी मशीनों और ट्रैक्टरों के जरिए नियमों को ताक पर रखकर खनन जारी है। हालात इतने गंभीर हैं कि कभी अवैध उत्खनन के दौरान घाट पर ही ट्रैक्टर चालक की मौत हो जाती है, तो कभी प्रशासनिक अधिकारियों को घेरने जैसी घटनाएं सामने आती हैं,। वहीं, तेज रफ्तार से दौड़ते खनन वाहनों के कारण ग्रामीण लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

पॉक्सो के आरोपी को 20 साल की सजा से मिली मुक्ति

सहमति से साथ गई नाबालिग तो नहीं बनता अपहरण का मामला: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। पॉक्सो एक्ट और अपहरण के मामले में दोषी ठहराए गए युवक को हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है। मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया। कबीरधाम निवासी दीपक वैष्णव पर आरोप था, कि उसने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। ट्रायल कोर्ट (पॉक्सो कोर्ट, मुंगेली) ने आरोपी को आईपीसी की धारा 363, 366 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी ठहराते हुए 20 साल तक की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने पूरे मामले की गहन समीक्षा के बाद पाया कि, पीड़िता और आरोपी के बीच पहले से मोबाइल पर बातचीत होती थी। पीड़िता ने खुद स्वीकार किया कि वह आरोपी के साथ अपनी इच्छा से गई थी। दोनों ने कई शहरों (मुंगेली, रायपुर, हैदराबाद, विजयवाड़ा, अग्रपाली) की यात्रा साथ की। लगभग एक महीने तक दोनों साथ रहे और इस दौरान पीड़िता ने कहीं भी विरोध या शिकायत नहीं की। कोर्ट ने कहा कि यह परिस्थिति जबरदस्ती या प्रलोभन को साबित नहीं करती। मेडिकल जांच में शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं मिली। एफएसएल रिपोर्ट भी नेगेटिव रही।

प्रलोभन या दबाव साबित नहीं होता

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यदि लड़की खुद अपनी इच्छा से आरोपी के साथ जाती है और आरोपी द्वारा कोई प्रलोभन या दबाव साबित नहीं होता, तो इसे किडनैपिंग नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ साथ जाना अपराध नहीं है, जब तक यह साबित न हो कि आरोपी ने लड़की को गलत उद्देश्य से बहकाया या मजबूर किया। हालांकि पीड़िता नाबालिग थी (करीब 15 साल 10 माह), लेकिन कोर्ट ने कहा कि, परिस्थितियों और सबूतों के आधार पर अभियोजन यह साबित नहीं कर पाया कि यह जबरन या शोषण का मामला था। पीड़िता के बयान और व्यवहार से स्वेच्छा स्पष्ट होती है। ऐसे में संदेह का लाभ आरोपी को दिया जाना चाहिए।

हाई कोर्ट के रजिस्ट्री कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

बिलासपुर हाई कोर्ट रजिस्ट्री में कार्यरत 25 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। हाई कोर्ट ने एक आदेश जारी कर पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों की सूची जारी की है। पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों में स्टाफ कार चालक रिकॉर्ड आपूर्तिकर्ता, रिकॉर्ड आपूर्तिकर्ता,चपरासी व स्टाफ कार चालकों के नाम हैं। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है, छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट रजिस्ट्री के श्रेणी-IV कर्मचारियों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 में कनिष्ठ न्यायिक सहायक के पद पर, इस उच्च न्यायालय के कर्मचारियों और अन्य श्रेणी-IV कर्मचारियों के सापेक्ष 1:3 के अनुपात में, कार्यवाहक क्षमता में दो वर्ष की अवधि के लिए पदोन्नत किया जाता है, जिस तिथि से वे उक्त पद पर अपने कर्तव्यों का कार्यभार ग्रहण करते हैं। हाई कोर्ट द्वारा जारी आदेश में किरण कुमार, सुनील कुमार मिश्रा, लक्ष्मण यादव, चंद्र शेखर पांडेय, ईश्वर चंद्र यादव, राज कुमार, प्रवीण कुमार श्रीवास, कविता पटेल, संजय कुमार, बबली श्रीवास, अमित कुमार, सनत कुमार वस्त्रकार, ज्ञान सागर साहू, प्रवीण कुमार, अन्नपूर्णा ध्रुव, मनोज कुमार साहू, संजीव कुमार सिंह, कन्हैया लाल, हीरामुनि केरकेट्टा, दुर्गेश कुमार साहू, सीमा वर्मा, चमन गल्ले, सत्यमणि कुशवाह को पदोन्नति दी गई है।

खनिजों के अवैध परिवहन पर 2 हाईवा और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर में खारंग नदी क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के कड़े तेवर देखकर खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर 2 हाइवा और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत कुल 8 वाहनों को जब्त किया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के कड़े रूख के कारण उप संचालक खनिज किशोर गोलघाटे के नेतृत्व जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चकरभाठा, रहंगी-बिल्हा, दगोरी, उमरिया, उड़गन, उड़नताल, खपरी, कोहरौदा, बर्तोरी, सेलर, पिपरा और खैरा क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान उड़नताल क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। वहीं उमरिया क्षेत्र में ईंट-मिट्टी का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। खैरा क्षेत्र से मुरुम का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया, जबकि अशोक नगर क्षेत्र में गिट्टी का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को भी कब्जे में लिया गया। इसके अलावा पिपरा क्षेत्र में रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गईं। इस प्रकार कुल 8 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पुलिस थाना बिल्हा एवं कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता को प्राथमिकता में रखें, सर्वेक्षण की तैयारी में जुटें: निगम कमिश्नर

बिलासपुर/नवप्रदेश। साफ-सफाई और उससे जुड़े हर काम को प्राथमिकता के साथ करते हुए समय सीमा के भीतर पूरा करें,स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निर्देश नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने आज दृष्टी सभाकक्ष में बैठक लेकर निगम अधिकारियों को दिए।

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने आज विकास भवन में बैठक लेकर निगम के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा की सर्वेक्षण के तहत सभी कार्य मिशन मोड पर करें,इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जोन कमिश्नरों को अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग और नाली सफाई कार्य का सतत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। सड़कों पर रखें मलबे को हटाने और कार्रवाई करने को भी कहा। निदान के माध्यम से आ रहे प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके अलावा सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों में सफाई और सुविधा सुनिश्चित की जाए। निगम कमिश्नर ने कहा कि खाली प्लाट या खुलें स्थान पर कचरा जमा होने पर संबंधित क्षेत्र के सेनेटरी इंस्पेक्टर जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा नदी तटों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। निगम कमिश्नर ने अधोसंरचना और 15वें वित्त के तहत जारी विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों के लेट होने पर इंजीनियरों को फटकार लगाया। दोनों मद से शहर के विभिन्न स्थानों में सीसी सड़क,नाली,उद्यानों का विकास और स्ट्रीट लाइट जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

आनलाइन भुगतान करने प्रेरित करें

निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने 30 अप्रैल तक शेष बकायादारों से वसूलने के निर्देश देते हुए कहा कि,शासन ने 30 अप्रैल तक नागरिकों को संपत्तिकर भुगतान के लिए अवसर प्रदान किया है,इसलिए बकायादारों को भुगतान के लिए प्रेरित करें।

रेलवे में एचपीवी टीकाकरण व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को मंडल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा रेलवे स्वास्थ्य इकाई, कोरबा में 9 से 15 वर्ष से कम आयु की किशोर कन्याओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, एचपीवी टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर आयोजन का उद्देश्य महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान कुल 31 बालिकाओं को एचपीवी का टीकाकरण किया गया, जो सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर में कुल 63 रेलवे हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर हेल्थ टॉक आयोजित की गई, जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता, संतुलित पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधियों तथा डिजिटल एक्सपोज़र के प्रभावों पर विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य जांचें भी की गईं, जिनमें हीमोग्लोबिन जांच, सिकल सेल परीक्षण, लीवर फंक्शन टेस्ट सहित अन्य आवश्यक परीक्षण शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शेख सिराजुद्दीन, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शांति पूर्ति, डॉ. नीतू एस कुमार (एडीएमओ/कोरबा) एवं डॉ. अजीत ठोकल (शिशु रोग विशेषज्ञ/एनकेएच कोरबा) ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर स्वास्थ्य परामर्श दिए।

एनटीपीसी में रक्तदान शिविर

एनटीपीसी सीपत में 11 अप्रैल को एनटीपीसी चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में एनटीपीसी सीपत के अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी एसोसिएशन, एनटीपीसी सीपत हॉस्पिटल एवं बिलासा ब्लड सेंटर, बिलासपुर के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल एवं शिखा मंडल, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति द्वारा किया गया। 'रक्तदान, जीवनदान' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सीपत के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 76 लोगों ने रक्तदान कर इस सामाजिक कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सुरोजित सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), विकास खरे, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), अनुराग गौतम, अपर महाप्रबंधक (अनुरक्षण), जयप्रकाश सत्यकाम उपस्थित थे।

कार्रवाई: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल-जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

ट्रेनों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गैंग के 4 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत यात्री सामान चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत रेसुब नागपुर एवं शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) इतवारी की संयुक्त कार्यवाही में अंतर्राज्यीय गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 मार्च को गाड़ी संख्या 55189 इतवारी-छिंदवाड़ा पैसेंजर में एक यात्री के बैग से सोने-चांदी के आभूषण, जिनकी कुल कीमत 2,44,700/- थी, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में जीआरपी थाना ईतवारी में अपराध क्रमांक 16/2026, धारा 305(सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी प्रकार, 16 फरवरी को गाड़ी संख्या 58206 ईतवारी-रायपुर पैसेंजर में भी एक यात्री के 2,20,853/- मूल्य के आभूषण चोरी होने पर जीआरपी ईतवारी में अपराध क्रमांक 06/2026, धारा 305(सी) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीप चंद्र आर्य के निर्देशन में रेसुब नागपुर की टास्क टीम एवं डिकॉय टीमों का गठन किया गया। साथ ही अपराध गुप्तचर शाखा द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त निगरानी कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। 11 अप्रैल को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर रेसुब टास्क टीम एवं जीआरपी ईतवारी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 58206 में तीन संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं पीड़ितों की पहचान के आधार पर उनकी संलिप्तता की पुष्टि हुई।

ऊपरी बर्थ पर रखे बैग व सूटकेस को बनाने थे निशाना

यह गिरोह मुख्यत: पैसेंजर ट्रेनों में ऊपरी बर्थ पर रखे बैग एवं सूटकेस को निशाना बनाता है। आरोपी अखबार फैलाकर या बैग की आड़ में चेन खोलकर अंदर रखे कीमती सामान चोरी कर लेते हैं और पुन: चेन बंद कर देते हैं, जिससे यात्रियों को तत्काल चोरी का आभास नहीं होता। गिरोह का संचालक बिहार के खगड़िया क्षेत्र का निवासी है, जो छत्तीसगढ़ के भिलाई में रहकर गिरोह संचालित करता है तथा बेरोजगार युवकों को लालच देकर इस अपराध में शामिल करता है। इस कार्रवाई में रेसुब/अपराध गुप्तचर शाखा नागपुर, मंडल टास्क टीम के सहायक उप निरीक्षक जे.के. सिंह, प्रधान आरक्षक रामफल कुरैती, आरक्षक राजू पेशने एवं पंकज भंडारकर तथा जीआरपी ईतवारी की थाना प्रभारी नीलम डोंगरे का विशेष योगदान रहा। रेसुब नागपुर मंडल एवं जीआरपी इतवारी के उत्कृष्ट समन्वय से न केवल इन मामलों का खुलासा हुआ है, बल्कि रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया गया है। रेसुब नागपुर मंडल सभी यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, ट्रेन स्टाफ, टीटीई अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर दें, ताकि अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जा सके।

भारतीय रेलवे सुरक्षा बढ़ाने करेगा कम्पोजिट स्लीपर का इस्तेमाल, एआई से होगी ट्रैक की मॉनिटरिंग

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए कई कदमों की घोषणा की है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें पुलों के पास और प्वाइंट्स व क्रॉसिंग पर कंपोजिट स्लीपर के उपयोग जैसे उपाय शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने यह भी बताया कि ट्रैक की निगरानी के लिए एआई आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके तहत निरीक्षण वाहनों में खास एआई डिवाइस लगाए जाएंगे। मौजूदा भारी लोहे और कंक्रीट के स्लीपरों की तुलना में नए कंपोजिट स्लीपर हल्के होंगे, ज्यादा भार सहने की क्षमता रखते हैं और बेहतर कुशनिंग देंगे। ये स्लीपर बिछाने और मरम्मत करने में भी आसान हैं। इन स्लीपरों को जगह की जरूरत के अनुसार डिजाइन और लगाया जा सकता है, जिससे खासकर पुलों और प्वाइंट्स व क्रॉसिंग से गुजरते समय यात्रियों को ज्यादा आराम मिलेगा। कंक्रीट और लोहे की तुलना में ये

कंपोजिट स्लीपर ज्यादा टिकाऊ होते हैं और मिश्रित सामग्री से बने होते हैं, जो प्रति वर्ग सेंटीमीटर 700 किलोग्राम तक का भार सह सकते हैं। इससे रेलवे के रखरखाव खर्च में भी कमी आने की उम्मीद है।

ट्रैक की स्थिति का आकलन करने के लिए निरीक्षण वाहनों में ग्राउंड पेनिट्रेशन रडार लगाए जाएंगे, जो एआई की मदद से ट्रैक की निगरानी करेंगे। इसके अलावा, वेल्डिंग की गुणवत्ता सुधारने के लिए मैग्नेटिक पार्टिकल टेस्टिंग तकनीक अपनाई जाएगी, जिससे छोटे-छोटे दोषों का भी पता लगाया जा सकेगा।मंत्रालय के अनुसार, ये फैसले यात्रियों की सुरक्षा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुरक्षित व आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदम हैं।साथ ही, इंडियन रेलवे सस्ती यात्रा को प्राथमिकता देते हुए नॉन-एसी जनरल और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ा रहा है। यात्रियों को किराए में औसतन 45 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, ताकि सफर सस्ता बना रहे।रेलवे हर साल लगभग 60,000 करोड़ रुपए की यात्री सब्सिडी देता है, जबकि मुंबई जैसे उपनगरीय क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है।

न्यूज गैलरी

आईपीएल में बीसीसीआई लाने वाला है सख्त नियम, मैदान पर सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही जाने की होगी इजाजत

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन पूरे जोर-शोर से चल रहा है. अब तक, टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सभी 10 टीमों ने कम से कम 2-2 मैच खेल चुके हैं, जिससे कुल मैचों की संख्या 14 हो गई है. इनमें से, बारिश की वजह से सिर्फ एक मैच रद्द हुआ, जबकि बाकी मैचों के नतीजे स्पष्ट रहे. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड IPL के बीच में ही एक नया नियम लागू करने की योजना बना रही है. जिससे बेवजह समय की बर्बादी से बचा जा सकता है. तो आइए जानते हैं कि बीसीसीआई अब क्रिकेट में कौन से नए नियम लाने की तैयारी में है। बीसीसीआई के नए नियमों के मुताबिक, मैच के दौरान मैदान पर सिर्फ उन 16 खिलाड़ियों को जाने की इजाजत होगी जिनके नाम टीम शीट में शामिल होंगे. जिसमें प्लेइंग-11 के साथ 5 इम्पैक्ट प्लेयर के लिए दिए जाने वाले विकल्प खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं. इसका मतलब है कि कोच समेत टीम के दूसरे सदस्यों को मैच में ब्रेक के दौरान मैदान पर जाने की इजाजत नहीं होगी. फिलहाल, बीसीसीआई ने इस मामले पर कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

गूगल पे का बड़ा धमाका, अब बिना बैंक खाते के भी कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट, आ गया नया फीचर

नई दिल्ली। डिजिटल पेमेंट की दुनिया में एक बहुत बड़ी क्रांति आ गई है। अब आपको यूपीआई पेमेंट करने के लिए बैंक खाते की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिग्गज टेक कंपनी Google Pay ने UPI Circle के तहत एक बेहद ही शानदार Pocket Money फीचर लॉन्च किया है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अपने परिवार के सदस्यों, बच्चों या दोस्तों को अपने बैंक अकाउंट से लिंक करके डिजिटल पेमेंट करने की आजादी दे सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि पैसों और खर्च का पूरा कंट्रोल प्राइमरी यूजर यानी आपके हाथ में ही रहेगा। यह फीचर खासकर बच्चों और उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होने वाला है, जो अभी तक बैंकिंग सिस्टम से नहीं जुड़ पाए हैं। गूगल पे का यह नया फीचर मुख्य रूप से उन लोगों के लिए वरदान है, जिनका अपना कोई बैंक खाता नहीं है। UPI Circle के तहत एक प्राइमरी यूजर (जिसका बैंक खाता है) अपने ऐप से किसी भी सेकेंडरी यूजर को जोड़ सकता है। यह सेकेंडरी यूजर आपके घर का कोई सदस्य, दोस्त या कर्मचारी हो सकता है। लिंक होने के बाद, सेकेंडरी यूजर के पास खुद का बैंक अकाउंट न होने के बावजूद वह बड़ी आसानी से कहीं भी यूपीआई पेमेंट कर सकेगा। हालांकि, इस दौरान किया गया पेमेंट सीधे तौर पर प्राइमरी यूजर के बैंक खाते से ही कटेगा।

जीओ के सस्ते धमाकेदार प्लान, 5जी डेटा के साथ फ्री मिल रहा जीओ हॉटस्टार और गूगल जेमिनी

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने अपने करोड़ों ग्राहकों को एक बड़ा तोहफा देते हुए कई नए और बेहद आकर्षक रिचार्ज प्लान बाजार में उतारे हैं। इन नए प्लान्स में यूजर्स को अनलिमिटेड 5त्न डेटा के साथ-साथ कई महंगे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का फ्री एक्सेस दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खुशखबरी क्रिकेट और एंटरटेनमेंट के शौकीनों के लिए है, क्योंकि इन प्लान्स में JioHotstar का सब्सक्रिप्शन भी बिल्कुल मुफ्त मिल रहा है। इसके अलावा गूगल जेमिनी का प्रो प्लान भी इसमें शामिल किया गया है। अलग-अलग बजट के हिसाब से कंपनी ने जो शानदार विकल्प दिए हैं, वो कम कीमत में बंपर फायदों के चलते तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जियो का 500 रुपये वाला रिचार्ज प्लान उन लोगों के लिए एकदम परफेक्ट है, जो डेटा के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट का डोज चाहते हैं। इस प्लान में ग्राहकों को 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ रोजाना 2त्नक्च डेटा मिलता है। इसमें अनलिमिटेड कॉलिंग और रोज 100 एसएमएस की सुविधा तो है ही, लेकिन इसका असली आकर्षण इसके ओटीटी बेनिफिट्स हैं।

ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना उद्देश्य

डीजल पर निर्यात शुल्क बढ़ाया 21.5 से 55.5 रुपए प्रति लीटर

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में बड़ा इजाफा कर दिया है। डीजल पर निर्यात शुल्क 21.5 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि एटीएफ पर यह शुल्क 29.5 रुपए से बढ़ाकर 42 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल पर कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसकी एक्सपोर्ट ड्यूटी अभी भी शून्य बनी हुई है।

सरकार का यह कदम वैश्विक ऊर्जा कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य राजस्व बढ़ाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि निर्यातक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित फायदा न उठा सकें।यह निर्णय विंडफॉल टैक्स फ्रेमवर्क का हिस्सा है, जिसके तहत सरकार समय-समय पर ईंधन निर्यात पर टैक्स में बदलाव करती रहती है, ताकि रिफाइनरियों के मुनाफे और घरेलू जरूरतों के बीच संतुलन बना रहे। साथ ही, सरकार एटीएफ पर राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले वैट को कम करने के विकल्प पर भी विचार कर रही है। इस दिशा में नागर विमानन मंत्रालय अन्य विभागों और राज्य सरकारों के साथ बातचीत कर रहा है।महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे राज्यों में ऊंचे टैक्स के कारण मेट्रो एयरपोर्ट्स पर एटीएफ की कीमतें ज्यादा बनी हुई हैं। ऐसे में सरकार एयरपोर्ट से जुड़े कुछ शुल्कों में कमी लाने की संभावनाओं पर भी विचार कर रही है और इसको लेकर एयरपोर्ट ऑपरेटर्स के साथ चर्चा की योजना है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन कीमतों में तेजी आई है, जिसके चलते 26 मार्च को सरकार ने डीजल और एटीएफ पर पहले ही एक्सपोर्ट ड्यूटी लागू की थी। यह कदम घरेलू सप्लाई बढ़ाने और निर्यातकों को ज्यादा लाभ लेने से रोकने के लिए उठाया गया था, क्योंकि युद्ध की शुरुआत के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद स्थिति और बिगड़ी, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ। हालांकि बीते 8 अप्रैल को ईरान और अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनी, जिससे बाजार को कुछ राहत मिली। हालांकि इस पर अभी संशय बना हुआ है। इसके बावजूद सरकार ने घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का फैसला किया है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.063 अरब डॉलर बढ़कर 697.121 अरब डॉलर रहा

नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में 9.063 अरब डॉलर बढ़कर 697.121 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए डेटा में दी गई।

इससे पहले के हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 10.288 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई थी। इसकी वजह एफसीए की वैल्यू में गिरावट आना था।आरबीआई के डेटा के मुताबिक, 3 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटक गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 7.221 अरब डॉलर बढ़कर 120.742 अरब डॉलर हो गई है।

विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) की वैल्यू 1.784 अरब डॉलर बढ़कर 552.856 अरब डॉलर हो गई। एफसीए में डॉलर के साथ दुनिया की कई अहम मुद्राएं जैसे येन, यूरो और पाउंड होते हैं, जिनकी वैल्यू को डॉलर में दिखाया जाता है।आरबीआई के अनुसार, 3 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में एसडीआर की वैल्यू 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.707 अरब डॉलर हो गई है। वहीं, भारत की आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) में रिजर्व पॉजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 4.816 अरब डॉलर पर यथावत रही है।किसी भी देश के लिए उसका विदेशी मुद्रा भंडार काफी महत्वपूर्ण होता है, और इससे उस देश की आर्थिक स्थिति का पता लगता है। इससे अलावा, यह मुद्रा की विनिमय दर को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाता है।उदाहरण के लिए अगर किसी स्थिति में डॉलर के मुकाबले रुपए पर अधिक दबाव देखने को मिलता है और उसकी वैल्यू कम होती है तो केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर डॉलर के मुकाबले रुपए को गिरने से रोक सकता है और विनिमय दर को स्थिर रखता है।बढ़ता हुआ विदेशी मुद्रा भंडार यह भी दिखाता है कि देश में डॉलर की आवक बड़ी मात्रा में बनी हुई है और यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। साथ ही इसके बढ़ने से देश के लिए विदेशों में व्यापार करना भी आसान हो जाता है।

रिंकू सिंह का आईपीएल में निराशजनक प्रदर्शन जारी

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। ईडन गार्डन में खेले गए इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स एक समय अच्छी स्थिति में थी, लेकिन फिर जल्दी ही 3 विकेट गंवाने से टीम दबाव में आ गई। इसमें रिंकू सिंह का विकेट भी शामिल रहा। आइए इस संस्करण में रिंकू के प्रदर्शन पर एक नजर डाल लेते हैं। रिंकू 105 रन के कुल स्कोर पर तीसरा विकेट गिरने के बाद 12वें

ओवर में बल्लेबाजी करने आए थे। उनके पास अपनी पारी को संवारने और अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने के लिए पर्याप्त समय था। हालांकि, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 7 गेंदें खेलीं और 4 रन बनाए। वह तेज गेंदबाज आवेश खान की गेंद पर कमजोर शॉट खेलकर पवेलियन लौट गए। रिंकू के आउट होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 111/4 हो गया। आईपीएल 2026 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रिंकू ने 21 गेंदों में 33* रन बनाए। उन्होंने 4 चौके लगाए। रिंकू पारी को गति नहीं दे पाए और कोलकाता नाइट राइडर्स ने 220/4 का स्कोर बनाया, जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने जीत हासिल की। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 227 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिंकू 25 गेंदों में 35 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

आजम टी-20 में सबसे तेज 12,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

नईदिल्ली। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने टी-20 क्रिकेट में 12,000 रन पूरे कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने यह उपलब्धि पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जाल्मी के लिए कराची किंग्स के खिलाफ खेलते हुए अपने 351वें मैच में हासिल की।

बाबर ने सिर्फ 338 पारियों में यह मुकाम हासिल किया, जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (343 पारियां) का रिकॉर्ड तोड़ा। इस सूची में भारत के विराट कोहली (360 पारियां) तीसरे स्थान पर हैं। इस



मैच में बाबर को 12,000 रन पूरे करने के लिए सिर्फ 13 रन की जरूरत थी। उन्होंने जाल्मी की पारी के चौथे ओवर में यह उपलब्धि हासिल कर ली। बाबर ने ओपनिंग करते हुए 51 गेंदों में नाबाद 87 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत जाल्मी ने निर्धारित ओवरों में 246/3 का बड़ा स्कोर बनाया था।

इस उपलब्धि के साथ बाबर टी-20 क्रिकेट में 12,000 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा शोएब मलिक (13,571 रन) कर चुके हैं। क्रिकइन्फो के अनुसार, बाबर अब 351 मैचों (338 पारियां) में 42.21 की औसत से 12,074 रन बना चुके हैं।

कोहली ने जीता फैंस का दिल, मैच के बाद वैभव को दिया शानदार गिफ्ट

नईदिल्ली। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में शानदार बल्लेबाजी से हर किसी का दिल जीत रहे हैं. हाल ही में खेले गए आरसीबी के खिलाफ मैच में भी उन्होंने 26 गेंदों पर 78 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली. जिससे उनकी टीम राजस्थान ने 202 रनों के विशाल लक्ष्य को 18 ओवर में ही आसानी से चेज कर लिया। वैभव की इस पारी से आरसीबी के स्टार बल्लेबाजी विराट कोहली भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए. उन्होंने मैच के बाद वैभव की कैप पर ऑटोग्राफ दिया, जिसपर लिखा था, डियर वैभव, वेल डन. ये पल वैभव के लिए सबसे खास था, क्योंकि वो जिस खिलाड़ी को खेलते हुए देखकर बड़े हुए हैं और वो उसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलकर कर उससे ऑटोग्राफ ले रहे हैं। वैभव के शानदार प्रदर्शन से सिर्फ कोहली ही नहीं बल्कि देश की बड़ी बड़ी हस्तियां भी प्रभावित हुई हैं।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप: आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर-1 को दी मात

नईदिल्ली। भारतीय शटल आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है. वो टूर्नामेंट के मेंस सिंगल में फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे और 1965 के बाद यहां तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. 1965 में दिनेश खन्ना ने टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे.

शनिवार को निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में पुरुषों के सिंगल्स सेमीफाइनल में

आयुष ने वर्ल्ड नंबर - 1 और पेरिस 2024 के सिल्वर मेडलिस्ट कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर चौंका दिया. वर्ल्ड में 25वीं रैंक वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पहला सेट 10-21 से हारने के बाद लगातार दो सेट 21-19, 21-17 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली. यह मैच एक घंटा 15 मिनट तक चला। यह जीत आयुष के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि वह 2018 में एच.एस. प्रणॉय के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी बन गए हैं. इसने इस टूर्नामेंट में भारत के पोडियम पर पहुंचने के इंतजार को भी खत्म कर दिया. इससे पहले आखिरी मेडल 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स टीम ने जीता था। फाइनल तक का आयुष का सफर काफी शानदार रहा है. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ही सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने वर्ल्ड नंबर 4 जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था. यह इस इंडोनेशियाई स्टार के खिलाफ उनकी पहली जीत थी. टूर्नामेंट में इससे पहले, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 7 ली शी फेंग को सीधे गेम में हराया था और उसके बाद चीनी ताइपे के चिन यू जेन पर भी एक और मजबूत जीत हासिल की थी।

तृप्ति ने रचा इतिहास, बनी विक्टोरिया सीक्रेट से हाथ मिलाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री

फिल्म एनिमल की अपार सफलता के बाद नेशनल क्रश बनीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने वैश्विक स्तर पर एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसने पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया है। वो दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और मशहूर फैशन ब्रांड विक्टोरिया सीक्रेट की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त की गई हैं। ये न केवल उनके बढ़ते स्टारडम का प्रमाण है, बल्कि वैश्विक फैशन जगत में भारतीय सुंदरता की बदलती पहचान को भी दर्शाता है। विक्टोरिया सीक्रेट के पास दुनियाभर के लगभग हर देश की ऐसी मॉडल हैं, जो उनके लॉन्जरी ब्रांड के लिए रैंप वॉक करती हैं, लेकिन अब तक इस ब्रांड ने भारत के लिए कभी कोई ब्रांड एंबेसडर नियुक्त नहीं किया था। हालांकि, भारतीय मूल की मॉडल पहले भी विक्टोरिया सीक्रेट के लिए रैंप पर उतर चुकी हैं। ब्रिटिश-भारतीय मॉडल नीलम गिल ने 2024 और 2025 में विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में वॉक करने वाली पहली पंजाबी मॉडल बनकर इतिहास रचा था।भारत की पहली ब्रांड एंबेसडर के तौर पर तृप्ति इस कैंपेन को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। बतौर ब्रांड एंबेसडर उनका इससे जुड़ना, भारतीय बाजार में इस ब्रांड की पहुंच को एक नई और सशक्त दिशा प्रदान करेगा। विक्टोरिया सीक्रेट की स्थापना साल 1977 में

कैलिफोर्निया में हुई थी। इसकी शुरुआत एक ऐसे लॉन्जरी स्टोर के रूप में की गई थी, जहां पुरुष बिना किसी झिझक के आराम से खरीदारी कर सकें।

ये कलेक्शन ब्रांड की उस सदाबहार शैली को दर्शाता है, जिसमें तृप्ति का व्यक्तित्व इस कैंपेन में नई जान फूंक रहा है। ब्रांड के साथ अपनी इस साझेदारी पर बात करते हुए तृप्ति बोलीं, मेरे लिए आकर्षक होने का मतलब सिर्फ लुक (दिखावट) से नहीं है, बल्कि ये आत्मविश्वास के बारे में है। ये इस बारे में है कि आप खुद को कितनी सहजता से पेश करते हैं और आप सचमुच जो हैं, उसे कितनी गर्व से स्वीकार करते हैं।

तृप्ति अब एनिमल के बाद एक बार फिर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में नजर आएंगी। इसमें तृप्ति साउथ स्टार प्रभास के साथ इश्क फरमाने वाली हैं। तृप्ति फिल्म मां-बहन का भी हिस्सा हैं। ये एक कॉमेडी-ड्रामा होगी, जो साल 2026 में ही ओटीटी पर दस्तक दे सकती है। इस फिल्म में तृप्ति, माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी। इसके अलावा उन्हें हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री परवीन बाबी की बायोपिक में देखा जाएगा।

मेकअप में और खराब लगती हूं, नेहा शर्मा ने खुद पर किया मजेदार कमेंट

फिल्मी दुनिया में जहां सितारे अक्सर अपने परफेक्ट लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं कई बार वही सितारे अपने फैंस के सामने अपनी असलियत भी खुलकर रखते नजर आते हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने एक ऐसा बयान दिया, जिसने फैंस को भी हैरान कर दिया। नेहा शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मेकअप किए हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में वह अपने बालों को फ्लिप करते हुए अपने लुक को दिखा रही हैं। आमतौर पर जहां सेलेब्रिटीज अपने मेकअप लुक की तारीफ करते हैं। वहीं नेहा ने इस बार बिल्कुल अलग अंदाज अपनाया। वीडियो के साथ उन्होंने

बेहद ईमानदारी से लिखा, मुझे अपने बाल और मेकअप ठीक से करना नहीं आता। मुझे इस स्किल को सीखने की जरूरत है, ताकि मैं खुद को बेहतर तरीके से प्रजेंट कर सकूं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपने मेकअप लुक पर मजाकिया अंदाज में सवाल भी उठाया। उन्होंने लिखा, क्या मैं ही अकेली लड़की हूं जिसे लगता है कि मेकअप के साथ मैं और भी खराब दिखती हूं? नेहा शर्मा की बात करें तो उन्हें कुकिंग, म्यूजिक सुनना, किताबें पढ़ना और डांस करना बेहद पसंद है। नेहा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ट्रेनिंग ली है और इसके अलावा, उन्होंने लंदन के पाइनएप्पल डांस स्टूडियो से स्ट्रीट हिप-हॉप, सालसा, मेरेंग्यू, जाइव और जैज जैसे कई वेस्टर्न डांस फॉर्म भी सीखे हैं। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 2007 में तेलुगु फिल्म चिरुथा से करियर शुरू किया और बाद में क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यमला पगला दीवाना 2, तान्हाजी और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों में नजर आईं।

खबरों की मरम्मत

नोटशीट से मची हड़कम्प

लम्बे समय बाद राज्य का परिवहन विभाग विभागीय अफसरों की हरकतों के चलते फिर सुर्खियों में हैं। डेपुटेशन पर विभाग में पंहुचे पुलिस के अफसरों को एक्सटेंशन के लिए बार्गेनिंग फाइव स्टार होटल में हो रही है।

हालांकि बात का बतंगड़ और तिल का ताड़ बनते ही महकमें में अन्दरखाने मची हड़कम्प से फिलहाल मामलों को स्थगित रखा गया हैं। लेकिन इससे ज्यादा बड़ी दूसरी खबर है कि मंत्री के यहा ओएसडी बनकर जाने वाले एक तेज तर्राट अफसर को रोकने की कोशिशे जिस लेवल पर हो रही हैं उस लेवल को अभी तक किसी ने पार होते नही देखा। यहा तक कि सीएस के सलेक्शन के समय भी। गौरतलब है कि पिछली सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री के एसीएस रहे सुब्रत साहू को महज इसलिए चीफ सेकेटरी की दौड़ से बाहर कर दिया गया कि वे पांच साल पिछली सरकार के खास रहे। कमोबेश कुछ ऐसा ही इत्तेफाक इस अफसर के साथ भी है। क्योंकि अफसर इतना तेजतर्राट है कि पिछली सरकार में पोलिटिकल मेनेजमेन्ट का मास्टरमाइंड माना जाता था। मौजूदा सरकार में अपने टेलेन्ट का ऐसा जलवा बिखेरा कि मंत्री इस टेलेन्ट के कायल हो गए और नोटशीट चलवा दी। इससे इतनी हड़कम्प है कि इस अफसर को रोकने के लिए दिल्ली तक फीड बैक भेजा जा रहा हैं और संगठन के जो लोग पश्चिम बंगाल में चुनाव में लगे है उनको भी खबर कर दी गई है। अब देखना यह है कि जीतता कौन हैं सत्ता और संगठन का इकबाल या अफसर का टेलेन्ट।

साय, राय और गाय

सवा दो साल की सरकार के कामकाज के बारे में हर तीसरा आदमी एक,दूसरे और तीसरे से पूछ रहा है कि साय सरकार कैसी चल रही है?

जाहिर है तीनो की राय एक नही हो सकती है लेकिन 'ना काहू से दोस्ती और न काहू से बैर' की तर्ज पर तीनो की राय का एक लब्बोलुआब निकलता है कि 'गरीब की गाय विष्णु देव साय' दरअसल यह प्रतिक्रिया तब आई जब मुख्यमंत्री साय ने दो दिन पहले आदिवासी परिवारों को दो गाय देने की घोषणा की थी। रायशुमारी के झंडाबरदारों की जुगाली कहती है कि आदिवासियों को गाय मिले न मिले लेकिन 22 साल बाद आदिवासियों को 'साय' तो मिल गए मुख्यमंत्री के रूप में ।

दर्जा प्राप्त नेताओं की पीड़ा

करीब दो दर्जन से अधिक कैबीनेट और राज्य मंत्रियों के दर्जा प्राप्त प्रतिभाशाली निगम मंडल के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और संगठन के कुछ स्वनामधन्य नेताओं को अपनी सरकार की कार्यप्रणाली से भारी शिकायत है।

लेकिन अनुशासन का तकाजा यह है कि चाह कर भी कही बोल नहीं पाते। अलबत्ता आपस में अपना दुःख बांट लेते हैं। दुख का मसौदा कुछ इस प्रकार है-राज्य के बाहर से कम से कम 30 से 40 वेंडर मंत्रालय से लेकर सरकार के अन्य विभागों में लगभग 400 करोड़ के काम कर रहे हैं जिसमें सप्लाई से लेकर बहुत सारे सेगमेन्ट है। लेकिन ये वेंडर किसी भी नेता या मंत्री को भाव नहीं दे रहे है। दर्जा प्राप्त नेताओं का दुःख यह है कि इनके विभाग के बजट से जुड़ी कोई भी फाईल मंत्रालय जाती है तो वित्त विभाग का अड़ंगा आ जाता है। जिन उम्मीदों के साथ दर्जा पाया था वे उम्मीदे खत्म होती दिख रही है। इसलिए ये दर्द बाहर आ रहा है। असन्तुष्टों का तर्क यह है कि यदि यही काम हमारे मार्फत होता तो कम से 40 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता उपकृत होते, जो आने वाले चुनाव में पार्टी का झंडा उठाते।

गालीजीवी साहब से सब दुखी

जब कोई अरविंद केजरीवाल टाईप आईएएस अफसर किसी जिले का कलेक्टर बन जाता है तो उसका गुरूर गाड़ा में नहीं समाता। पूरे जिले को अपनी जागीर समझने लगता है। यहां तक कि खुद को खुदा से भी दो हाथ ऊंचा समझने का मुगालता पाल लेता है। होता डीएम है लेकिन रुतबा ऐसे दिखाता है मानो किसी प्रदेश का सीएम या देश का पीएम हो। ऐसे ही एक जिले के कलेक्टर साहब की साहबी उनके मातहतों के दिल को दुखा रही है। उक्त गालीजीवी कलेक्टर अधीनस्थ अफसरों और कर्मचारियों से अक्सर गालीगलौज करते रहते हैं। यह ठीक है कि उनकी दी गई गाली को कोई लेता नहीं है वरना सबके पास गालियों का जखीरा जमा हो जाता। बेचारे अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी गाली खाकर भी बड़े साहब के हुजूर में यस सर... यस सर... करने पर विवश होते हैं क्योंकि पापी पेट का सवाल है। नौकरी सबको करनी है लेकिन मन ही मन वे भी गालीबाज अफसर को जमकर गरियाते है। कायदे से ऐसे गालीबाज अफसरों को तो पुलिस महकमे में होना चाहिए। लगता है वे आईपीएस बनने ही गए थे लेकिन गलती से हुई मिस्टेक के कारण आईएएस बन गए। बहरहाल उनके मातहतों को ईश्वर अपमान रुपी खून का घूंट पीते रहने की शक्ति प्रदान करे। ओम् शांति।

दुख तो अपना साथी है...

छत्तीसगढ़ मंत्रालय में पदस्थ कई अफसरों का दुख भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वे मन मसोस कर जैसे जैसे वक्त गुजार रहे हैं। उनको तकलीफ इस बात की है कि कल तक उनकी पांचों उंगलियाँ घी में और सिर कढ़ाई में होता था लेकिन आज उन्हे रुखी सूखी पर गुजारा करना पड़ रहा है।

उनका प्रतिद्वंद्वी मलाई में मुंह मार रहा है और उन्हें छाछ भी नसीब नहीं हो रही है। ऐसे ही एक अफसर की दूसरे से ठन गई है। दोनों एक दूसरे की जड़ खोदने के लिए सब्बल लेकर भिड़े हुए हैं। दोनों के बीच शीत युद्ध चल रहा है। इससे दोनों का नुकसान हो रहा है। इसका दुष्परिणाम पूरा डिपार्टमेंट भुगत रहा है। दोनों ने तय कर लिया है कि न मैं खाऊंगा न किसी को खाने दूंगा। नतीजतन अधीनस्थ स्टाफके लिए भी भूखे पेट भजन करने की नौबत आ गई है। यदि यह जंग लंबी चली तो सब बर्बाद हो जाएंगे। वे चाहते हैं कि किसी तरह इन दो शक्तिशाली अफसरों के बीच चल रही वर्चस्व की लड़ाई खत्म हो ताकि सबके साथ सबका विकास हो सके जो इस जंग के कारण रुका हुआ है और सबके लिए विनाशक सिद्ध हो रहा है। कुछ लोग दोनों महारथियों के बीच सीजफायर कराने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं। एक अमेरिका बना हुआ है जो प्रतिद्वंद्वी को नेस्तनाबूत करने की कसम खाए बैठा है तो दूसरा ईरान की तरह हेकड़ी दिखा रहा है और कह रहा है कि - मै झुकेगा नहीं साला..। भले ही डूब जाएगा लेकिन सबको डूबोकर ही दम लेगा। इस महायुद्ध से दुखी अधीनस्थ स्टाफ अपने डिपार्टमेंट के डोनाल्ड ट्रंप और जूनियर खामेनेई को सद्बुद्धि देने की ईश्वर से कामना कर रहे हैं और इसके लिए हवन पूजन कराने पर भी गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं।

दुखी तो कार्यकर्ता भी हैं...

नेताओं का दुख अपनी जगह है कार्यकर्ता भी कोई कम दुखी नहीं है। वे भी बहुत प्रतिभाशाली हैं ओर अपनी प्रतिभा से अपने क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करना चाहते हैं।

जन सेवा करने को जल बिन मछली नृत्य बिन बिजली की तरह छटपटा रहे हैं?। नगरीय निकाय चुनाव निपटे डेढ़ साल हो गया है लेकिन अभी तक एल्डरमैन पदों पर नियुक्ति नही हो पाई है। बेचारे बेसब्री से एल्डरमैन बनने की बाट जोह रहे हैं। अपने आकाओं के बंगलों की परिक्रमा कर जूते चप्पल घिस रहे हैं लेकिन नतीजा शून्य बटे सन्नाटा ही निकल रहा है। अब तो कई प्रतिभाशाली कार्यकर्ताओं ने उम्मीद का दामन ही छोड़ दिया है। इनमें से अधिकांश कार्यकर्ता ऐसे हैं जिन्हें पार्षद पद के टिकट से वंचित किया गया था और पार्टी प्रत्याशी को जीताने की जिम्मेदारी दी गई थी इस वादे के साथ कि तुम्हे एल्डरमैन पद से नवाजा जाएगा। बेचारों ने पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने जमकर पसीना बहाया। तन, मन धन से पार्टी की सेवा की लेकिन एल्डरमैन पद अभी तक उनके लिए मृगमरिचिका बना हुआ है। दुखी आत्मा बनकर गाते फिर रहे हैं कि - दिल के अरमां आंसुओं में बह गए, हम वफा कर के भी तन्हा रह गए..?

रीलबाजी 1 –हाय रानी, हैलो रानी के चक्कर में लाइन अटैच

सोशल मीडिया पर रील बाजी के चक्कर में मस्तूरी थाने के कांस्टेबल ने हाय रानी हैलो रानी गाने पर पत्नी के साथ डांस किया।

केवल डांस कर लेते तो भी गनीमत थी, भाई साहब ने रील भी बना ली और सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर दिया। वीडियो वायरल हो गया। पुलिस कप्तान के पास जब वीडियो पहुंची तो साहब ने एक झटके में निपटा दिया। महकमे में लोग भी अब देवानंद का मजाक उड़ा रहे हैं। लोग मजे ले रहे हैं कि कांस्टेबल को ठुमके लगाने की जरूरत क्यों पड़ी। 60 के दशक में हिंदी फिल्मों के सदाबहार हीरो देवानंद के नाम का असर है या हाय रानी हैलो रानी जैसे गाने के बोल का असर, कह पाना मुश्किल है।

रीलबाजी 2–तलवार लहराई, वकील साहब अंदर

कोर्ट में इंसाफ दिलाने वाले वकील साहब भी रीलबाजी के चक्कर में अँदर हो गए।

दरअसल, वकील साहब ने हर-हर महादेव गाने पर खुलेआम तलवार लहराई। घर के सामने कार खड़ी कर शराब पी। पिस्टल, तलवार, फरसा लेकर आने जाने वाले लोगों को डराया। इसका वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने घर के बाहर धमाचौकड़ी मचाने वाले वकील को बड़े घर के अंदर भेज दिया। अब वकील साहब कोर्ट में जमानत की अर्जी लगा रहे हैं।

राजधानी में नल्ले ही नल्ले

सर्वे रिपोर्ट आई है कि राजधानी रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 16 लाख 68 हजार 185 गैर कार्यशील लोग रहते हैं। गैर कार्यशील लोग यानी नल्ले। ये लोग कोई काम नहीं करते।

नल्लों की संख्या के लिहाज से दूसरे नंबर पर बिलासपुर है जहां 12 लाख 3 हजार 22 और तीसरे नंबर पर दुर्ग है जहां 11 लाख 31 हजार 110 नल्ले हैं। ये आंकड़े सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं। राजधानी में राजनीतिक दलालों और नौकरशाहों के लिये कमीशनखोरी या लायजनिंग करने वालों की काफी बड़ी तादाद है। इस वर्ग के लोगों की आमदनी भी बहुत होती है, लेकिन शायद उन्हें कार्यशील लोगों की श्रेणी में शामिल नहीं किया जाता है। नल्लों की तादाद में अव्वल आने का राज भी यही माना जा रहा है।

समझ आया... छत्तीसगढ़ में गांजे की खपत क्यों बढ़ रही

प्रदेश के बजट में राजधानी में तात्यापारा शारदा चौक रोड का चौड़ीकरण करने की बजाय फ्लाईओवर बनाने के लिये सौ करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इस मामले को लेकर राजनीति गरमा रही है। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर चौड़ीकरण की मांग पर जोर दे रहे हैं। सरकार ने फ्लाईओवर बनाने की तैयारी कर ली है। बड़ा मुद्दा ये है कि अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि निर्माण कौन करेगा। निगम कमिश्नर का कहना है कि पीडब्लूडी को फ्लाईओवर बनाना है। पीडब्लूडी अफसर कह रहे हैं कि विभाग के बजट में फ्लाईओवर का निर्माण शामिल नहीं है। बजट में सौ करोड़ का प्रावधान होने के बावजूद अगर निर्माण एजेंसी तय नहीं है, इसका मतलब साफ है कि सारे विभाग मदहोश हैं। आसानी से समझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ में गांजे की खपत क्यों बढ़ रही है।

विभाग को होश आया

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विभाग ने कमाल कर दिया है। विभाग में आदिम जाति वर्ग के कल्याण के लिये दर्जनों योजनाएं हैं। भारी भरकम बजट का प्रावधान भी किया जाता है। प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाली आबादी यानी एससी एसटी वर्ग के हितों के लिये बने विभाग को मिले बजट का 32 फीसदी हिस्सा खर्च नहीं हो पाया। अफसर पता नहीं किस कुंभकर्णी नींद में सोते रहे कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद ही विभाग को होश आया कि सिर्फ 68 प्रतिशत बजट खर्च हो पाया है।

भ्रष्टाचार में एक और नवाचार!!! छोटी कर दी साड़ी की साइज

महिला बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार का नवाचार इन दिनों प्रदेश में चर्चा में है। प्रदेश की एक लाख 94 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी बांटने में गड़बड़ घोटाला कर दिया गया। विभाग ने खादी ग्रामोद्योग को साड़ी की सप्लाई करने का आदेश दिया।

टेंडर प्रक्रिया में साढ़े 5 मीटर की साड़ी सप्लाई करनी थी। लेकिन भाई लोगों ने 5 मीटर की साड़ी सप्लाई कर दी। इस वजह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी पहनने में दिक्कत हो रही है। धोने पर साड़ी सिकुड़कर और छोटी हो गई। रंग भी उतर गया। बताया जा रहा है कि 9 करोड़ 70 लाख रुपए के टेंडर में 50 परसेंट का घोटाला किया गया है। अब मामला उजागर होने पर जांच शुरू हो गई है। साड़ी का रंग उतरने के बाद अब इस मामले में जिम्मेदार अफसरों और साड़ी सप्लायरों के चेहरे का रंग भी उड़ गया है।

टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कॉलेज में चोरी की नई टेक्नॉलॉजी!!!

सीएसवीटीयू के संघटक शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर में चोरी के मामले में नवाचार देखकर अफसर भौंचक्के रह गए हैं। यहां के कम्प्यूटर लैब में कम्प्यूटर तो रखे हैं लेकिन कंप्यूटर के भीतर सारे पुर्जे गायब हैं।

यानी, लैब में कम्प्यूटर का खोखा (केबिनेट) रखा है। चोरों ने रैम, हार्ड डिस्क, मदरबोर्ड, की बोर्ड और माउस निकाल लिये हैं। इस मामले का खुलासा होने के बाद जांच शुरू हो गई है। जांच में पता चलेगा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में चोरी की नई टेक्नॉलॉजी किसने ईजाद की है। फिलहाल, तो इस घटना से कुलपति से लेकर इंजीनियरिंग पढ़ाने वाले प्रोफेसर हैरान-परेशान हैं।

'मुफ्त' अनाज में 'मुनाफा'

लाभार्थी बेच रहे, व्यापारी कमा रहे शासन पर करोड़ों का बोझ

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राज्य सरकार करीब 73 लाख जरूरतमंद लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग को बड़ी राहत मिली है। यह योजना लंबे समय तक देश में अपनी प्रभावी और पारदर्शी व्यवस्था के लिए सराही जाती रही है। गरीबों की इस महत्वपूर्ण योजना की देशभर में सराहना हुई, लेकिन बेईमानों ने इसमें भी कमाई का जरिया बना लिया। आरोप है कि कुछ लाभार्थी मिलने वाला राशन दुकानों और कुछ अनाज विक्रेताओं को बेच देते हैं, जिससे बाजार में कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के चावल से व्यापारी करोड़ों रुपये का लाभ कमा रहे हैं। वहीं धान से चावल बनाने से लेकर राशन को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने में राज्य सरकार को प्रति किलो लगभग 40 रुपये का खर्च वहन करना पड़ रहा है। इससे शासन पर हर महीने भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है और बजट पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है।

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हर महीने सरकार द्वारा बीपीएल, एपीएल एवं अन्य योजनाओं के तहत 26 लाख 34 हजार 7 सौ 35 क्विंटल चावल पीडीएस दुकानों के माध्यम से आम लोगों तक निःशुल्क पहुंचाई जा रही है। धान खरीदी से लेकर चावल पीडीएस दुकान तक पहुंचाने में सरकार को करीब 40 रुपए प्रति किलो ग्राम खर्च आ रही है। इस तरह 10 करोड़ 53 लाख 89 हजार 2 सौ रुपए सरकार अपने खजाने से आम लोगों के लिए मुफ्त अनाज देकर हर महीना खर्च कर रही है, लेकिन इस धान-चावल के खेल में आम लोगों सहित व्यापारी वर्ग लाल हो गए हैं और सरकार पर करोड़ों का बोझ है। हितग्राही भी सरकार की इस मुफ्त योजना का पूरा लाभ ले रहे हैं और चावल की आवश्यकता नहीं होने पर भी कार्डधारी बने हुए हैं। मुफ्त योजना से मिलने वाले राशन को पीडीएस दुकान में ही बिक्री कर दे रहे हैं।

घोषणा पत्र बना अवैध कमाई का जरिया

चावल वितरण कार्यक्रम भी खाद्य विभाग की मोटी कमाई का जरिया बन गया है और पीडीएस दुकान संचालकों से स्टॉक घोषणा पत्र जमा करने के नाम पर एक से दो हजार रुपए हर महीने अवैध वसूली की जा रही है। प्रदेश में संचालित पीडीएस दुकानों से हर महीना घोषणा पत्र भरवाया जाता है। छत्तीसगढ़ में इस समय करीब साढ़े 13,800 पीडीएस दुकानें संचालित हैं। दुकान संचालकों से हर महीना ऑनलाइन घोषणा पत्र लिया जाता है, जिसमें उन्हें महीने की स्टॉक की जानकारी देनी होती है। घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर आबंटन रुकने का डर होता है। ऑनलाइन घोषणा पत्र दुकान संचालक कहीं से भी जमा कर सकते हैं, लेकिन खाद्य विभाग के अधीन ऐसी व्यवस्था बना ली गई है, ताकि दुकानदारों से हर महीना वसूली कर सके। वर्ष 2015 तक रजिस्टर में ही राशन वितरण का हिसाब-किताब रखा जाता था। बाद में इसे ऑनलाइन जमा करना जरूरी कर दिया गया। यह काम दुकान संचालक कहीं से भी कर सकता है, लेकिन खाद्य निरीक्षकों के द्वारा आईडी नहीं दी जाती है। घोषणा पत्र भरने की जगह निश्चित कर दी गई है, ताकि अवैध वसूली की जा सके।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

नवप्रदेश पड़ताल

- प्रदेश के 73 लाख जरूरतमंद लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा
- 40 रुपए प्रति किलो खर्च आ रही राशन पहुंचाने में
- 10 करोड़ 53 लाख 89 हजार 2 सौ रुपए हर महीने सरकार कर रही खर्च
- हर महीने 26 लाख 34 हजार 7 सौ 35 क्विंटल चावल पीडीएस दुकानों में

पीडीएस दुकान में ही हितग्राही बेच रहे चावल

कई राशनकार्डधारी हितग्राहियों द्वारा अपात्र होने के बाद भी सरकार की चावल बांटने की योजना का लाभ लिया जा रहा है और इन हितग्राहियों के द्वारा पीडीएस दुकान में ही चावल को 20 से 22 रुपए प्रतिकिलो ग्राम के दर से बेच दिया जाता है। हितग्राही अंगूठा लगाकर अपना चावल दुकान में ही छोड़ दे रहे हैं। दुकानदार अपनी शार्टेज की भरपाई के लिए साथ ही मिलरों से सौदा कर सरकारी चावल की रिसाइकलिंग कर रहे हैं। हालांकि खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री को लेकर कई प्रकरण दर्ज भी किए गए हैं। दुकानों में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण दुकानदार आसानी से हेराफेरी कर रहे हैं।

प्रदेश के कई संपन्न परिवार भी बीपीएल कार्डधारी

प्रदेश में बीपीएल राशनकार्डों की संख्या लाखों में है। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारी के परिवारों, संपन्न और बड़े किसानों के नाम पर भी बीपीएल कार्ड है। यदि पड़ताल की जाए तो लंबी-चौड़ी सूची बन सकती है। सरकार द्वारा अत्यंत गरीब व आर्थिक रुप से कमजोर लोगों की पहचान निर्धारित करने के लिए बीपीएल कार्ड बनाया गया है। इसकी एक रूपरेखा है जिसके तहत सरकार एक निश्चित मापदंड के तहत गुजर-बसर करने वाले परिवारों को चिंहित कर उनके कल्याण के लिए योजना बनाती है। कानून में प्रावधान के अनुसार यदि कोई गलत दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड लेता है तो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 9 के तहत दंडनीय अपराध है।

खाद्य विभाग के लिए 6216 करोड़ से अधिक का बजट

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6216 करोड़ 73 लाख रुपये की अनुदान मांगें सर्वसम्मति से पारित हुई। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों और गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 73 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों को मुफ्त चावल दिया जा रहा है। इसके साथ ही नमक, चना और गुड़ जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। अनुसूचित क्षेत्रों में हर राशन कार्ड पर 2 किलो और अन्य क्षेत्रों में 1 किलो आयोडीन युक्त नमक मुफ्त वहीं 85 विकासखंडों में 5 रुपये किलो की दर से 2 किलो चना वितरित हो रहा है।

'चाउर वाले बाबा' ने किया सबके दिलों पर राज, योजनाओं ने छत्तीसगढ़ दिलाई थी खास पहचान

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में क्रांतिकारी सुधारों के कारण देशभर में प्रसिद्धी मिली और उन्हें 'चाउर वाले बाबा' (चावल वाले बाबा) के नाम से जाना जाने लगा था। डॉ. रमन सिंह की सरकार ने गरीबों को सस्ती दरों पर चावल उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना लागू की, जो 2012 के आसपास अपने चरम पर थी। इसके तहत, 35 किलो चावल बेहद रियायती दरों (शुरुआत में 1 व 2 प्रति किलो की दर से) पर बांटा गया था। इस योजना के कारण रमन सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों में भारी लोकप्रियता मिली और उन्हें 'चाउर वाले बाबा' का नया नाम मिला। डॉ. रमन सिंह की सरकार ने 2012 में छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम लागू किया, जिससे छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य बना। छत्तीसगढ़ में चावल के अलावा, इस योजना के तहत गरीबों को रियायती दरों पर सेंधा नमक (आयोडीन युक्त) और चना भी वितरित किया जाता था। यह योजना उनके 15 साल के कार्यकाल के दौरान राज्य में गरीबी कम करने और भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीन जीतों में एक महत्वपूर्ण कारक मानी जाती है।

प्रदेश में हर महीने राशन दुकानों में बंट रहा चावल (मात्रा क्विंटल में)

जिले का नाम	प्राथमिकता	अंयोदय	कुल चावल
बस्तर	46530.66	16092.65	73210.12
बीजापुर	14562.53	8983.8	30532.43
दतेवाड़ा	14324.41	9707.25	30594.61
कांकेर	46003.66	12545.4	68542.54
कडागांव	37067.43	11718.35	54230.58
नारायणपुर	5217.03	5476.1	14175.73
सुकमा	12794.07	10113.25	27848.37
बलासपुर	122094.94	34245.75	176635.24
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	22672.69	9697.45	35550.24
जांजगीर-चांपा	82999.18	17359.3	109652.24
कोरबा	81428.06	19578.65	113954.56
मुंगेल	58482.88	19783.05	83133.13
रायगढ़	67814.91	22894.9	105253.26
बालोद	59867.54	11003.65	80432.74
बेमेतरा	71151.44	16367.75	93322.24
दुर्ग	95694.08	26161.8	152436.98
कवर्धा	63432.71	22379.7	92930.51
राजनांदगांव	61668.68	12997.6	85470.96
बलौदाबाजार-भाटापारा	97069.13	17303.65	124987.98
धमतरी	57707.51	19134.85	85593.46
गरियाबंद	45240.62	19416.25	69951.92
महासमुंद	78949.26	16522.45	109051.11
रायपुर	140937.76	23989.35	196793.31
बलरामपुर	51074.33	20460.65	78520.64
जशपुर	57922.66	21745.85	87941.61
कोरिया	18575.67	7360.85	29330.27
सरगुजा	56292.5	30698.15	95620.1
सूरजपुर	52351.81	20879.25	80927.61
खैरागढ़-छुईखदान-गडंई	30251.9	6046.6	39129.5
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौका	18620.84	5884.9	27102.24
सक्ती	54584.56	14556.85	75104.56
सारंगढ़-बिलाईगढ़	47761.61	17438.4	70619.61
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर	20751.35	10411.8	36151.32
कुल	**1791901**	**538957**	**2634733**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com